सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-138 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023
10 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



### सीएम योगी ने गोरखपुर में किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को बांटे टैबलेट

# आज देश को स्मार्ट क्लास की है जरूरत: योगी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी राष्ट्र को

- संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त व समर्थ होगा राष्ट्र
- देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं शिक्षक

सशक्त बनना है तो उसे समर्थ बनना पड़ेगा। और, समर्थ बनने के लिए वहां की शिक्षा की संस्कारयुक्त बनाना पड़ेगा।

शिक्षा ही हर व्यक्ति के भीतर आत्म अनुशासन की भावना पैदा करने, राष्ट्र के मुद्दों से जुड़ाव व समपर्ण का भाव पैदा



करने का सशक्त माध्यम है। सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर मंडल (देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर व महाराजगंज जनपद) के 1086 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास एवं 64ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन) लैब्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के 14360 शिक्षकों को टैबलेट, 3780 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स तथा 1207 दिव्यांग बच्चों को 1980 सहायक उपकरणों के वितरण का भी शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर

### अच्छी शिक्षा व्यवस्था वही है जिसमें निरंतर शोध हो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षकों को बदलते परिवेश में तकनीकी तकनीक दृष्टि से भी आगे बढ़ते रहना होगा। इसमें दिया जा रहा टैबलेट काफी सहायक हो सकता है। आने वाली पीढ़ी को नया मार्ग दिखाने के लिए भी तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक है। स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की स्थापना और टैबलेट वितरण कर सरकार इसमें अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे रहने के लिए हमेशा दो कदम आगे बढ़कर सोचना और उसके अनुरूप कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस और उसके नियंत्रण का उल्लेख करने के साथ स्वच्छता को लेकर बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक करने की भी अपील की। सीएम योगी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था वही है जिसमें निरंतर शोध हो। इसी को ध्यान में रखकर प्री प्राइमरी के रूप में आंगनबाड़ी केंद्रों को भी जोड़ा जा रहा है। जब तीसरे साल से ही बच्चा इन केंद्रों पर आएगा तो पांचवें साल स्कूल जाने पर उसे दिक्कत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के अनुरूप ही व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का चरित्र होगा। सशक्त राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद शिक्षकों के परिश्रम व पुरुषार्थ पर टिकी है। शिक्षक ही तेजी से देश को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं। गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, संदीपनी, चाणक्य जैसे आदर्श गुरुजनो का उल्लेख करते हुए कहा मुख्यमंत्री ने कहा, श्रीराम, श्रीकृष्ण और चंद्रगुप्त को बनाने में इनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। शिक्षकों को इन आदर्श गुरुओं से प्रेरणा



लेनी चाहिए। एक शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि तब होती है कि जब वह अपने बच्चों को समर्थ और योग्य बनाकर उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पैदा करता है। इसके लिए सबको स्वयं मूल्यांकन भी करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने कार्यों का मूल्यांकन नहीं करता है तो इसका मतलब वह अपने साथ समाज व राष्ट्र के साथ भी धोखा कर रहा है। सीएम योगी ने विगत छह वर्षों में बेसिक शिक्षा विभाग में हुए आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विभाग नित नए अलंकरण जोड़ रहा है। कायाकल्प, स्मार्ट क्लास जैसे कार्यक्रमों के बीच हर शिक्षक को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने की जरूरत है।

### दिव्यांग बच्चों के बीच भावुक हुए सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर वितरित किया। दिव्यांग बच्चों के बीच वह काफी भावुक हो गए। इन सभी बच्चों तक खुद पहुंचकर उन्होंने उपहार दिया और आत्मीय संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने नन्हे मुन्ने बच्चों को प्यार-दुलार, आशीर्वाद देकर उनका अन्नप्राशन कराया। उन्हें उपहार में खिलौने दिए।

## हमास को आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित करे भारत

**नई दिल्ली।** इस्राइल और हमास के बीच बीते दो सप्ताह से ज्यादा समय से युद्ध जारी है। इस बीच, इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने बुधवार को कहा कि भारत हमास को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित करे, जैसा कि कई अन्य देशों ने किया है। उन्होंने हमास के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियानों में इजरायल को सौ फीसदी समर्थन देने के लिए भी भारत को धन्यवाद दिया। गिलोन ने कहा कि सात अक्तूबर को क्रूर हमले के बाद इस्राइल ने हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संबंधित भारतीय अधिकारियों से अवगत करा दिया है। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले को पहले भी उठाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आतंकी हमले की निंदा करने वाले पहले विश्व नेताओं में शामिल थे। राजदूत ने आगे कहा कि भारत दुनिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण नैतिक आवाज है।

# किसानों के लिए मोदी सरकार ने खोला खजाना

### मोदी कैबिनेट का फैसला: रियायती दरों पर किसानों को मिलती रहेगी खाद

- किसानों को सस्ती दरों पर मिलेंगे फर्टिलाइजर्स
- 4500 करोड़ की सब्सिडी के साथ लगाई वादों की झड़ी




**दीवाली से पहले बड़ा तोहफा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। सरकार की तरफ से किसानों की इनकम को बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। आर्थिक मदद से लेकर देशभर के किसानों को कई तरह की सब्सिडी का फायदा मिल रहा है।

आज पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली बैठक में केंद्रीय मंत्रीमंडल ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी की दरों को मंजूरी दे दी है। बता दें कैबिनेट बैठक में रबी सीजन 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए फॉस्फेटिक पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी की दरें तय कर दी गई हैं। प्रेस रिलीज के मुताबिक, आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इंटरनेशनल कीमतों में उछाल के बीच रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की दे दी है। सरकार के इस फैसले से किसानों को काफी फायदा मिलेगा. किसानों को सस्ती कीमतों पर उर्वरक मिल जाएंगे। इन उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने और रबी सीजन 2023-24 के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ग्लोबल लेवल पर कीमतों में बढ़ोतरी के बाद भी किसानों को डीएपी पुराने 1,350 रुपये प्रति बैग के मूल्य पर मिलता रहेगा

> प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केन्द्र सरकार की किसानों के लिए एक बड़ी योजना है। इस योजना में किसानों को सालाना 6,000 रुपये की राशि दी जाती है। यह राशि हर 4 माह में 3 किस्तों में मिलती है। हर किस्त में किसान को 2,000 रुपये की राशि दी जाती है। इस योजना में मिलने वाली राशि किसानों के अकाउंट में डायरेक्ट जमा होती है।

इसके अलावा एनपीके 1470 रुपये प्रति बैग की कीमत पर उपलब्ध होगा। पीएम किसान योजना के नियमानुसार, पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी अगस्त से नवंबर के बीच और तीसरी किस्त दिसंबर से मार्च के बीच दी जाती है, ऐसे में संभावना है कि नंवबर के पहले सप्ताह में अगली किस्त के 2000 रुपए किसानों के खाते में भेजे जा सकते है।

# पीएम मोदी को मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने का न्योता

- 22 जनवरी 2024 की तारीख तय
- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख पर लगी मुहर
- मंदिर के गर्भगृह में विराजेंगे श्रीराम



**अयोध्या।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तारीख तय हो गई है। 22 जनवरी को रामलला नये बने राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी।

महासचिव चंपत राय ने बुधवार को राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, ट्रस्ट के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति दे दी है। इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हो गई है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए अयोध्या में लगातार तैयारियां की जा रही हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब पांच लाख लोग शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी जानकारी सोशल मीडिया साइट एक्स पर देते लिए लिखा कि जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं।

# एनसीईआरटी की नई किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखा होगा

- प्रस्ताव को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) पैनल द्वारा पुस्तकों के अगले सेट को भारत के बजाय भारत के रूप में मुद्रित करने के प्रस्ताव को इसके सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है। पैनल के सदस्यों में से एक सीआई इस्साक के मुताबिक, नई एनसीईआरटी किताबों के नाम में बदलाव होगा।

इस्साक ने कहा कि यह प्रस्ताव कुछ महीने पहले रखा गया था और अब इसे स्वीकार कर लिया गया है। एनसीईआरटी की सभी पाठ्यपुस्तकों




में इंडिया का नाम बदलकर भारत करने की मीडिया रिपोर्टों पर एनसीईआरटी का कहना है कि चूंकि नए पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का विकास प्रक्रिया में है और उस उद्देश्य के लिए एनसीईआरटी द्वारा डोमेन विशेषज्ञों के विभिन्न पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों को अधिसूचित किया जा रहा है। इसलिए, संबंधित मुद्दे पर मीडिया में चल रही खबरों पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश इस बहस की पृष्ठभूमि में आई है कि क्या देश का नाम बदलकर भारत रखा जाएगा। ये इस साल की शुरुआत में तब शुरू हुआ जब केंद्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित जी20 डिनर के निमंत्रण को प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बजाय भारत के राष्ट्रपति के नाम से भेजा गया।

## पातालकोट एक्सप्रेस में आग, तीन कोच जले

**आगरा।** आगरा के पास मलपुरा में पातालकोट एक्सप्रेस में आग लगने से करीब चार घंटे ट्रैक ठप रहा। रेलवे ने ओवर हेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन को काट दिया, जिससे वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस समेत 20 ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोका गया। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। ट्रेन में आग की सूचना मिलते ही करीब साढ़े तीन बजे रेलवे ने भांडई से जाजऊ स्टेशन के बीच ओएचई लाइन काट दी। इससे वंदे भारत एक्सप्रेस 2:39 मिनट, चेन्नई राजधानी एक्सप्रेस 1:37 मिनट, मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस पौने दो घंटे, महाकौशल एक्सप्रेस 1:37 मिनट, सचखंड एक्सप्रेस चार घंटे, नई दिल्ली-हैदराबाद एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, अंडमान एक्सप्रेस दो घंटे, श्रीधाम एक्सप्रेस, जीटी एक्सप्रेस, गोवा एक्सप्रेस, पंजाब मेल, झेलम एक्सप्रेस, ताज एक्सप्रेस समेत 20 से अधिक ट्रेनें रोकनी पड़ीं।

# राजस्थान में कांग्रेस के दो चुनावी वादे

### महिलाओं को 10 हजार रुपये हर साल, 500 में सिलेंडर का किया वादा

- मोदी सरकार सिर्फ गिने चुने उद्योगपतियों के लिए चल रही
- भाजपा सरकार में जनता की कोई सुनवाई नहीं

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार के सत्ता में वापस आने पर 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। परिवार की महिला मुखिया को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की मौजूदगी में झुंझुनू के अरड़ावता में जनसभा को




संबोधित करते हुए यह घोषणा की। अशोक गहलोत ने कहा, हमारी सरकार आई तो 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा। परिवार की महिला मुखिया को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा, गृहलक्ष्मी गारंटी के रूप में परिवार की महिला मुखिया को सम्मान के रूप में किस्तों में 10,000 रुपये प्रति वर्ष मिलेंगे। राजस्थान की 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा. वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ गिने चुने उद्योगपतियों के लिए चल रही है। प्रियंका ने साफ तौर पर कहा कि मोदी जी की, भाजपा की सरकार में आप (जनता) की कोई सुनवाई नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज की सरकार (केंद्र सरकार) केवल दो व्यवसायियों को बढ़ावा दे रही है। हवाई अड्डे, बंदरगाह और सार्वजनिक उपक्रम उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। उनके पास कोई विजन, रोडमैप नहीं है।

प्रियंका गांधी ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि पीएम मोदी का लिफाफा खाली है। उन्होंने महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही थी लेकिन इसे 10 साल बाद लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण है लेकिन इसे 10 साल बाद लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे जाति जनगणना की बात नहीं कर रहे हैं।

## केजरीवाल सरकार के मंत्रालयों में बड़ा फेरबदल



- आतिशी को जल विभाग, सौरभ संभालेंगे पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के विभागों में अदला-बदली कर दी है। पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग का नेतृत्व करने वाली आतिशी अब भारद्वाज से जल मंत्रालय संभालेंगी। आतिशी की जगह भारद्वाज पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। सूत्रों ने कहा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को मंत्री सौरभ भारद्वाज के स्थान पर जल विभाग आवंटित किया गया। पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग मंत्री आतिशी की जगह भारद्वाज देखेंगे। आतिशी शिक्षा, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग संभालती रहेंगी जबकि भारद्वाज स्वास्थ्य, शहरी विकास विभाग में बने रहेंगे। इन दोनों को इस साल मार्च में दिल्ली मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था जब भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाने के बाद मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था।

**एडवाइजरी**

### चार कैटेगरी में ही मिलेगा वीजा

# कनाडा में वीजा सर्विस शुरू करेगा भारत

- वीजा सेवाओं की बहाली आज से प्रभावी होगी
- वीजा बहाल से कम होगा तनाव
- जयशंकर ने की थी मांग



**ओटावा।** भारत ने कनाडा में कुछ श्रेणियों के लिए वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने जा रहा है। यह आदेश कल यानी 26 अक्तूबर 2023 से प्रभावी होगा। जिन श्रेणियों के लिए सेवाएं बहाल की गई हैं, उनमें प्रवेश वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा और कॉन्फ्रेंस वीजा शामिल हैं।

भारतीय उच्चायोग की ओर से यह जानकारी दी गई है। इससे पहले खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। रिश्ते अब भी नाजुक मोड़ पर हैं। पहले कनाडा की तरफ से भारत जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की गई। इसके बाद भारत ने खालिस्तान समर्थकों के खतरे के मद्देनजर भारतीय नागरिकों के लिए भी एडवाइजरी जारी की थी। इस बीच 21 सितंबर को कनाडा में भारत के लिए वीजा सेवाएं मुहैया कराने वाली एजेंसी ने परिचालन कारणों से कुछ समय के लिए इस सुविधा को निलंबित कर दिया। बीएलएस इंटरनेशनल की ओर से

> कनाडा में भारतीय वीजा सेवाओं के पोर्टल पर एक नोटिस प्रकाशित किया गया था। इसमें भारतीय मिशन्स को संबोधित करते हुए कहा गया था कि परिचालन संबंधी कारणों से भारत का वीजा जारी करने की प्रक्रिया को अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। लोगों को अपडेट्स के लिए वेबसाइट पर नजर रखने के लिए कहा गया था। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।

जारी आदेश में कहा गया था कि ऑपरेशन कारणों से तत्काल प्रभाव से यानी 21 सितंबर 2023 से कनाडा में भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले रविवार को, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि अगर भारतीय राजनयिकों को वियना कन्वेंशन के अनुसार कनाडा में सुरक्षा प्रदान की जाती है, तो वह चाहेंगे कि वीजा जारी करना फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत ने कनाडा में वीजा जारी करना बंद कर दिया है क्योंकि हमारे राजनयिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए काम पर जाना अब सुरक्षित नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रन से हराया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में बुधवार को नीदरलैंड पर 309 रन से जीत दर्ज की। यह वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी टीम की रन के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 257 रन का था। ऑस्ट्रेलिया ने ही 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान को इस अंतर से हराया था। ग्लेन मैक्सवेल (44 गेंद पर 106 रन) वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक जमाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 40 गेंदों पर शतक जमाया। उनके अलावा डेविड वॉर्नर (93 गेंद पर 104 रन) ने भी सेंचुरी जमाई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 399 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20.5 ओवर में 90 रन के स्कोर पर सिमट गई। पावरप्ले में दबाव बनाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मिडिल ओवर में कमाल की गेंदबाजी की। डच टीम ने बीच के 11 ओवर में 42 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए।

# रावण के पुतले में आग लगते ही जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा पूरा मैदान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शहर की ऐतिहासिक रामलीला में मंगलवार को मेला मैदान में हजारों लोग पहुंच गए। रामलीला का मंचन शुरू होते ही सबसे पहले भगवान श्रीराम की सेना और और कुंभकरण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध के दौरान ही बीच में आए मेघनाद ने भी जमकर युद्ध किया। देर रात भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। रावण का वध होते ही मेला मैदान में खड़े किए गए रावण के विशाल पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। रावण के पुतले में आग लगते ही पूरा मैदान जयश्रीराम के नारे से गूंज उठा। रावण दहन देखने के लिए हजारों की भीड़ मेला मैदान में जुटी। सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स देर रात तक मुस्तैद रहा।मंगलवार की दोपहर से ही शहर के मेला मैदान में लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। शाम करीब चार बजे से मंचन शुरू हुआ। मंचन में दिखाया कि राम व रावण की सेना के बीच युद्ध चल रहा है। कुंभकरण को जगाया गया। कुंभकरण मैदान में पहुंचे और भगवान श्रीराम की सेना पर टूट पड़ा। इस बीच मेघनाद भी युद्ध भूमि में पहुंच गया। घंटों तक युद्ध चलता रहा। दर्शक तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाते रहे। भगवान राम, लक्ष्मण व उनकी सेना ने मिलकर कुंभकरण, मेघनाद का वध कर दिया। इसके बाद युद्ध भूमि में लंकापति रावण पहुंचा। भगवान श्रीराम व रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। भगवान राम जैसे ही तीर चलाकर रावण का सिर काट देते कि नया सिर उग आता। इस बीच पहुंचे विभीषण ने बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। भगवान राम ने बाद में ऐसे तीर छोड़े कि रावण धराशाई हो गया। रावण के गिरते ही पूरा मैदान जयश्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस बीच मेला मैदान में खड़े किए गए रावण के पुतले को भी आग के हवाले कर दिया गया। अच्छाई पर बुराई का प्रतीक रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। देर रात तक मेला मैदान में जयकारे गूंजते रहे। रावण दहन देखने के लिए शहर सहित आसपास गांवों के भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसको देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में चाक चौबंद रही।

## सांड़ो के आपसी संघर्ष में कई दुकानदारों का काफी नुकसान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कस्बे में सांड़ो के आपसी संघर्ष में कई दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ है। कस्बे के चौराहे पर घूम रहे छुट्टा गौवंशो में तीन सांड आपस में भिड़ गए। संघर्ष इतना भीषण हो गया कि वह पहले एक मिठाई की दुकान में जा घुसे, जिससे शीशे का काउन्टर टूट गया और सारी मिठाई सड़क पर बिखर गई। इस दौरान मिठाई विक्रेता ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं, फल विक्रेता का भी काफी नुकसान हुआ। उसके बाद जब लोगों ने भगाया तो सांड़ कई बाइको को रौंदते हुए चले गये। स्थानीय लोगों ने कहा कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते लोगों की जान जा रही है। कस्बे के चौराहे पर आने-जाने वाले वाहनों में भी सांड़ ने टक्कर मार दी, जिससे कई राहगीर चोटिल भी हुए और कई लोग अपनी बाइक छोड़कर अपने बच्चों संग अपनी जान बचाने के लिए भाग निकले। सांड़ो के संघर्ष के चलते मिठाई सड़क पर बिखर गयी और काउंटर पूरी तरह टूट गया, जहिरूद्दीन के फल की दुकान आदि लोगों का काफी नुकसान हुआ है ।

## अवैध तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी सिकंदराबाद क्षेत्र के बिलहरी गांव एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को सिकंदराबाद चौकी प्रभारी राजकुमार सरोज अपने हमराहियो के साथ बिलहारी निवासी सुभाष के पास से एक अवैध तमंचा 35 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

## लापता युवक का संदिग्ध हालात में मिला शव

**सीतापुर।** थाना नैमिषारण्य इलाके में लापता एक युवक का शव संदिग्ध हालात में एक गन्ने के खेत में पाया गया है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के ग्राम भिखनापुर निवासी संदीप उम्र 20 वर्ष पुत्र रूपचंद सोमवार को संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। थक हारकर परिजनों ने युवक के लापता होने की सूचना गांव के निकट पुलिस चौकी बिलहरी को दी। इधर मंगलवार की सुबह परिजन एक बार फिर से ग्रामीणों के साथ युवक को तलाशने निकले। इसी बीच गांव के उत्तर - पश्चिम गन्ने के खेत में मौजूद पेड़ के करीब उन्हे युवक का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। उसके गले में गमछे का फंद्दा कसा हुआ था। शव मिलते ही परिजन अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाने लगे। इधर सूचना मिलते ही एएसपी एनपी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने बताया कि घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। प्रथम दृश्टया हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। मृत्यु का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई को आगे बढाया जाएगा।

## सेवा भारती ने कन्याभोज का आयोजन किया




**सीतापुर।** बिसवां में सेवा भारती अवध प्रान्त के द्वारा बिसवा नगर में कन्याभोज का आयोजन किया गया। बिसवां कस्बा स्थित काशीराम कॉलोनी में नौ दिन के नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया।

नवरात्रि के प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवरात्रि के समापन के दिन कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमे कन्याओं को नगर प्रचारक रमाकांत व सेवा भारती के विभाग संगठन मंत्री जय सिंह ने भोजन कराया। प्रसाद वितरण किया। कन्याओं के चरण स्पर्श कर भारत में सुख समृद्धि की कामना की। नगर प्रचारक रमाकांत ने कहा कि कन्या देवी स्वरूपा हैं। इनके आशिर्वाद से विश्व का कल्याण संभव है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष महानारायण वर्मा, वेद रत्न मिश्रा, बलराम वर्मा, आशीष गुप्ता, विशाल गुप्ता ने कन्याओं को चुनर व दक्षिणा देकर के भोजन करवाया।

## कार सवारों ने किया बकरा चोरी

**सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी शरीफ पुत्र मजीद का बकरा घर के बाहर बंधा था। मंगलवार को अचानक कार सवार उधर से गुजरे। कार सवारों ने बकरे को कार में डाल लिया और फरार हो गए। इस घटना को लेकर शरीफने अज्ञात कार सवार बकरा चोरों के खिलाफलहरपुर कोतवाली में तहरीर दी है। शरीफका कहना है कि बकरे की कीमत करीब 10 हजार रुपए है। वहीं बताया जा रहा है कि बकरा चोरी की वारदात घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का जांच शुरू कर दी है। घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी मवेशी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

## राजनैतिक दलों के साथ की नामावलियों के पुनिरीक्षण के लिए बैठक

**सीतापुर।** विभिन्न राजनैतिक दल के साथ बुधवार को अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुं पर चर्चा की । उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक-27अक्टूबर का किया जायेगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक निर्धारित है। विशेष अभियान 4 नवम्बर, 5 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 2 दिसम्बर, 3 दिसम्बर है। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर तक किया जायेगा। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 5 जनवरी 2024 को किया जायेगा।

## सेंध लगाकर लाखों का माल ले गए चोर



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** थाना संदना इलाके के घटमापुर गांव निवासी जय सिंह पुत्र कालिका प्रसाद ने संदना थाना क्षेत्र की रामगढ़ पुलिस चौकी के तहत पहला चौराहे पर मोबाइल शॉप खोल रखी है। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान में सेंध लगा दी।

चोरों ने दुकान में रखी 80 हजार रुपए की नकदी, 40 मोबाइल फोन,10 बंडल तार,150 एलईडी बल्ब,500 टच गार्ड, 200 हेडफोन, 50 इलेक्ट्रानिक टार्च सहित अन्य कीमती सामान समेट लिया। चोर माल समेत मौके से फरार हो गए। इधर बुधवार की सुबह होने पर दुकान स्वामी को वारदात की जानकारी हो सकी। पीड़ित जय सिंह ने बताया की वर्ष 2017 में भी चोरी हुई थी। पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद है। पीड़ित ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफसंदना थाने में तहरीर दी है। वहीं इस वारदात को लेकर 84 कोसीय परिक्रमा अध्यक्ष नारायण दास उर्फ नन्हकू ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ये बहुत बड़ी लापरवाही है। जिसके चलते चोरों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। जबकि इस समय दशहरा मेला भी चल रहा है, फिर भी प्रशासनिक ब्यवस्था जीरो है। वारदात के संबंध में संदना थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जाएगा।

# परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 की तैयारियों के संबंध मे बैठक की गई। बुधवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्रों पर जाकर व्यवस्था देख लें। यदि कोई मूलभूत सुविधाओं की कमी है, तो उसे समय से पूर्ण करायें। उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि परीक्षा के दिन सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी व अन्य कर्मिक समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियमानुसार सीसीटीवी संचालित रहें। स्ट्रांग रूम के बाहर लॉगबुक रखी जाये। स्ट्रांग रूम में जाने वाले सभी अधिकृत व्यक्ति अपना विवरण इस लॉगबुक में अंकित कर ही स्ट्रांग रूम में प्रवेश एवं निकास करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक सेंटरों में सभी तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों का परिचय पत्र अवश्य जारी किया जाये। परीक्षा के दौरान सभी अपने परिचय पत्र के साथ उपस्थित हों। सभी केन्द्रों पर पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। परीक्षा के दौरान कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग न करे, यह सुनिश्चित किया जाये। अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान गहनतापूर्वक जांच अवश्य करायी जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। तथा परीक्षा केन्द्र के आस-पास सभी साईबर कैफे एवं फोटोकापी की दुकानें नियमानुसार बन्द रहेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा दो दिवसों में दो पलियों सम्पन्न होगी। जिसमें पहली पाली 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तथा दूसरी पाली अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे सम्पन्न होगी। दिनांक-29 अक्टूबर को पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12बजे तथा दूसरी पाली अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे सम्पन्न होगी। परीक्षा जनपद के 25 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी, जिसमें कुल 45504 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकली मां ज्वाला की ज्योति विसर्जन की यात्रा

**सीतापुर।** महोली में मां ज्वाला ज्योति का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया गया। इस दौरान विसर्जन यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोली नगर के हनुमान मंदिर में संपूर्ण नवरात्र मां ज्वाला ज्योति विराजमान रही। जिनकी प्रतिदिन पूजा अर्चना की गई।

बुधवार को गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा हनुमान मंदिर से निकाली गई। यात्रा नगर के बड़ागांव तिराहा होते हुए बाबा बैजनाथ धाम से घटिया घाट के लिए रवाना हो गई। डीजे की धुन पर नाचते गाते श्रद्धालु घटिया घाट पहुंचे। यहां पर मां ज्वाला ज्योति का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

**सीतापुर।** महोली के कुसैला गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास दिव्य ज्योति ने कह कहा कि भागवत कथा सुनने से कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कि इसलिए मनुष्य को श्रीमद् भागवत का नियमित अध्ययन करना चाहिए।

उन्होंने सुविधाओं को बताया की धन दौलत सब कुछ यहीं रह जाएगा। कुछ भी साथ नहीं जाएगा। धर्म कर्म ही मनुष्य का साक्षी बनेगा। इसके बाद कथा व्यास सरिता शास्त्री ने भी श्रीमद् भागवत महिमा का वर्णन श्रोताओं को श्रवण कराया। कार्यक्रम समापन पर पूर्व प्रधान जितेंद्र वर्मा द्वारा आरती कीर गई। आरती के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अजय कुमार वर्मा, रमेश वर्मा, मनीष वर्मा, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# गाजेबाजे के साथ निकली प्रभु श्रीराम की बारात





*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** मंगलवार की रात बिसवां कस्बे में भगवान श्री राम की बारात बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई इस बारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान जगह - जगह लोगों ने भगवान प्रभु श्री राम की आरती वंदना की। प्रभु के दर्शन के लिए लोग बेताब नजर आए। कस्बा बिसवां में नगर पालिका द्वारा आयोजित दशहरा मेला में भव्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात निकाली गई। मंगलवार की रात राम बारात रामलीला मैदान से प्रारम्भ की गई। बारात नगर के पोस्ट चौराहा, रेलवे स्टेशन, शुगर फैक्ट्री, बड़ा चौराहा, रायगंज, सेठगंज सहित विभिन्न मार्गो से होती हुई गुजरी। जिसके बाद बारात पुनः मेला मैदान पहुंची। राम बारात में - प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न ,सीता माता की सजीव झांकिया शामिल थी। ये झांकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। प्रभु श्री राम की बारात का पूरे कस्बे में जगह-जगह भव्य और जोरदार स्वागत किया गया । लोग दर्शन पूजन के लिए बेताब नजर आए। जगह-जगह आरती वंदना की गई। पूजन के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल व उनकी पत्नी ने अपने आवास पर आरती करके स्वागत किया। राम बारात में सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ल, आशीष कुमार यादव,अजित सिंह,आशीष सिंह,अश्वनी कुमार त्रिपाठी, मुकुट बिहारी बाजपेयी,नीरज मिश्रा,सहित नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी सहित नगर के अन्य सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा इंचार्ज अतुल वर्मा व पुलिस बल मौजूद रहा।

### विशाल दुर्गा जागरण में आकर्षक झांकियां निकाली गई

सीतापुर। पिसावां क्षेत्र के ग्राम कारी पाकर में विशाल मां दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें आकर्षक गीतों की प्रस्तुति की गई। गीतों के साथ - साथ सजीव झांकियों का भी आयोजन किया गया।

जागरण का शुभारंभ आरती पूजन से किया गया। साध्वी, खुशबू, प्रीति गुप्ता, पंकज मिश्रा, सावन अलबेला ने सुंदर मां के गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। पूरा इलाका माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। आरती वंदना व प्रसाद वितरण के साथ माता रानी का जगराता संपन्न हुआ। इस मौके पर अनिल मिश्रा, विनय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## दबंगों द्वारा मारने-पीटने की धमकी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के गांव रामपुर टिकरा में खलिहान की जमीन पर लगे नीम के पेड़ों को सरहंगों द्वारा ठेकेदार को बेचकर कटवा लिए जाने का मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। मामले में गांव समाज की रहने वाली समाजसेविका मिथिलेश यादव ने पूरा प्रकरण एसडीएम के सामने रखते हुए आरोप लगाया है कि, शिकायत करने पर दबंगों द्वारा उसे मारने-पीटने की धमकी दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी ने कानूनगो को मामले की जांच सौंप है, और 3 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। आपको बता दें कि, गांव की रहने वाली समाज सेविका मिथिलेश यादव ने उप जिलाधिकारी रजित राम गुप्ता को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि, गांव की गाटा संख्या 559/0.556 जो राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है। इस जमीन पर नीम के बड़े-बड़े पेड़ लगे थे, जो हरे भरे थे। इन पेड़ों को पारा खुर्द के रहने वाले रमेश मिश्रा पुत्र चंद्रभान और दिनेश कुमार, रमेश कुमार, राजन पुत्रगण राम बहादुर निवासी ग्राम पुरे गुलाब सिंह, मजरे रामपुर टिकरा ने ठेकेदारों के हाथ बेच लिया और ठेकेदार इन पेड़ों को कटवाकर ले गया। मौके पर पेड़ों की जड़े निशान के रूप में मौजूद हैं। मिथिलेश कुमारी का कहना है कि, जब इस मामले में उसने विरोध किया तो सरहंगों ने उसे मारने पीटने की धमकी दी। मिथिलेश ने क्षेत्रीय लेखपाल को भी इस मामले में दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया है कि, लेखपाल से इसकी शिकायत की गई तो वह देखने तक नहीं गए। उधर मामले में समाज सेविका द्वारा रखे गए पक्ष की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने क्षेत्रीय कानूनगो को मौके की जांच स्वयं करके रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर देने की बात कही है। एसडीएम ने कहा कि, यदि मामला सत्य पाया गया तो दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। थाना पिसावां इलाके के लोहार खेडा गांव निवासी संजय पर रविवार की रात उसके ही भाई राम अवध उर्फफूल सिंह ने जानलेवा हमला करते हुए फायर कर दिया था।

गोली लगने से संजय घायल हो गया था। वारदात के बाद से आरोपी राम अवध उर्फफूल सिंह फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर भूड़ा मार्ग पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने राम अवध उर्फफूल सिंह को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर एक अवैध तंमचा तथा दो कारतूस बरामद किए हैं। अरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम रजुआ पुर गांव निवासी राकेश की 14 वर्ष की पुत्री नेहा का शव कमरे में संदिग्धवस्था में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। उसके गले में कसा दुपट्टे का फंद्दा कमरे की छत के कड़े से कसा हुआ था। पिता का कहना है कि वह जरूरी कार्य से पिसावां आया था। वह जब लौटकर घर वापस पहुंचा। तभी कमरे में उसकी पुत्री का शव फंदे पर लटका मिला। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि किशोरी का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## 39वां मां भगवती का महा महोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** जनपद के महराजगंज विकासखंड कस्बे में जय मां जसवंतरी देवी दुर्गा पूजा समिति द्वारा मनाया जा रहा 39वां मां भगवती का महा महोत्सव नवें दिन अपनी तरुण अवस्था में पहुंच चुका। जय मां जसवंतरी देवी दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में कानपुर महानगर एवं हमीरपुर मध्य प्रदेश बीच जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। मां जसवंतरी देवी मंदिर परिसर में अपनी स्वर लहरी को बिखेरने वाले कानपुर महानगर के शंभू हलचल और पार्टी तथा हमीरपुर मध्य प्रदेश की ईश्वर कोकिला पूनम आजाद और पार्टी के बीच जवाबी महासंग्राम देखने को मिला। मंच पर पहुंचने पर जय मां जसवंतरी देवी दुर्गा पूजा कमेटी के प्रबंधक प्रभात साहू एवं सभी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम का संचालन कर रहे अंजनी पांडेय ने दोनों महारथियों का जोर-शोर से पगड़ी, पुष्प मालाओं एवं अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया।

आपको बता दें कि, जय मां जसवंतरी देवी माता के दरबार में श्रृंगार रस, हास्य रस एवं वीर रस से ओतप्रोत दोनों पार्टियों के बीच संपूर्ण रात्रि तीखी नोक झोक चलती रही, जिसे सुनते हुए प्रांगण में मौजूद हजारों भक्तगणों ने समय-समय पर माता के जयकारों के साथ तालिया की गड़गड़ाहट से दोनों महारथियों का स्वागत किया।

शारदीय नवरात्र महा महोत्सव अंतर्गत हुए मुकाबले में अपनी अपनी रचनाओं को बिखरते हुए दोनों संगीत मर्मज्ञों ने साहित्य ग्रंथ पुराणों के शब्दों को पिरोकर माला रूपी कीर्तन माता को अर्पण किया। संपूर्ण रात्रि आनंद के महासागर में भक्तों ने गोते लगाए। वहीं प्रातः काल की बेला पर जय मां जसवंतरी देवी जगत जननी की चौखट पर महा आरती संपन्न की गई।

इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगणों के साथ समिति के त्रिवेणी लाल गुप्ता, कालिका प्रसाद त्रिपाठी, रामकुमार गुप्ता मुंशी समेत सैकड़ो की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# राज्य कर विभाग में बुलाई गई मिठाई विक्रेताओ की मीटिंग सम्पन्न

**जरूरी**

गिफ्ट पैक व हेम्पर्स पर अधिकतम कर दर वाली वस्तु के बराबर कर जमा करना जरूरी

*अवधनामा संवाददाता*



**गाज़ियाबाद।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत राज्य कर विभाग में बुधवार को मिष्ठान्न व नमकीन विक्रेताओं की बैठक का आयोजन राज्य कर विभाग के मीटिंग हाल में किया गया। अपर आयुक्त ग्रेड 1 गोविंद सिंह बुद्धियाल जोन प्रथम व अपर आयुक्त ग्रेड 1 दिनेश कुमार मिश्रा जोन द्वितीय द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। बैठक में विभाग के अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि त्यौहारी सीजन में यह देखने को मिलता है कि बहुत से दुकानदार बिना बिल जारी किये बिक्री करते है जिससे टैक्स चोरी की संभावना बनी रहती है। सभी व्यापारी यह सुनिश्चित कर लें कि बिना बिल के बिक्री न की जाए। ग्राहकों को बिल जरूर उपलब्ध कराया जाए। विभाग की और से भी यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राजस्व क्षति न हो। विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि नियमानुसार बिल जारी किये जा रहे है या नहीं। बैठक में व्यापारियों द्वारा बिल जारी करने पर सहमति दी गई। गिफ्ट पैक व हेम्पर्स में अलग अलग रेट ऑफ़ टैक्स की वस्तुएं सम्मिलित होती है। गिफ्ट पैक व हेम्पर्स पर अधिकतम कर की वस्तु की दर से रेट ऑफ़ टैक्स जमा कराया जाए। समस्त बिलों को रिटर्न में जरुर घोषित किया जाए। बैठक में न्यू मदन स्वीट्स, नारायणी फ़ूड्स, तक्षशिला फ़ूड्स, शगुन स्वीट्स, हीरा स्वीट्स, मदन स्वीट्स, राजा स्वीट्स, ओम स्वीट्स व अन्य विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर, संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) संभाग-ए संजय कुमार, संयुक्त आयुक्त जिलाजीत, उपायुक्त (प्रशासन) विनय कुमार गौतम, उपायुक्त डाक्टर देवेंद्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## भगवान चित्रगुप्त मंदिर पर भंडारे का किया आयोजन

सीतापुर। नैमिषारण्य स्थित काशी कुण्ड के निकट आदिकालीन धर्महरि भगवान चित्रगुप्त मंदिर मौजूद है। इस मंदिर परिसर में जेबी चित्रगुप्त मंदिर ट्रस्ट ने मंगलवार को अनुष्ठान किया। आयोजन ट्रस्ट के संजीव सक्सेना के द्वारा किया गया।

विधि विधान से हवन पूजन करने के साथ प्रसाद वितरण किया। इस मौके परं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ के उपरांत हवन पूजन किया गया। जिसके बाद मंदिर परिसर में ही भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरकुल आश्रम के अनेकों शिष्य, अन्य आश्रमवासियों, कन्याओं एवं जनसाधारण ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर इंजीनियर शशिकांत वर्मा, बलदाऊ जी, अरविंद श्रीवास्तव, मेजर किशोर, सुनील चौधरी, सुशील सक्सेना, योगेश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रोहित दुबे, भक्ति तिवारी, रोहित पांडेय, कृष्ण मोहन आदि मौजूद रहे।

## भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शत्रुघ्न सिंह जिला सचिव माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों में स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शिक्षक एवं शिक्षकाओं का बेसिक कोर्स फॉर स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 26 अक्टूबर 2023 से 01 नवंबर 2023 तक आयोजित हो रहा है, ताकि माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के छात्राओं को स्काउटिंग गाइडिंग की विधा का अच्छे से ज्ञान हो सके। उक्त प्रशिक्षण में माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं अधिक से अधिक प्रभात करने की प्रतिभा करने की संभावना है। प्रशिक्षक के रूप में स्काउट विभाग में लीडर ऑफ द् कोर्स शिव शरण सिंह लीडर ट्रेनर, प्रशिक्षक के रूप में श्री राम यादव लीडर ट्रेनर, दिनेश कुमार त्रिवेदी लीडर ट्रेनर, रूपेश कुमार शुक्ल लीडर ट्रेनर, शिवेन्द्र कुमार सिंह सहायक लीडर ट्रेनर तथा गाइड विभाग में लीडर ऑफ़ द कोर्स कान्ती देवी गुप्ता लीडर ट्रेनर, प्रशिक्षक के रूप में अनीशा तनवीर, साधना शर्मा लीडर ट्रेनर शहला तिवारी,लक्ष्मी सिंह, नीलिमा श्रीवास्तव, वन्दना श्रीवास्तव सहायक लीडर ट्रेनर को लगाया गया है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत निकली अमृत कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत आज विकास भवन से अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं आम जनमानस में सहभागिता निभायी। सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्पना साकार हो रही है। अमृत कलश यात्रा से लोगों में जागृति आई है और राष्ट्रवाद की नई अलख जग रही है।

राष्ट्रवाद की अलख से देश 2047 तक विकसित राष्ट्र की कतार में अग्रणी बनेगा। सदर सांसद ने अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी, सोना सोनार के बलिदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद सलेमपुर रविंदर कुशवाहा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वंतत्रता संग्रह सेनानी, सीमाओं पर बलिदान करने वाले शहीदों के गांव से मिट्टी लेकर दिल्ली में अमृत उद्यान की स्थापना की जाये। हमारी नई पीढ़ी को अपने विरासत और इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। स्वंत्रता आंदोलन के वीरों की वजह से अग्रेजों को देश छोड़ना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों के भारत का निर्माण किया जा रहा है। देश हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास कर रहा है। देश समृद्ध एवं शक्तिशाली बन रहा है। 2047 तक हमारा देश विकसित राष्ट्र में शामिल होगा। विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने अमर शहीदों एवं राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम अपनी मिट्टी का वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूब कर उत्सव में आनंद लेने का स्वर्णिम अवसर है।

**अमृत कलश यात्रा से राष्ट्रवाद की नई अलख जगी: सदर सांसद**

कार्यक्रम के दौरान अमर शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया जिसमें भटनी के कोडरा निवासी अमर शहीद सिपाही प्रेमचंद की पत्नी तेतरी देवी, बरडीहा दलपत निवासी अमर शहीद अंशुमान सिंह के पिता सूबेदार मेजर रवि प्रताप सिंह, अमर शहीद चंद्रभान चौरसिया की पत्नी पिंकी कुमारी चौरसिया शामिल हैं।

## अमृत कलश यात्रा जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**उरई (जालौन)।** मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने बताया कि 26.10.2023 को मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल उरई में किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि केन्दीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा रहेगेद्य उन्होंने बताया कि सांय 04:30 बजे स्वयं सेवकों के स्वागत एवं अमृत कलश पर पुष्प अर्पण जिसके आयोजक जिला प्रोबेशन अधिकारी, सांय 05 बजे स्वागत गीत जीजीआईसी की बालिकाओं द्वारा जिसके आयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक, सांय 05:10 बजे बुंदेली नृत्य/गायन जिसके आयोजक सुश्री मंजू वर्मा, सांय 05:40 बजे बुंदेली गायन जिसके आयोजक श्री रामजीवन माड़री, सांय 06:10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं द्वारा जिसके आयोजक बेसिक शिक्षा अधिकारी, सांय 06:20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम जीजीआईसी की बालिकाओं द्वारा जिसके आयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक, सांय 06:25 बजे पंचप्रण की शपथ दिलाया जाना सांय 06:50 बजे धन्यवाद ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की विशेष प्राथमिकता में: डा. रमापति

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में चिकित्सा संसाधनों की लंबे अरसे से काफी कमी है, लेकिन ट्रॉमा सेंटर बनने से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय देवरिया में 70 बेडेड ट्रामा सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया।

ट्रामा सेन्टर निर्माण हेतु 2468.63 लाख रु. स्वीकृति मिली है, जिसमे निर्माण के मद में 617.16 लाख रु. अवमुक्त भी हो चुका है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसमें 30 बेड ट्रामा सेन्टर, 20 बेड बर्न वार्ड, और 20 बेड टाक्सिकोलाजी वार्ड युक्त भवन निर्माण होगा। विजयादशमी के दिन सुबह शुभ मुहूर्त में 10:30 बजे शिलान्यास कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर सदर सांसद डा.त्रिपाठी ने कहा कि ट्रामा सेन्टर मेडिकल कालेज का एक अभिन्न हिस्सा है, इसके स्थापना के लिए दो साल पहले शासन में प्रस्ताव भेजा गया था, करोना-19 के समय मुख्यमंत्री से मैंने विशेष मांग की थी, यह प्रस्ताव शासन में लंबित चल रहा था। अब जाकर यह पूर्ण हुआ है। कहा कि ट्रॉमा सेंटर बनने से तमाम दुर्घटनाओं के घायलों को तत्काल इलाज मिल सकेगा। जिले में कोई भी ट्रॉमा सेंटर नहीं था।

**सदर सांसद ने 70 बेडेड ट्रामा सेंटर का किया शिलान्यास**

निजी स्तर का भी कोई ट्रॉमा सेंटर जिले में नहीं हैं। दुर्घटना में घायलों को तत्काल इलाज उपलब्ध नहीं हो पाता था जिससे तमाम दुर्घटना पीड़ितों की मौत हो जाती थी। जिला अस्पताल से ऐसे घायलों को दूसरे जिले में रेफर किया जाता है। अब ट्रॉमा सेंटर संचालित होने पर यहां 24-7 चिकित्सा की आपात सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। 70 बेड का ट्रामा सेन्टर शीघ्र बनकर जनमानस की सेवा में समर्पित होगा।

# जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने किया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार की देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न होने के बाद प्रशासनिक अमला राहत की सांस ली। विसर्जन से पूर्व डीएम व एसपी ने कई घाटों का निरीक्षण कर संबंधितों से जानकारी लिया।

**कड़ी सुरक्षा के बीच जिले भर में बुधवार की देर रात तक हुआ विसर्जन**

**विसर्जन से पूर्व डीएम व एसपी कई घाटों का किया निरीक्षण**



दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करते श्रद्धालु



विसर्जन पूर्व घाटों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

पडरौना शहर और आसपास के गांवों से मूर्तियां कड़ी सुरक्षा के बीच खिरकिया में झरही नदी के किनारे लाई गई, जहां पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में विसर्जन हुआ। इस बीच मां दुर्गा के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा। इसी तरह जनपद के अन्य हिस्सों में भी नदियों, तालाबों और अन्य जलस्रोतों पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। पडरौना शहर सहित जिले भर में लगभग 1250 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। पंडालों मे माँ जगदम्बे की प्रतिमाओं को सजाया गया था जिनकी सप्तमी को निशा पूजा के बाद से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी। दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने के लिए आते रहे। सोमवार और मंगलवार की रात में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पुलिस के जवान और दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य दुर्गा पूजा सकुशल संपन्न कराने में लगे रहे। दुर्गा पूजा समितियों की तरफ से भंडारा का आयोजन भी किया गया था। जिसमें दुर्गा पूजा का मेला करने आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पडरौना नगर के छावनी बेलवा चुंगी स्थित पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति, शिवालय चौराहे पर स्थित दुर्गा पूजा समिति, छावनी स्थित महादेव मंदिर परिसर में मां शेरावाली बाल दुर्गा पूजा समिति, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति अखाड़ा नंबर नौ और अखाड़ा नंबर तीन की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दर्शन-पूजन करने आए काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसी तरह सुभाष चौक, मशीनरी मार्केट, आलू मंडी, छुछिया गेट, तिलक चौक, दरबार रोड सहित अन्य कई स्थानों पर दुर्गा पूजा समितियों की तरफ से भंडारा का आयोजन किया गया था। बुधवार को श्रद्धालुओं ने विसर्जन के लिए इन मूर्तियों की भावपूर्ण विदाई की। दुर्गा पूजा समितियों के सदस्य भक्तिगीतों पर नाचते-झूमते मूर्तियों के साथ खिरकिया स्थित झरही नदी के किनारे पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच एक-एक कर मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसी तरह छोटी गंडक के हेतिमपुर, रगड़गंज सहित विभिन्न घाटों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। कसया, फाजिलनगर, सेवरही, हाटा, कप्तानगंज, खड्डा समेत जिले के अन्य क्षेत्रों में भी प्रतिमाएं विसर्जित की गई। कठकुइयां बाजार सहित लक्ष्मीपुर, सेमरा, बेलवा, पचरुखिया, मठिया, कटेया आदि गांवों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का गुरुवार को पचरुखिया व सिसवा घाट पर विसर्जन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस के जवान तैनात थे। विसर्जन से पूर्व डीएम और एसपी ने विभिन्न घाटों का निरक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो भाई झुलसे

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका क्षेत्र के पिपरा कपूर चौराहा पर बुधवार की शाम मूर्ती विसर्जन की तैयारी के दौरान दो भाई हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में दोनों जख्मी हो गए। आनन फानन में दोनों को हाटा सीएचसी पहुंचाया गया जहां से चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम हीरालाल ने अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। पिपरा कपूर चौराहे पर स्थापित माँ दूर्गा की प्रतिमा का बुधवार को विसर्जन होना था। आयोजन समिति की ओर से मूर्ती को ट्राली पर लादा जा रहा था। जिस जगह पर मूर्ति को ट्राली पर रखा जा रहा था। उसके उपर हाईटेंशन तार गुजरी हुई है। इसी मुहल्ले के रहने वाले 30 वर्षीय बैजनाथ और उनका छोटा भाई 24 वर्षीय अमरनाथ ट्राली पर मूर्ती को रखने में सहयोग कर रहे थे। उसी दौरान अचानक से मूर्ती उपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से सट गई। जिससे वहां मौजूद बैजनाथ और अमरनाथ करंट की चपेट में आ गए। इस घटना में ये दोनों भाई झुलस कर जख्मी हो गए। घटना के बाद वहा मौजूद लोग दोनों युवकों को लेकर हाटा सीएचसी पहुंचे जहां दोनों का प्राथमिक उपचार हुआ और डॉक्टर ने हालत गंभीर देख दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ग्रामीण की हत्या में चार पर एफआईआर

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** ग्रामीण की हत्या किये जानें के आरोप में पुलिस नें मृतक के पुत्र की तहरीर पर हत्या का मुकदमा चार के खिलाफ दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम बिलावलपुर ढकेलापुर निवासी अवनीश कुमार नें दर्ज एफआई में कहा है कि पिता पातीराम की 12 अक्टूबर को थानें में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। पातीराम बीते 21 सितंबर को सुबह घर से तीसराम पुत्र छेदालाल निवासी कटरी धर्मपुर के साथ कही रूपये लेने की कहकर गये थे।

पिता को गाँव से बाहर साइकिल पर तीसराम के साथ जाते हुये देखा गया। जब पिता दो तीन दिन के बाद भी घर लौटकर नहीं आये तब मेरे भतीजे अर्पित ने 29 सितंबर को फोन किया था। जिस पर पिता पातीराम नें सुबह आने की बात कही थी। लेकिन अगले दिन सुबह भी पिता नही आये तब मेरे भतीजे ने फिर से फोन किया तब पिता ने कहाँ की वह नवाबगंज है शाम तक घर आ जाएगे। उसके बाद पिता का मोबाइल बन्द हो गया। फिर हम लोग अगले दिन तीसराम के घर अपने पिता के बारे में पूछने गये। तब तीसराम ने मुझसे कहा कि वह मेरे पास चार महीने से नहीं आये। हमने 3-4 बार जाकर तीसराम से अपने पिता के बारे में पूछा पर वह हर बार मना करता रहा। आज जब पुलिस से सूचना मिली की पिता का पता चल गया है। तब हम लोग थाने पर आ गये। मौके पर तीसराम के साथ रमेश, रामनरेश के साथ इनके द्वारा बताये गये स्थान पर पुलिस के साथ हम लोग भी पीछे पीछे से गये। जब हम लोग नकासा बाजार के पास पहुँचे तो पुलिस की गाडियाँ रूकी हम लोग मोटरसाइकिल से थे। हम लोगों ने भी मोटरसाइकिल वहीं बड़ी कर दी। तब ये लोग पैदल पैदल रेलवे ट्रेकको पार करते हुए उस स्थान तक पुलिस को लेकर गये। जहाँ पिता की अस्थिया व उनके कपडे चप्पल, घड़ी, डंडा व बाल बांधने का जूड़ा तथा एक माला पिताजी पहने रहते थे, ये सभी चीजे उस स्थान से पुलिस द्वारा एकत्रित की गयी थी। मैने अपने पिता के पहने हुये कपड़ो व उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं के आधार पर उनकी पहचान कर ली है।

## भगवानपुर से अमृतपुर तक तटबंध क्षतिग्रस्त

**अमृतपुर फर्रूखाबाद।** भारतीय किसान यूनियन मजदूर राष्ट्रवादी ने तहसील परिसर मे धरना प्रदर्शन कर किसानों की समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रविन्द्र सिंह को सौंपा। एसडीएम को सौंपा ज्ञापन मे कहा है कि नगला बसोला भगवानपुर से अमृतपुर तक गंगा नदी पर बना तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके निर्माण की मांग की, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मे बिना परमिशन भराव डालने की अनुमति दी जाए। आवारा गौवंशों को गौशाला भिजवाने के साथ ही गौवांशो के हमले से आहत लोगों को मुआवजा दिलवाया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यालय अमृतपुर मे खोलने की मांग की। बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलवाने की मांग की। राजेपुर ब्लॉक के कुम्हारौर गोदाम पर खाद बीज की उपलब्धता कराने की मांग की।

गन्ना का सरकारी मूल्य 450 रुपए निर्धारित करने की मांग की। धरना प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने समय से सभी मांगों का निस्तारण करने की मांग की अन्यथा की स्थिति मे यूनियन भूख हड़ताल , धरना प्रदर्शन, चक्का जाम, जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने चेतावनी दी।

## आज प्रभारी मंत्री जनपद भ्रमण पर पधारेंगे

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** राजस्व राज्य मंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान दि. 26 अक्टूबर को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। मा. मंत्री जी प्रातः 11 बजे श्रीदेवी मेला के कादंबरी रंगमंच पर ''मेरी माटी-मेरा देश'', अमृत कलश यात्रा, माटी को नमन-वीरों को वंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, अपरान्ह 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे, अपरान्ह 03 बजे से राजस्व, चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक करने के उपरांत अपराह्न 04 बजे अलीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आज होगा आयोजन

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ''मेरी माटी-मेरा देश' अमृत कलश यात्रा, माटी को नमन, वीरों को वंदन पर आधारित 'उमंग भरा प्रदेश'' सांस्कृतिक कार्यक्रम दि. 26 अक्टूबर को श्री देवी मेला के कादम्बरी रंगमंच पर आयोजित होंगे, कार्यक्रम का शुभारंम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया जायेगा तद्पोरांत कुं. आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, अमन इंटर नेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा बैण्ड प्रदर्शन, अमृत कलश यात्रा पर संक्षिप्त जानकारी एवं एल.ई.डी. डिस्प्ले पर कार्यक्रम की झलकियां प्रदर्शित की जायेंगी, तद्पोरांत प्राथमिक विद्यालय चने छबीलेपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, वंदना मथुरा द्वारा 'उमंग भरा प्रदेश' पर नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

## विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आज

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय समीक्षा समिति, विशेष जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 26 अक्टूबर को अपरान्ह 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पथ संचलन संघ कार्यालय टाउन हॉल से प्रारंभ होकर ओवरब्रिज के नीचे होते हुए, स्टेशन रोड से जलकल रोड, पोस्टमार्टम चौराहा और सिविल लाइन होते हुए पुनः टाउन हॉल संघ कार्यालय वापस आया। शस्त्र पूजन के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कहा कि आज समाज में दो विचारधाराओं में द्वंद है,राष्ट्रीय विचारधारा। दूसरी अराष्ट्रीय विचार धारा।सज्जन शक्ति जब बढ़ती है तो दुर्जन शक्ति खत्म सी हो जाती है, सज्जन शक्ति का जागरण ही संघ की शाखा के द्वारा किया जाता है। संगठन की शक्ति शाखाओं में है क्योंकि शाखाओं से ही कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है।

संघ रूपी शरीर का सार तत्व संघ की शाखा है। शस्त्र एवम शास्त्र दोनों एक दूसरे के पूरक है।शास्त्र तभी तक सुरक्षित है जब तक शक्ति जागृत है।हमें विश्वामित्र की भूमिका में भारत के हर बालक को राम बनाना है ताकि धर्म की स्थापना स्थायित्व रूप ले सके। जिसके अंदर जिज्ञासा नही उसका अधिगम समाप्त हो जाता है ।भारत का अर्थ होता है ज्ञान में रत जो ज्ञान मे रत है वही भारतीय है। हमारी भारतीय संस्कृति मातृ भव ,पितृ देवो भव,अतिथि देवो भव, गुरुदेवो भव को मानने वाली है ।विश्व में किसी भी देश में ऐसी संस्कृति नहीं पाई जाती है। इसलिए भारतीय संस्कृति हर संस्कृति में उत्कृष्ठ है हम कभी विश्व गुरु थे, पुनः उसकी प्राप्ति के लिए हमें स्वयं को श्रेष्ठ बना होगा ।फिर प्रत्येक भारतीय को श्रेष्ठ बनाना होगा ।हमें अपना लक्ष्य निश्चित करना होगा, अगर लक्ष्य निश्चित ना हो तो मार्ग निश्चित नहीं रह जाता है। मार्ग निश्चित नहीं रहता है तो व्यक्ति भटक जाता है। किकर्तव्यमूढ हो जाता है। जब देश का व्यक्ति कर्तव्यमूढ़ हो जाता है जिसके कारण वह देश का पराभूत हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी ।नवरात्रि में दसों दिन हम शक्ति की उपासना करते हैं। विजयदशमी के दिन धर्म की स्थापना हेतु भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी। और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी मुख्य उद्देश्य धर्म की स्थापना करना ही है।

## जाति प्रमाण पत्र के लिए दलितो ने किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अंबेडकर नगर की रहने वाली मंजू शिखा पाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपने समाज के लोगों को दलित समाज का जाति प्रमाण पत्र दिलाए जाने के लेकर प्रदर्शन किया। बाद में एसडीएम गजराज सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमे कहा है कि हम समाज के आपस से मांग है कि हमारा समाज जो वर्ग में आता है। उसके लिए हमारे समाज में आज भी ऐसे लोग हैं। जिनके रहने के लिए आवास नहीं है। इसका मुख्य कारण जाति प्रमाण पत्र न होने की बजाय से सरकारी लाभ से लाभित नहीं हो पाते हैं। सरकार स समय-समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायताओं से वंचित रह जाते हैं। अधिक गरीब व अति पिछड़े वर्ग में होने की वजह से प्रदेश सरकार से मांग की है कि हम अति दलित वर्ग के लिए ऐसा अध्यादेश लागू किया जाए हम सभी लोगो को आदिवासी समाज का लाभ मिल सके द्य हम लोगों का कोई समाज निर्धारित नहीं है। हम तो हम समस्त समाज के उत्थान के लिए जरूरी है हमारा जाति प्रमाण पत्र को जारी कराए जाने का दिशा निर्देश सरकार कोल समाज के नाम से जारी किया जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सं० – उपमु०इं० – निर्माण – एलजेएन–02–2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। क्र०सं० (1). खुली निविदा संख्याः उपमु०इं०–नि0–एलजेएन– 02–2023, दिनांक : 14.10.2023, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बहराइच – नानपारा – नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना के अन्तर्गत उप मुख्य इन्जीनियर / निर्माण / लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में बहराइच – नानपारा अनुभाग में किमी0–81/0 से 95/0 सम्पूर्ण नानपारा एवं मटेरा यार्डो सहित प्वाइण्ट एवं क्रासिंग को बिछाते हुए बी०जी० / एम०जी० रेल ट्रैक को जोड़ना, अवमुक्त सामग्रियों की ढुलाई एवं चट्टा लगाना, गिट्टी को फैलाना, रेल फेन्सिंग लगाना, रेल, पीएससी स्लीपर एवं पी०वे० सामग्री की ढुलाई एवं अन्य विविध कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य : 11,29,35,337.93 बयाना राशि (रु० ) : 7,14,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०) :–निल–, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 (आठ) माह, • क्रम सं० 1 :– ई–टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 09–11–2023 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / पूर्वोत्तर रेलवे / गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते बेवसाइट http://ireps.gov.in अथवा बेवसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना मे यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जीनियर / निर्माण,**
**मुजाधि/डब्ल्यू–374 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ जं०**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# लोकसभा का चुनाव अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ा जायेगा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** इकलासपुरा रोड़ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित वार्ता के दौरान सपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित एवं प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक चरखारी कप्तान सिंह राजपूत ने आज सपा जिला कार्यालय पर संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि लोकसभा सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में लड़ा जायेगा जिसमें सपा 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी तथा सपा के सहयोग से ही केन्द्र में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के झूठे वायदों से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है जिसका फायदा सपा को ही मिलने वाला है तथा पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में सपा के सहयोग से कांग्रेस सरकार बनायेगी और भाजपा सफाया होना निश्चित है। सपा प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित ने कहा कि भाजपा झूठ बोलने का काम करती है। केन्द्र की सरकार ने नौ वर्ष के कार्यकाल में जो वायदे किये थे वह सब झूठे निकले है उन्होंने कहा कि केन्द्र में सरकार बनेगी वह बगैर सपा के सहयोग से बनेगी। पांच प्रदेशों में जो विधानसभा के चुनाव हो रहे है उनमें सपा के सहयोग से पांचों राज्यों कांग्रेस की सरकार बनेगी। सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व सबसे ज्यादा सीटें हासिल कर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी।वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, हरिओम उपाध्याय, महेश विश्वकर्मा, हाजी सौहराब खां, विधानसभा उरई अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव, शबीउददीन, जीवन बाल्मीकि, नारायणदास अहिरवार, जमालुद्दीन पप्पू जिला महासचिव,मोहम्मद रसीद मंसूरी बाबा, प्रमोद सबिता विधानसभा उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में मोदी का आभार जताया

**लखनऊ।** पश्चिम विधानसभा में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया वह पिछले 70 सालों में नहीं हुआ था। भाजपा सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है। कहा कि महिलाओं के लिए बचत खाता खुलवाना, महिलाओं के नाम राशन कार्ड, मातृशक्ति के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उज्ज्वला योजना, देश की लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के जरिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वावलंबी बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से महिलाओं की भागीदारी के विधेयक को पास कर लागू करने में पिछली सरकारों ने रुचि नहीं दिखाई। लेकिन हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए 33त्न सीटों के आरक्षण का विधेयक पास कर हमारी बहनों का मान बढ़ाने का कार्य किया है।

# दुर्व्यवस्था और बाहर की दवा लिखने पर एमओआईसी को डीएम ने लगाई फटकार

### बाहर की दवा लिखने पर संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण हेतु दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** बुधवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन, ऑक्सीजन मशीन की ख़राब रख-रखाव, बेड पर गन्दा चादर एवं साफ सफाई की कमी पाए जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को फटकार लगाया। सख्त लहजे में कहा की अस्पताल की दुर्व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्साधिकारी से डेंगू, मलेरिया, विडाल, रक्तचाप आदि के जांच एवं ओपीडी, आईपीडी में आने वाले मरीजों में डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार से प्रभावित मरीजों ईलाज की जानकारी ली गई। इस दौरान प्रसव हेतु आई महिला के परिजनों द्वारा (सुमन देवी के पति टुनटुन कश्यप द्वारा) बताया गया कि अस्पताल से कुछ दवा मिला है और लगभग एक हजार रुपया का दवा बाहर से खरीदना पड़ा है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी चिकित्साधिकारी कसया को मरीज द्वारा बाहर से दवा खरीदने के सम्बन्ध में सम्बंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्यवाई करने हेतु निर्देशित किया।

**सीएचसी कसया का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ शैक्षिक अभिलेखों में मेरे पिता स्वर्गीय जयप्रकाश पांडेय के स्थान पर मेरे अभिभावक श्री रत्नाकर अवस्थी का नाम त्रुटिवश अंकित हो गया है। जिनमें हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 1999 अनुक्रमांक 1631641, इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2001 अनुक्रमांक 0822468, बी ए वर्ष 2004 अनुक्रमांक एचएल 517, एम ए वर्ष 2006 अनुक्रमांक 04A03027, बी एड के अंक पत्र व प्रमाण पत्र सम्मिलित हैं। मैं अपने शैक्षिक अभिलेखों में अपने पिता स्वर्गीय जयप्रकाश पांडेय का नाम दर्ज करना चाहती हूं जिससे मुझे वास्तविक पहचान मिल सके।

**ऋचा पुत्री स्वर्गीय जय प्रकाश पांडेय निवासी ग्राम उसरापुर, तहसील गौरीगंज, जनपद अमेठी उत्तर प्रदेश**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सलोनी SALONI था, जबकि मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र मे रोली ROLI है। मेरी जन्म तिथि 01/01/2007 है। मेरे पिता जी का नाम राजदेव RAJDEV, ग्राम व पोस्ट- बघेली, थाना - लोटन, जिला सिद्धार्थनगर व पिन कोड 272206 है। मैंने अपना नाम रोली ROLI रख लिया है, अब हमे इसी नाम से जाना व पहचान जाये।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विधवा हूं मेरे तीन पुत्र संतोष कुमार, रजनीश, मनीष कुमार हैं। जिनकी चाल चलन ठीक नहीं है। वे नशे के आदी हैं। जिसके कारण मैं उनसे आजिज आ चुकी हूं। भविष्य में यह कभी भी कोई अनैतिक कृत्य कर सकते हैं और मेरी संपत्ति को क्षति पहुंचा सकते हैं। लिहाजा मैं संतोष कुमार, रजनीश, मनीष सुतगण स्वर्गीय ननकू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। आज की तिथि से मेरा इनसे व उनके कृत्यों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**चंद्रा पत्नी स्वर्गीय ननकू निवासी गंगागंज वार्ड नंबर 6, टाउन एरिया अमेठी, जनपद अमेठी।**

अवधनामा



# मंडलायुक्त ने धान क्रय केंद्र का फीता काटकर किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या व मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने नवीन मण्डी अयोध्या में खाद्य विभाग के धान क्रय केन्द्र पर धान खरीद का फीता काटकर शुभारम्भ किया।उन्होंने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने हेतु पर्याप्त व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहे तथा क्रय किये गये धान का भुगतान किसानों के खाते में समयान्तर्गत पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाय। अयोध्या मण्डी में 04 क्रय केन्द्र स्थापित हैं, जिन पर सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं परन्तु अभी केवल एक क्रय केन्द्र पर पहली बार उक्त किसान अपना धान विक्रय करने हेतु उपस्थित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अयोध्या मण्डल में धान की खरीद 01 नवम्बर, 2023 से पूर्व में प्रस्तावित थी जिसे शासन स्तर से 20 अक्टूबर, 2023 से कर दिया गया है, जिसके तहत मण्डल के सभी जिलों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दी गयी हैं तथा खरीद भी प्रारम्भ हो गयी है। मौके पर उपस्थित किसान राम अनुज वर्मा ग्राम कुरिया कुसमहां के द्वारा बताया गया कि उनके पास लगभग 40 कु0 धान है। किसान द्वारा यह बताया गया कि वह प्रतिवर्ष राजकीय क्रय केन्द्र पर धान का विक्रय करते हैं। मौके पर उपस्थित सम्भागीय खाद्य नियंत्रक अशोक कुमार पाल द्वारा भी यह अवगत कराया गया कि मण्डल के जनपद बाराबंकी में दो दिन पूर्व ही खरीद प्रारम्भ हो चुकी है तथा मण्डल में कुल 357 धान क्रय केन्द्र स्थापित हैं जिन पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली गयी हैं। उनके द्वारा किसानों से अपील की गयी कि अपना धान साफ करके एवं सुखा कर क्रय केन्द्रों पर लेकर आएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, अयोध्या सम्भाग एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अयोध्या भी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनाए गए कक्ष का एसडीएम व सीओ ने किया उद्घाटन

**रुदौली अयोध्या।** रूदौली तहसील क्षेत्र रौजागांव स्थित डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल में रुदौली के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनाए गए कक्ष का एसडीएम अंशिका दीक्षित व सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम अंशिका दीक्षित ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में कक्ष का निर्माण कराना उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

प्रतिदिन प्रार्थना के दौरान जो रुदौली के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है उनके नाम लिए जाएं।जिससे बच्चों को उनसे प्रेरणा मिले और उन पर गर्व कर सकें।सीओ रुदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने माता-पिता और गुरुओं की कही हुई प्रत्येक बात को मनाना चाहिए और अच्छी पढ़ाई करके देश सेवा के लिए अपने आप को तैयार करना चाहिए।डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डा0 निहाल रजा ने कहा कि जो देश के और भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है उन्हें तो सभी जानते हैं लेकिन जो हमारे परिवार व क्षेत्र के हैं उन्हें अभी कम लोग ही जानते है।इसलिए हमने कक्ष का निर्माण कराके आज की पीढ़ी को देश के प्रति उनके बलिदान को बताना चाहते हैं।चेयरमैन डॉ निहाल रजा और प्रिंसिपल डॉ भावना मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार से आए हुए भगवती प्रसाद के पुत्र जगजीवन ओवैस करनी के पुत्र कारिब करनी और काजी हबीबुल हक की पोती एंजिला शफी को भी।

पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली थी।जिसमें उन्होंने चंद्रयान बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे विषयों को समाहित किया था।कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया।इस अवसर पर कोतवाल देवेंद्र सिंह, इरफान खान अनिल खरे अमित शाह तबरेज नीरज द्विवेदी अरविंद यादव वत्सला सिंह मधुलिका श्रीवास्तव सविता बालियान आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** सीमावर्ती जनपद सुल्तानपुर स्थित एक ढाबे से खाना खाकर अपने घर कुमारगंज वापस लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद अज्ञात वाहन चालक दो युवकों को रौंदता हुआ मौके से भाग निकला, जबकि बाइक सवार तीसरा युवक टक्कर में दूर जा गिरा। जिसके चलते वह बाल बाल बच गया। हालांकि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने आनन फानन में तीनों युवकों को इलाज के लिए घटनास्थल से चंद कदम दूरी स्थित संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया चिकित्सकों ने तीसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया है। कुमारगंज पुलिस ने हादसे में मारे गए दोनों युवकों का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कस्बा कुमारगंज के मंडी निवासी 27 वर्षीय राजन पाठक अपने दोस्त सुनील कुमार मोर्य पुत्र मोतीलाल निवासी कस्बा कुमारगंज एवं 27 वर्षीय मो शान पुत्र मो आबिद निवासी मस्जिद गली कस्बा कुमारगंज के साथ बाइक से बीते मंगलवार की देर शाम अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सुल्तानपुर जनपद के हलियापुर के पास स्थित प्रताप ढाबा पर खाना खाने गए थे। बाइक सवार तीनों



युवक देर रात करीब 11=30 बजे ढाबे से खाना खाकर अपने घर वापस लौट रहे थे और वह कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के गेट नंबर 1 से चंद कदम आगे बढ़े ही थे कि किसी अज्ञात जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार युवक राजन पाठक और सुनील कुमार मौर्य सड़क पर ही गिर गए। जबकि बाइक पर सवार तीसरा युवक मोहम्मद शान दूर जा गिरा। इतने में कोई अज्ञात भारी वाहन चालक दोनों युवकों राजन एवं सुनील को रौंदता हुआ आगे भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही कुमारगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने क्षेत्रीय लोगों की मदद से तीनों युवकों को 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय पिठला पहुंचाया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने दो युवकों राजन एवं सुनील को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुमारगंज पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल मामले में पीड़ित परिवारों की तरफ से मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। हालांकि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई है जो छानबीन में जुटी है।

## प्रधान प्रतिनिधि मोबीन अहमद ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**कोछा बाजार-अयोध्या।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के डड़वा सोनबरसा मुसलमीन धमसा माता स्थान कोछा मे श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित किया जा रहे नव दिवसीय रामलीला मंचन का दशहरे के दिन मंगलवार की रात समापन हो गया। रामलीला मंचन के आखिरी दिन प्रधान प्रतिनिधि एवं समाजसेवी मोबीन अहमद ने फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लीला असत्य पर सत्य की जीत का पैगाम देती है। भगवान राम और रामायण आदर्श पात्रों के आदर्श जीवन चरित्र का सभी को अनुसरण करना चाहिए। जिससे रामलीला



मंचन की सार्थकता सिद्ध हो सके। आखिरी दिन रामलीला मंचन में स्थानीय ग्रामीण कलाकारों द्वारा मेघनाथ अहिरावण रावण वध विभीषण का राजतिलक आदि लीलाएं प्रस्तुत की गई। रामलीला मंचन के कई प्रसंग पर दर्शक भावुक और रोमांचित हो गए।

## सभी विभाग राजस्व वसूली में निरंतर प्रगति लाएं: मण्डलायुक्त

## खनन वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाए, विद्युत विभाग बढाएं वसूली

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि मण्डल के जनपदों में राजस्व देयों की वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होने विद्युत, कृषि विपणन की वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि लक्ष्य तक ही सीमित न रहे, लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक वसूली सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने नगर निकायों को आय के स्रोत बढ़ाने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद आयुक्त सभागार कक्ष में कर-करेत्तर राजस्व टास्क फोर्स राजस्व कार्यों की समीक्षा, चकबन्दी कार्यों एवं वादों की प्रगति की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने अपर जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन अधिकारियों को सक्रिय करते हुए अधिक से अधिक खनन वाहनों की चेकिंग बढ़ाने के साथ ही अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यवाही की कार्ययोजना बनाते हुए प्रभावी ढंग से क्रियान्वित



करें। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागें को सुधार करनें के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने वाणिज्यकर विभाग को निर्देश दिए कि सुनिश्चित किया जाए कि कंही पर भी टैक्स चोरी न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खनन की गाडियां शहर के अंदर से आवगमन न करें। कृषि विपणन विभाग में होने वाली राजस्व कमी के दृष्टिगत निर्देश दिए कि गत वर्षों के सापेक्ष वर्तमान की तुलनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नगर विकास विभाग को रजिस्टर्ड घरों से शत-प्रतिशत हाउस टैक्स वसूली करने के साथ इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने विद्युत देय की कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वर्तमान में चल रहे अभियानों के अंतर्गत वसूली बढाने के निर्देश दिए। जिन विभागों की प्रगति धीमी है वो पूरी सक्रियता के साथ राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप करें।

राजस्व वादों को यथाशीघ्र निस्तारित करने के साथ ही रियल टाइम खतौनी के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसीलों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्गत किए जाएं। स्वामित्व योजना के तहत शेष कार्यों यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रारूप में कार्यों एवं राजस्व देयों की वसूली में निरंतर प्रगति आनी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करने पर उन्होने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति न हो। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। गुणवत्तापूर्ण तरीके एवं समयबद्धता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

## गाजा बाजा के साथ शोभा यात्रा निकाल कर दुर्गा जी की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर-अयोध्या।** शहर से लेकर गांव तक विसर्जन शोभा यात्रा की रही धूम नगर पंचायत में बीकापुर में स्थापित हुई दुर्गा जी की प्रतिमाओं का गाजा बाजा के साथ शोभा यात्रा निकालकर मंगलवार देर रात तक विसर्जन के लिए ले जाया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के समय बीकापुर बाजार प्रयागराज हाईवे के किनारे जगह जगह स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी बीकापुर कार्यालय के निकट, कोतवाली के सामने, तहसील के सामने, पशु चिकित्सालय के पास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने, बजरंग सरस्वती विद्यालय के पास, बिलारी माफी, चांदपुर के पास, जलालपुर माफी सहित कई जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया था। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, संजय तिवारी, ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, लाल मणि निषाद, भरत की श्रीवास्तव, सभासद, राजन पांडे प्रहलाद मौर्य, विनय पांडे, अंकित गुप्ता, बंटी सिंह, अशोक कसौधन, राजेश मोदनवाल सहित तमाम लोग जगह-जगह आयोजित किए गए भंडारे में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कई जगहों पर आयोजित किए गए भंडारे का शुभारंभ कराया गया।

## हाईकोर्ट बैंच स्थापना को अधिवक्ता आरपार का करेंगे आंदोलन: अरविंद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की खण्डपीठ को स्थापित किए जाने के लिए अधिवक्ता आगामी 28 अक्टूबर को गाजियाबाद में बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव पर भी भाजपा का समर्थन करने या बहिष्कार करने भी विचार किया जायेगा। आज दीवानी न्यायालय बार संघ कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कहा कि पिछले 40 वर्षो से पउप्र में हाईकोर्ट बैंच स्थापना को लेकर जनहित के आंदोलन को अहिंसावादी व गांधीवादी तरीके से चला रहे है और इस आंदोलन में पदयात्रा, जेल यात्रा, जनान्दोलन भी हो चुके है, लेकिन अभी तक वर्तमान सरकार व निवर्तमान सरकारों ने हाईकोर्ट बैंच की खण्डपीठ स्थापना को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया है, जिस कारण गरीब व्यक्ति सस्ता व सुलभ न्याय पाने से वंचित है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर अब इस आंदोलन को नये तरीके से लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन है और कोई भी सांसद इस आवाज को लोकसभा में उठाने का काम नहीं करता है। जनप्रतिनिधियों ने कभी नहीं चाहा कि इस आंदोलन को गति मिले और इस समस्या का निराकरण हो सकें। सत्ता से बाहर आने पर सभी राजनीतिक दल अधिवक्ताओं का समर्थन कर हाईकोर्ट बैंच स्थापना कराये जाने का आश्वासन देते है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में जनप्रतिनिधि भी नहीं चाहते कि इस समस्या का निराकरण हो। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपना नुक्सान कर जनहित की लड़ाई को लड़ने का काम कर रहे है, क्योंकि हाईकोर्ट बैंच स्थापना से पश्चिमी उप्र के 22 जिलो के अधिवक्ताओं को आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी, लेकिन इसके बावजूद भी वह इस लड़ाई को जनहित में लड़ने का काम कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी 2024 के होने वाले



लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहिष्कार पर अभी कोई फैसला नहीं है, लेकिन चुनाव में भाजपा को इस मुद्दे पर बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि आगामी 28 अक्टूबर को केन्द्रीय संघर्ष समिति की होने वाली बैठक में आंदोलन को लड़ने की रूपरेखा तय की जायेगी। उसके बाद नये तेवर व नये कलेवर में बैंच स्थापना को लेकर अधिवक्ता निर्णायक आंदोलन करेंगे। वार्ता में पूर्व बार संघ अध्यक्ष अभय सैनी, राजेन्द्र चौधरी, सचिव मुनव्वर आफ्ताब अली, पूर्व सचिव नीतिन शर्मा, सचिव स्वराज सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनायी महाराजा रणवीर सिंह रोहिला की जयंती

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद द्वारा महाराजा रणवीर सिंह रोहिला की जयंती धूमधाम से मनाई गई और उनके आदर्शो से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। आज जेल चुंगी स्थित जिला कारागार के सामने रोहिला चौक पर अखिल भारतीय रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद महाराजा रणवीर सिंह रोहिला की 820वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।

## नालंदा वर्ल्ड स्कूल ने क्रिकेट मैच जीत ट्राफी पर किया कब्जा

**सहारनपुर।** अंतर विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज नालंदा वर्ल्ड स्कूल एवं दून वैली पब्लिक स्कूल देवबंद के बीच खेला गया, जिसमें नालंदा वर्ल्ड स्कूल की टीम ने 113 रनों से जीत हासिल कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया। आज मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर चल रही अर्न्तविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया, जिसमें नालंदा पब्लिक स्कूल की टीम ने 113 रन से मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। पहले खेलते हुए नालंदा वर्ल्ड स्कूल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट होकर 182 रन बनाएं। उनकी तरफसे सुधांशु तथा विकल ने 29-29 रनों का योगदान किया। इसके अलावा वीर ने 27 रन तथा अर्णव ने 19 रन का योगदान दिया। दून वैली पब्लिक स्कूल देवबंद की टीम 12 ओवर में 69 रन पर आउट हो गई।

## तीन दिवसीय कबीर मेला एवं आध्यात्मिक सम्मेलन का हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति, जियनपुर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय परंपरागत कबीर मेला एवं आध्यात्मिक सम्मेलन का मंगलवार को महोबरा बाजार चौराहा के समीप समापन हुआ। कबीर मेला एवं आध्यात्मिक सम्मेलन के अंतिम दिन मुख्य अतिथि साधु-संत समाज प्रदेश अध्यक्ष सतनाम साहेब ने कहा कि सद्गुरु कबीर संपूर्ण मानव एकता के पुजारी रहे। वह सभी व्यक्तियों से अपने चाल-चरित्र को आइने की तरह स्वच्छ एवं पवित्र रखना चाहते थे। विशिष्ट अतिथि अरविंद सिंह बौद्ध ने कहा कि कबीर दास समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने समाज को एकसूत्र में पिरोया। अयोध्या की धरती पर कबीर मेला का आयोजन कर समिति के लोग एक अलख जगाने का कार्य कर रहे हैं। मुख्य प्रवचनकार संतोष साहेब नेपाल, चेतन साहेब गोंडा व महंत जानकी दास झांसी ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ने अपने भजनों एवं काव्य पदावली द्वारा अनेकों पद्य की रचना किया, जिससे समाज में छुआछूत-भेदभाव दूर हो। उन्होंने काकड़-पाथर छोड़कर, महजिद लियो बनाय। तापर मुल्ला वांग देय, क्या बहिरो भये खुदाय।। पाथर पूजै हरि मिले, तो मैं पूंजू पहाड़। ऐसे पद्यों को सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सदस्य माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड डॉ. दशरथ चौधरी ने कहा कि संत कबीर दास की महत्ता अनंत है। उन्होंने हमेशा वाह्य आडंबर, छुआछूत व सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आध्यात्मिक सम्मेलन में डॉ. दिलीप सिंह, अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज, विजय विक्रम आर्य बस्ती, डॉ. अजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर के अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास ने कहा कि यह आश्रम का परंपरागत कार्यक्रम रहा। जो स्वरूपलीन सद्गुरु रामसूरत साहेब व उदार साहेब की पुण्य स्मृति पर आयोजित हुआ।

विगत कई वर्षों से कार्यक्रम चल रहा है। सुबह बीजक का पाठ हुआ। फिर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम। प्रख्यात भजन गायक रामप्रसाद साहेब मंडली आकाशवाणी कलाकार गोरखपुर ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आध्यात्मिक सम्मेलन का संचालन समिति के मंत्री विवेक ब्रह्मचारी ने किया। इससे पहले श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## रावण वध के साथ संपन्न हुई विजयादशमी



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवां(महराजगंज)।** नवरात्र के अवसर पर नौतनवां नगर में वर्षों से आयोजित हो रहा रामलीला कार्यक्रम इस वर्ष भी बड़े धूम धाम से आयोजित हुआ। विजयदशमी के दिन रामलीला समापन (रावण दहन) कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। नगरपालिका पालिका अध्यक्ष ने कहा कि विजयादशमी का यह पर्व हमारी महान सनातन परंपरा का पर्व है। यह बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख प्रहलाद प्रसाद, अनिल मद्धेशिया, धर्मात्मा जायसवाल, जयप्रकाश मद्धेशिया, सुरेन्द्र बहादुर जायसवाल, अमित यादव, अशोक रौनियार, संजय पाठक, राहुल दूबे, अभय कुमार, संजय मौर्या, अनिल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में नौतनवा क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## दो बाईक के टक्कर में तीन घायल

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के फुलमनहां ग्रामसभा के भगतपुर नहर के पास बुधवार की दोपहर दो बाईक के बीच टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान बृजमनगंज थाना क्षेत्र के लेहड़ा ग्रामसभा के महजिदीय टोला निवासी सरजू और उनकी माता विमलावती और दूसरा बाइक सवार अवधेश यादव ओरियापुर घायल हो गए।

## प्राचीन ऐतिहासिक रामलीला मेला छह नवम्बर से

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज में हर वर्ष लगने वाले प्राचीन एतिहासिक रामलीला मेले का आयोजन इस वर्ष छह और सात नवम्बर को लगेगा। नगर पंचायत बृजमनगंज कार्यालय पर प्राचीन और ऐतिहासिक रामलीला मेला को लेकर रामलीला समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से छह नवम्बर को दिन में रामलीला और शाम को रावण बध होगा व सात नवंबर को शाम 6 बजे से भगवान श्रीराम चन्दर और लक्ष्मण जी का डोला पुरे कस्बे में भ्रमण करेगा और रात्र 12 बजे भरत मिलाप होगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष व रामलीला समिति के संरक्षक राकेश जायसवाल, रामलीला समिति के अध्यक्ष रामकुमार कसौधन, कोषाध्यक्ष रूपनारायण जायसवाल, महामंत्री नटवर गोयल, संरक्षक व महंत दिवाकर शुक्ला, आशीष जायसवाल, चंदू सिंह, सभासद प्रतिनिधि झीनक विश्वकर्मा, झीनक चौधरी, सन्नी रैना, पिंटू यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल कस्बा के चमनगंज चौराहे पर मंगलवार की रात में बाइक सवार तीन युवकों ने एक साइकिल सवार को ठोकर मार दिया। इस हादसे में चारों घायल हो गए। ग्राम बैदौली निवासी अनिल अपनी साइकिल से निचलौल की तरफ आ रहा था। इस बीच बहुआर कला निवासी धीरू, शमशाद और गोलू एक ही बाइक से सिसवा में दुर्गापूजा का मेला देखने जा रहे थे। इनकी बाइक ने साइकिल सवार को ठोकर मार दिया। चारों घायल हो गए। इन्हे इलाज के लिए निचलौल सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां इनका इलाज चल रहा है।

## मतदाता पुनरीक्षण में मतदाताओं को जोड़ने में जुटा प्रशासनिक अमला

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में



राजनीतिक दलों के साथ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण 27 अक्टूबर से शुरू करने की तैयारियों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद का मतदाता लिंगानुपात प्रदेश के औसत से कम है, इसलिए प्रशासन का उद्देश्य इस औसत में सुधार करना और ज्यादा से ज्यादा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को जोड़ना है। सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा है कि प्रशासन के इस अभियान में उनका पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों की सूची ससमय प्रशासन को उपलब्ध करा दें और प्रयास करें कि अभियान के दौरान बूथ लेवल एजेंट को बदला न जाए ताकि पार्टी का एजेंट बीएलओ के साथ समन्वय कर पुनरीक्षण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित करने में सहयोग दे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार पुनरीक्षण अभियान में प्रशासन का प्रयास है कि दिव्यांग, वनटांगिया, थर्ड जेंडर, 18 से 19 आयु वर्ग के युवा और महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ सकें। इसलिए सभी लोगो से अनुरोध है उक्त समूह के मतदातों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने हेतु प्रेरित करें।

## श्रद्धा भक्ति के साथ शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

*अवधनामा संवाददाता*

**फरेन्दाझबृजमनगंज(महराजगंज)** फरेन्दा तहसील क्षेत्र में शारदीय नवरात्र श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के



बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। अधिकांश पूजास्थलों से विधि विधान से कलश विसर्जन किया गया। मंगलवार को विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकालकर क्षेत्र के पवित्र नदी एवं पवित्र पोखरा में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित कर दिया गया। स्थानीय प्रशासन द्वारा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्य मार्ग से लेकर चौक चौराहों पर पुलिस की सक्रियता सुनिश्चित किया था। कस्बे के दुर्गा मंदिर, मिलगेट,धानी ढाला, रेलवे प्रांगण, प्रेम मंदिर रोड, बनकटी आदि पूजा स्थलों से त्रिमोहानी , हड़हवा, लेहड़ा पोहनाला व धानी के राप्ती नदी में प्रतिमा विजर्सन किया गया। इस दौरान विसर्जन स्थलों का एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार द्वारा राजस्व कर्मियों व पुलिस प्रशासन के साथ सुरक्षा हेतु सजग दिखाई दिए। वहीं बृजमनगंज क्षेत्र में भी स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। जो भिन्न भिन्न मार्गो से होते हुए भैसासुर पोखरा और बनगढ़िया जाकर विसर्जन के बाद संपन्न हुई।

# भक्तों ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

अवधनामा संवाददाता



○ शारदीय नवरात्र संपन्न होने पर माता रानी के विविध स्वरूपों का पूजन अर्चन करने के बाद धूमधाम से दी गई विदाई

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि अर्थात विजयादशमी पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हो रहा है। महिलाओं ने किया सिंदूरदान। आज मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। दुर्गा पूजा पंडालों में पूजा समाप्त होने के बाद भक्त नम आंखों से मइया की मूर्ति का विसर्जन कर रहे हैं।

बांसी राप्ती नदी के पावन तट पर कृत्रिम तालाब में मूर्ति विसर्जन कर रहे हैं। मंगलवार को विसर्जन से पहले पंडाल में भक्तों ने एक पात्र में नदी का जल भरकर उसके अंदर शीशा रखकर मां के स्वरूप का दर्शन किया। उन्हें दोधि कर्मा (चिवड़ा, दही व चीनी) का प्रसाद अर्पित करके भक्तों ने उसे ग्रहण किया।बांसी शारदीय नवरात्र संपन्न होने पर माता रानी के विविध स्वरूपों का पूजन अर्चन करने के बाद अब उनकी धूमधाम से विदाई की गई। दुर्गा पंडालों से मूर्तियों को विसर्जन के लिए नाचते गाते जयकारे लगाते धूमधाम से ले जाया जा रहा है।बांसी नगरपालिका क्षेत्र में कुल 72 से अधिक स्थानों पर पंडाल सजाए गए थे। यहां मूर्तियों की स्थापना करके पूजन अर्चन किया जाता रहा। कन्या पूजन, भंडारा, जगराता, की धूम मची रही। श्रद्धालु परिवार सहित माता रानी के दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे।नवमी को हवन करने के बाद दशमी को मूर्तियों का विसर्जन किया जा रहा है। नदियों में मूर्ति विसर्जन पर कोर्ट की पाबंदी के कारण तालाब बनाए गए पंडालों की मूर्तियों के विसर्जन के लिए राप्ती नदी के किनारे पोखरा बनाया गया है। जहां सुविधापूर्ण विसर्जन हो सके। नपाध्यक्ष बांसी चमन आरा ने बताया कि यहां पर लगभग 3बजे से विसर्जन शुरू हो चुका है। यहां बांसी नगरपालिका ही नहीं देहात क्षेत्र की भी बहुत सी मूर्तियां विसर्जन के लिए धूम मचाई हुई है।

लोग माता रानी की विसर्जन शोभायात्रा में अबीर गुलाल उड़ा रहे हैं। उनके भजन पर थिरकते श्रद्धालु काफी दूर तक पैदल ही जाते नजर आ रहे हैं।नगरपालिका के अधिषासी अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि नगरपालिका द्वारा कृत्रिम पोखरे का निर्माण कराया गया पथ प्रकाश की पूरी व्यवस्था की गई है सुरक्षा को देखते हुए दो नावें की व्यवस्था की गई साथ ही साथ किसी भी समस्या से निपटने के लिए दो कैप कार्यालय का व्यवस्था किया गया है। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि विसर्जन स्थल पर पुलिस की कड़ी व्यवस्था है। नदियों की ओर जाने से भीड़ को रोका जा रहा है ताकि कोई हादसा ना होने पाए। विसर्जन शोभायात्राओं के साथ ही पुलिस प्रशासन चल रही है। क्षेत्राधिकारी बांसी देवी गुलाम ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बहुत ही कडे इंतजाम किए गए हैं।ड्रोन द्वारा विसर्जन स्थल की निगरानी कि जा रही जहां तमाम पुलिस बल मुस्तैदी के साथ निगाह बनायें हुये हैं वहीं महिला आरक्षी सादे लिवाश में महिलाओं के बीच निगहबानी कर रही है।प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने कहा हमारे पुलिस के जवान नगरपालिका क्षेत्र ही नहीं बल्कि कोतवाली क्षेत्र तमाम विसर्जन स्थल पर पुलिस निगाह बनाए हुए हैं और हमकों अपडेट करते रहते हैं।बांसी नगर के वरिष्ठ नागरिक नरेश चंदवानी जी का कहना है कि राप्ती नदी के तट पर जहां दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने वाले भक्तगण पहुंच रहे है वहीं नगर पालिका प्रशासन द्वारा पीने का पानी का व्यवस्था नहीं कराया गया जिससे लोगों में रोष है। इस पर नगर पालिका प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए। इस दौरान पुर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी, पूर्व विधायक लालजी यादव, नायब तहसीलदार राघवेंद्र पान्डेय व विंद्रेश कुमार गुप्ता, अमित सिंह, राजस्व निरीक्षक कन्हैया सिंह, शिवपुजन यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल हर्वजीत सिंह, जगबीर सिंह, ग्रीश श्रीवास्तव नपा के ग्रीश चंद्र पान्डेय, रामधिरज त्रिपाठी, अवर अभियंता अब्दुल करीम, अमरेंद्र कुमार, इसरत जमील, सोनू जयसवाल, राजेश सोनी, अरुण गुप्ता, प्रमात्मा, बरकत राइनी, सैयद कुतुब, नीलेश निशाद, साकिर, संतोष गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन धन्नजय मिश्र ने किया।

## बहला- फुसला कर भगाई गई किशोरी का शव बरामद, मुकदमा पंजीकृत

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बहला-फुसला कर भगाई गई कोतवाली क्षेत्र के ढढौरा निवासी एक किशोरी का शव कोतवाली पुलिस द्वारा उसी दिन बरामद कर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। 24 अक्टूबर को ढढ़ौरा निवासी अब्दुल जब्बार पुत्र सादिक अली ने कोतवाली में दिए गए तहरीर में पडोसी गाँव भिटिया निवासी इसरार पुत्र महाजन व उसके भाई इस्माईल पर उपरोक्त आशय का आरोप लगाया है। तहरीर प्राप्त होते ही कोतवाली पुलिस ने बिना विलम्ब किए गाँव में पहुँच कर जांच पडताल शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर बाद बकरी चरवाहे बच्चों से सूचना मिली कि एक लडकी का शव भुसौला गाँव के उत्तर स्थित गडही के किनारे पडा है। मौके पर पुलिस के साथ पहुंचे परिजनों ने शव का शिनाख्त कर लिया। शव देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मंगलवार को ही पीएम हेतु भेज दिया था। इस बावत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# खून की कमी से नहीं जाने पाएगी किसी की जान: कैसर अब्बास रिजवी

अवधनामा संवाददाता



○ अस्वस्थ होने के बावजूद भी ड्यूटी के साथ साथ समाजसेवा भी कर रहे हेड कांस्टेबल रिजवी

**सुल्तानपुर।** परोपकाराय सतां विभूतय शास्त्र की उक्ति को चरितार्थ करते हुए बंधुआ कला थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी युवाओं को साथ लेकर अपना खून देखकर लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। इन्होंने खून देने वाली युवाओं की एक टीम तैयार कर रखी है यह टीम यदि किसी ऐसे ग्रुप के खून की जरूरत होती है जो उनकी टीम के सदस्यों का नहीं होता तो यह इंतजाम भी करते हैं। इनका उद्देश्य है कि खून की कमी से किसी की जान न जाए। उनका कहना है कि किसी भी धर्म या जाति के लोग खून के लिए कभी भी हमसे संपर्क कर सकते हैं।

टीम के सक्रिय कार्यकर्ता हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी का कहना है कि हमारा मुख्य लक्ष्य है कि जब भी किसी भी मरीज को चाहे वह किसी भी धर्म से हो अगर उसे खून की जरूरत है तो उसे इस समय बिना किसी शुल्क के खून दिया जाए। उनकी टीम में युवा पुलिसकर्मी के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य युवा भी शामिल है इनका एकमात्र मकसद अपना खून देकर लोगों की जान बचाना है। कोरोना काल में हेड कांस्टेबल रिजवी सैकड़ो बुजुर्गों व महिलाओं को खून देकर उनकी जान बचाने का काम किया है। रिजवी इन दिनों शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के बावजूद भी उनके प्रयास से प्रदेश में इस समय चल रहे डेंगू बुखार के कहर से उनकी टीम ने सुल्तानपुर जिले के साथ-साथ लखनऊ, गोंडा, बस्ती सिद्धार्थनगर, अयोध्या में 2 से 19 अक्टूबर तक अभी हाल में ही दर्जनों युवाओं को खून देकर उनकी जान बचाने का काम किया है। हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने सभी युवाओं से अपील की है कि वह भी इस विषम परिस्थिति में पूरी सावधानी बरतते हुए रक्तदान करें जिससे रक्त की कमी न हो।

# माप्रारा दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता





○ दावे एवं अपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक

**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री के साथ मतदेय स्थलों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त राजनैतिक पार्टियों के द्वारा समस्त विधान सभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथों के लिए एक-एक बीएलए (बूथ लेबिल ऐजेन्ट) नियुक्त किया जाना है। वर्तमान समय में अभी तक किसी भी पार्टी के द्वारा निर्वाचन कार्यालय को बीएलए की सूची प्राप्त नहीं करायी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ लेबिल एजेन्ट द्वारा एक बार में 10 और पूरी पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कराये जा सकते हैं। उससे अधिक बल्क में फार्म स्वीकार नहीं होगा। विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं अपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर है। उक्त के अतिरिक्त विशेष अभियान की तिथि दिनांक 4, 5, 25 व 26 नवम्बर तथा 2 व 3 दिसम्बर को आयोजित किया जायेगा। विशेष अभियान की तिथियों में अपने-अपने बीएलए को सम्बन्धित बूथों पर उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें। जिससे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया है, उनका नाम नियमानुसार सम्मिलित करायें। आलेख्य प्रकाशन के समय जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष /मंत्री अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि को समस्त विधान सभा क्षेत्रों को वर्तमान समय की एकीकृत मतदाता सूची का एक-एक सेट निःशुल्क प्राप्त करा दिया गया है।

डीएम ने बताया कि मतदाता सूची का आयोग के द्वारा साफटवेयर पर मुद्रण का कार्य कराया जा रहा है जिसे 27 अक्टूबर को प्राप्त करा दिया जायेगा। विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को शतप्रतिशत सफल बनाने में आपके सहयोग की आवश्यकता है। डीएम ने सभी राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि आप भी अपने बूथ लेबिल ऐजेन्ट के माध्यम से गांव गावं में व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अर्ह मतदाता का नाम सम्मिलित करायें। बैठक में भाजपा के चुनाव संयोजक सच्चिदानंद, दीपक मौर्य, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी अकरम अली सिद्दीकी, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी, बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव चन्द्रिका प्रसाद गौतम तथा प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अब्दुल जब्बार व अन्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ विजयदशमी पर्व

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विजयदशमी (दशहरे) का पर्व मनाया गया। जनपद मुख्यालय सहित जिले के कई हिस्सों में स्थापित मां दुर्गा के पांडालों एवं उसका बाज़ार में ऐतिहासिक रामलीला मंचन में सांसद जगदम्बिका पाल ने पहुंच कर पूजा अर्चना किया। देर रात में निकले डोलों ने पूरे शहर का भ्रमण किया। विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों में शामिल हजारों की संख्या में लोग दुर्गा मां की जयकारा लगाते हुए खुशी से झूमते नाचते नजर आए। इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। देश के लोग इस त्यौहार को हर्षोउल्लास के साथ मना रहे हैं। सांसद ने लोगों से आपसी भाईचारा के साथ त्योहारों को मनाने की अपील किया।

## अधेड़ की मौत

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** सब्जी खरीदने बाइक से जा रहा अधेड़ अचानक बाइक लेकर गिर गया जिसे गंभीर चोटे आई। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। प्रकरण जैतपुर थाना क्षेत्र के अंबरपुर बाजार की है थाना क्षेत्र के सवरगह गांव निवासी लाल जी कनौजिया पुत्र श्री राम उम्र लगभग 47 वर्ष बीते मंगलवार को देर रात अपनी बाइक से सब्जी लेने के लिए अंबरपुर बाजार जा रहे थे जहां अचानक रास्ते मे बाइक लेकर गिर पड़े जिससे गंभीर चोटे आई इन्हें इलाज हेतु जलालपुर अकबरपुर तथा लखनऊ ले जाया गया कुछ तबीयत में सुधार होने से घर लाया गया जहां पुनः अचानक तबीयत खराब हो गई जिन्हें पुनः नगपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## सपा ने अजय को बनाया छात्र सभा राष्ट्रीय सचिव



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के दिशा निर्देश पर सामाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने अजय चौरसिया को समाजवादी पार्टी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव बनाया। इससे पूर्व अजय चौरसिया समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव रहे समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अजय चौरसिया ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संगठन के हित में कार्य करते हुऐ पार्टी को और मजबूत बनाने का काम करेंगे।

## होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पांडे होम्यो क्लीनिक अमर गांधी स्कूल के पूर्व रामगढ़ रोड जलालपुर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 550 मरीजों का निशुल्क परीक्षण कर उन्हें दवाइयां का वितरण किया गया आयोजक डॉक्टर डीपी पांडे ने बताया कि इस शिविर में साइटिका ब्लड प्रेशर शुगर पी लिया एलर्जी इस्नोफीलिया मिर्गी ल्यूकोरिया सहित अन्य तमाम बीमारियों की जांच की गई तथा निशुल्क दावों का वितरण किया गया।

## 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जवाहर नवोदय विद्यालय बसन्तपुर बांसी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में पार्श्व चयन परीक्षा 2024- 25 में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियो के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हेतु पोर्टल की शुरूआत कर दी गयी है। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु छात्र / छात्राओं को जनपद सिद्धार्थनगर के किसी भी सरकारी / मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा-9 के लिए कक्षा--08 में अध्ययनरत होना चाहिए एवं उनकी जन्मतिथि 1 मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के मध्य होनी चाहिए तथा कक्षा-11 के लिए कक्षा-10 में अध्ययनरत होना चाहिए एवं जन्मतिथि 1 जून 2007 से 31 जुलाई 2009 के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 31 अक्टूबर तक Website :https://navodaya.gov.in, https://cbseit-ems.nic.in/wfiwx/nvsi पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष मिश्र ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## दो दिवसीय कजरी महोत्सव का शुभारंभ हुआ

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बस्ती टाउन क्लब में दो दिवसीय कजरी महोत्सव के भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मा. सांसद हरीश द्विवेदी, जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय तथा बाहर से आए ख्याति प्राप्त कलाकारों ने लोकगीतों से शमा बांध दिया, बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शक झूम उठे। जनपद के विभिन्न विद्यालयों ने कजरी महोत्सव के मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जहां एक तरफ राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की बच्चियों ने पिया मेहंदी लिया दा, मोती झील से गाने पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं बेगम खैर पांडे गर्ल्स झिनकू लाल त्रिवेणी राम आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटेश्वर पार्क, जीआरएस इंटर कॉलेज, कंपोजिट स्कूल गांधीनगर आदि विद्यालयों से आए बड़ी संख्या में बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया, वहीं एकल गीत में राशि श्रीवास्तव ने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में फ्रेंड्स क्लब की महिलाओं तथा चित्रांश क्लब की महिलाओं ने भजन गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

## अग्निपीड़ित परिवार के घर पहुँचे एसडीएम सदर

**कुदरहा, बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव में रिहायशी छप्पर में आग लगने से 72 साल की बुजुर्ग मुरता देवी की झुलस कर मौत बाद अग्नि पीड़ित के घर पहुंचकर एसडीएम सदर गुलाब चंद विधायक महादेवा दूधराम ने परिवार वालों से मुलाकात की, उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने मृतका के पुत्र त्रिलोकी को 5 हजार, ग्राम प्रधान राम दौड़ ने 2 हजार नगद धनराशि का मौके पर सहयोग दिया इस दौरान नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल, क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार, पशुचिकित्साधिकारी कुदरहा फजील खान, थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज कुदरहा अरविंद यादव,ग्रामीण आदि मौजूद रहे। मंगलवार को दिन में लगभग 2 बजे अज्ञात कारणों से त्रिलोकी पुत्र कीले के रिहायसी छप्पर में आग लग जाने से उसकी मां मुरता देवी (72) आग में झुलस गई थी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे के तेज ध्वनि पर छावनी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को थानाध्यक्ष छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय मय टीम हे. का. कमलेश यादव व हे.का. विक्रान्त के साथ ड्यूटी दूर्गा प्रतिमा विसर्जन में मौजूद थे कि समय करीब 22.30 बजे काफी तेज ध्वनि में डी0जे0 बजने की आवाज आ रही थी, आवाज सुनकर मौके पर पहुचे ते एक डीसीएम वाहन संख्या यूपी 51 बीटी 2268 पर डीजे लगा काफी तेज ध्वनि में बजाता हुआ जाता दिखायी दिया, जिसकी वजह से आने जाने वाले राहगीर एवं ग्राम वासियों को काफी असुविधा हो रही थी, हम पुलिस वाले जब वाहन के पास पहुंचे तो वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गया एवं डीजे मालिक/आपरेटर मौजूद मिला, जिससे डीजे को बन्द करवाया गया तथा मौके से साउण्ड -08, मिक्सर मशीन- 05, जनरेटर- 02, ट्यूटर- 44, हार्न- 04, एमप्लीफायर- 02, डी0जे0 लाइट- 04, एफएम माइक- 02 कब्जे में लिया गया इनका यह कार्य ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियन्त्रण) नियमावली 2000 के नियम 5/6 के अन्तर्गत प्रतिबन्धित है, डीजे स्वामी द्वारा प्रतिबन्धित समय रात्रि 10.00 बजे से सुबह 06.00 बजे के मध्य तेज ध्वनि से डीजे बजाया जा रहा था, जिससे जन सामान्य के स्वास्थ्य के लिए खतरा था, इनका कार्य पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है जिनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।




# एसडीएम का बीडीओ को निर्देश जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें

अवधनामा संवाददाता



○ कूड़ा घर घटिया ईट व कम सीमेंट तथा नदी के बालू का किया जा रहा है निर्माण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड के ग्राम पंचायत भवांरी मे निर्माण हो रहे कूडा घर मे भारी अनियमितता किया जा रहा है। जहां तृतीय श्रेणी के ईटों के साथ रेत के जगह पर नदी के बालू का स्तेमाल किया जा रहा है। ग्राम पंचायत भवांरी के प्रधान एवं सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में आर आर सी भवन करीब 4 लाख की लागत से बनाए जा रहे, नींव में नदी का बालू और पीला ईट कम सीमेंट मिलाकर घटिया स्तर के बनाए जा रहे हैं। जिस कारण उक्त भवन कितने दिन चलेंगे यह जांच के बाद पता चल सकता है। भंवारी के ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल के पीछे बन रहे कुड़ा घर द्वारा प्रधान एवं सचिव के माध्यम से बनवाए जा रहे इसके निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण घटिया स्तर का काम किया जा रहा है। निर्धारित एस्टीमेट के अनुसार काम ना कराकर नीव में गिट्टी सीमेंट एवं रेता की जगह नदी की लोकल बालू तथा बहुत कम मात्रा में सीमेंट डालकर नींव को ही कमजोर बनाया जा रहा है, जिस कारण यह भवन घटिया स्तर के बन रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नींव बनाने में गिट्टी रेता लोहा सरिया एवं अच्छी मात्रा में सीमेंट का इस्तेमाल होना चाहिए जिससे वह मजबूती पकड़ सके, ग्रामीणों ने अधिकारियों से घटिया निर्माण कर बनाए जा रहे भवन की जांच करा कर दोषीयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भंवारी अस्पताल के पीछे बन रहे कुड़ा भवन करीब 4 लाख की लागत से बनाए जा रहे। घटिया रेती बालू ईंट से निर्मित भवन कितने दिन चलेगा यह जांच का विषय है। इस मामले में ग्रामीण द्वारा उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के समक्ष ईट प्रस्तुत किया गया जिस पर एसडीएम में खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी अजय कुमार राय ने इस संबंध में कहां उक्त ईट घटिया किस्म की है उक्त ग्राम पंचायत में निर्माण हो रहे आर आर सी सेंटर के ईट व मसाले की जांच की जायेगी गडबडी मिली तो विधिक कार्रवाही की जायेगी।

# प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट सामूहिक विवाह को लेकर अंतिम सूची जारी

अवधनामा संवाददाता



**बसखारी अंबेडकरनगर।** आगामी 3 नवंबर को प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए निर्धारित रजिस्ट्रेशन कराने के बाद चयनित हुए अंतिम लिस्ट के जोड़ों एवं अभिभावकों की बैठक कर उन्हें ट्रस्ट के द्वारा की गई तैयारी एवं व्यवस्थाओं के बारे में समझाया गया। साथ ही इस वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले जोड़ों एवं उनके अभिभावकों को अपने संबंधियों को आमंत्रित करने के लिए निमंत्रण पत्र भी वितरित किया गया।

ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव की मौजूदगी में 21 पात्र जोड़ो के अभिभावकों को बारात घर का एलॉटमेंट किया गया। वर पक्ष को हिंदुस्तान मैरिज हाल आजमगढ रोड बसखारी तथा कन्या पक्ष के लिए अवध मैरिज लॉन बसखारी बारात घर एलाट किया गया। आगामी तीन नंबर को ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर पक्ष के लोग ट्रस्ट के सदस्यों की देखरेख में हिंदुस्तान मैरिज हॉल से शाही अंदाज में बारात निकाल कर बसखारी कस्बा होते हुए अवध मैरिज हाल पहुंचेंगे। जहां पर सर्वधर्म सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न होगा।बता दें कि पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव ने सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से गरीब बहन बेटियों की शादी राज शाही अंदाज में करने की बीड़ा ट्रस्ट के माध्यम से उठाया है। शरद यादव ट्रस्ट के माध्यम से विगत 2 वर्षों में 42 शादियां राजशाही अंदाज में कर चुके हैं। और तीसरी बार आगामी 3 नवंबर को सामूहिक सर्वधर्म सामूहिक विवाह के माध्यम से 21 शादियां कराने जा रहे हैं।शरद यादव के द्वारा ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण, ट्रस्ट व पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर के संयुक्त प्रयास से गरीब बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी का निर्वाहन आदि कई सामाजिक कार्य किया जा रहा है।वही ट्रस्ट के महामंत्री मोहम्मद कलाम शाह,सरक्षक सैय्यद खलीक अशरफ के द्वारा चयनित जोड़ों के अभिभावकों को कार्ड तथा अलॉटमेंट लेटर वितरित किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जावेद राइन , सुभाष गुप्ता, अतुल यादव, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अरमान ख़ान मौजूद रहे।

## दुर्गा पण्डाल के सामने डांस कर रहे युवक की मौत

**अम्बेडकरनगर।** दुर्गा पूजा के पंडाल में डांस करते-करते 32 साल के युवक की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें, युवक अपने दोस्तों के साथ डांस करता दिखाई दे रहा है। इसी बीच वह गश खाकर जमीन पर गिरा पड़ता है। साथी उसे उठाने की कोशिश करते हैं। वह नहीं उठा तो उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला सोमवार रात अकबरपुर थाना इलाके के लोरपुर ताजन का है। यहां स्थानीय लोगों ने दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित कर पंडाल बनाया था। बताया जाता है कि देर रात लोरपुर ताजन निवासी 32 साल का मुलायम राजभर पुत्र धर्मराज राजभर अपने दोस्तों के साथ डीजे की तेज धुन पर डांस कर रहा था। डांस करते-करते अचानक मुलायम जमीन पर गिर गया। जिसे वहां मौजूद लोग उठाकर आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दुर्गा पूजा पंडाल में अपने दोस्तों के साथ डीजे पर मुलायम भोजपुरी गाने पर डांस कर रहा था।

## एनटीपीसी टांडा में दुर्गा पूजा एवं रामलीला धूमधाम से मनाया गया



**टांडा अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर में पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गापूजा एवं रामलीला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने पधार कर इन उत्सवों का सपरिवार आनंद उठाया। इसके साथ ही रामलीला परिसर में 24 अक्टूबर को रावण वध का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.सी.पलेइ ने बाण चलाया और रावण के पुतले का दहन कर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर श्री पलेइ ने दशहरा पर्व पर सभी जनपदवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होने कहा कि असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक का यह पर्व विजयदशमी का त्योहार आपके जीवन मे प्रसन्नता लेकर आए, ऐसी शुभकामना है। उन्होने श्री रामलीला मंचन समिति एवं कलाकारों की प्रशंसा की और सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान, उप कमांडेंट (के.औ.सु.ब.) श्री धर्मेन्द्र राजपूत, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेइ एवं सदस्याएं तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एमएसपी की चुनावी बढ़ोतरी

भारत सरकार के कृषि मूल्य आयोग ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। गेहूं रबी के मौसम की मुख्य फसल होती है। 2023-24 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी 150 रुपए कर गेहूं के दाम 2275 रुपए प्रति क्विंटल तय किए गए हैं। यह अभी तक की सबसे अधिक वृद्धि है, क्योंकि यूपीए सरकार के दौरान 2006-07 और 2007-08 में लगातार दो साल फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन तुलना में वे कम थीं। यह एमएसपी वृद्धि महज किसानों के कल्याण और उनकी आर्थिक स्थिति के मद्देनजर नहीं है। इससे किसानों की आमदनी दोगुनी होने लगेगी, ऐसे कोई आसार नहीं हैं। दरअसल बुनियादी व्यवस्था में ही खोट है, क्योंकि किसान की फसल एमएसपी पर नहीं खरीदी जाती। सरकारी खरीद का लाभ बेहद सीमित है। उसका फायदा 10-12 फीसदी किसानों को भी नसीब नहीं है, लिहाजा किसान कृषि की मंडियों में ही फसल बेचने को विवश है। वहां कई तरह की कटौतियों के बाद किसान के हाथ एमएसपी तक नहीं लगता। फसल बेचना उसकी मजबूरी है, लिहाजा किसान कम दाम पर भी फसल बेचने को विवश है।

यही सवाल कई दशकों से किसानों के सामने 'यक्ष' की तरह मौजूद है। मोदी सरकार के 10 साल भी गुजर जाएंगे, लेकिन एमएसपी का सवाल अनुत्तरित रहेगा। वैसे उसने एक समिति का गठन कर रखा है, जिसमें कुछ किसान प्रतिनिधि भी शामिल हैं, लेकिन वह समिति क्या कर रही है, उनका विमर्श किस निष्कर्ष तक पहुंचा है, क्या एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की सिफारिश पर सहमति बन चुकी है, लेकिन लंबा समय बीतने के बावजूद कुछ भी सार्वजनिक नहीं किया गया है। अभी एमएसपी की घोषणा करने के आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक, चुनावी आयाम भी हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एमएसपी में यह आखिरी बढ़ोतरी है। इसके अलावा, पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है। नवम्बर में मतदान होंगे और 3 दिसंबर को जनादेश घोषित किए जाएंगे। इन राज्यों में मध्यप्रदेश और राजस्थान में गेहूं रबी मौसम की प्रमुख फसल है। एमएसपी में बढ़ोतरी की गई है, जाहिर है कि किसानों के वोट बैंक पर निगाहें रही होंगी। वैसे मोदी सरकार ने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में गेहूं का एमएसपी 875 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, जबकि यूपीए सरकार के दौरान यह बढ़ोतरी 770 रुपए क्विंटल की गई थी। धान का एमएसपी भी मौजूदा सरकार ने 873 रुपए क्विंटल बढ़ाया है, लेकिन यूपीए सरकार के 10 साला कालखंड में यह वृद्धि 760 रुपए की गई थी। वैसे ऐसी तुलनाएं ही गलत हैं, क्योंकि मुद्रा के अवमूल्यन और मुद्रास्फीति को भी ध्यान में रखना होता है। बहरहाल एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा तब की गई है, जब सरकारी भंडारणों में गेहूं एक अक्तूबर को 239.95 लाख टन बताया गया है। यह न्यूनतम स्टॉक 205.2 लाख टन से कुछ ही अधिक है।

नई फसल की संभावनाओं को लेकर भी कुछ चिंताएं हैं। देश के प्रमुख जलाशयों में बीते साल जलस्तर 82.4 फीसदी था। बीते 10 सालों में यह औसत 94.4 फीसदी रहा है। एक ताकतवर अल नीनो के सर्दियों से लेकर मई तक जारी रहने की संभावनाएं हैं, नतीजतन वह बारिश को प्रभावित करेगा। सर्दियों में ही कुछ बारिश आती है, तो नमी के साथ-साथ तापमान भी कम रहेगा। रबी की फसल के लिए यह बहुत जरूरी मौसम है। मोदी सरकार आम चुनाव के मद्देनजर आपूर्ति की कमी को लेकर किसी भी तरह का जोखिम उठाने के पक्ष में नहीं है, लिहाजा गेहूं का भंडारण किया जा रहा है। इसी के संदर्भ में सरकारी खरीद भी बढ़ेगी और किसानों को एमएसपी मिल सकेगा, लेकिन ऐसे कितने फीसदी किसान होंगे? यदि आपूर्ति का कोई संकट सामने हो सकता है, तो सरकार गेहूं आयात भी कर सकती है। आयात सस्ता पड़ता है, लेकिन सवाल है कि हमारे किसान गेहूं पैदा करने में आत्मनिर्भर क्यों नहीं?

## कांग्रेसी घुड़की से सोशलिस्ट डरेगा नहीं!



के. विक्रम राव

सोनिया-कांग्रेस के नेतृत्ववाले गठजोड़ के नौ महीने भी पूरे नहीं हुए, भ्रूण-निधन के आसार दिख रहे हैं। सर्जरी कमलनाथ ने कर डाली। वर्ना अखिलेश यादव ने तो (20 अगस्त 2023 को) कहा था कि कांग्रेस से सीटों का बंटवारा कोई मसला नहीं है। लक्ष्य केवल भाजपा की पराजय है। फिर क्या माजरा रहा? पूरे पांच वर्ष तक बड़े प्रदेश के निर्बाध मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव को केवल पंद्रह माह तक सीएम रहे कमलनाथ ने ÷वखिलेश÷ कह दिया। अगड़म-बगड़म अथवा काठ-कबाड़ का बेरतरतीब ढेर लगा दिया कांग्रेसियों ने। अखिलेश ने भी अपने सैफई अंदाज में सोनिया-कांग्रेस को चिरकुट कह दिया। धोखेबाजी का आरोप लगा दिया। मगर इस समाजवादी नेता की आलोचना में दम है, भार है, सार भी। अखिलेश ने इन मध्य प्रदेश कांग्रेसियों दिग्विजय सिंह और कमलनाथ से चर्चा की थी। भरोसा मिला था कि छः सीटों पर विचार करेंगे। फिर सपा को एक भी सीट नहीं दी। हमारे गठबंधन पर कहा गया कि अगर यह सिर्फ लोकसभा में है, तो इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस जैसा व्यवहार सपा के साथ करेगी, उनके साथ वैसा ही किया जाएगा।

अखिलेश यादव नई पौध हैं। नयी पीढ़ी के हैं। खुर्राट कांग्रेसियों को इसका आभास होना बाकी है। उन्हें याद रखना होगा कि समाजवादी कर्णधार, लड़ाकू लोहियावादी मुलायम सिंह यादव को जब इंदिरा गांधी सरकार ने इमरजेंसी (जून 1975) इटावा में कैद किया था तो अखिलेश बीस माह के दुधमुंहे थे। जब मैंने एक भेंट में मुलायम सिंह जी से जेल-यातना के विषय में पूछा था तो उनका जवाब बड़ा मर्मदर्शी था टीपू की याद सताती है। अखिलेश से करीब बीस माह बड़ी तो प्रियंका थीं तब। याद रहे 2017 में राहुल गांधी और अखिलेश में साझेदारी हो गई थी। युवजनों की। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इस निर्णय से गैरकांग्रेसवाद पर पले लोहियावादी बहुत परेशान हुए। दिल जलाने वाला नजारा था, जब कांग्रेस के पंजे निशान और सपा की साइकिल के लिए संयुक्त अभियान चला था। दर्दवाला दृश्य था जब राहुल गांधी और राममनोहर लोहिया की फोटो एक साथ पोस्टरों पर दिखाई देते थे। लोहिया की इतनी अवमानना मैंने सात दशकों के पत्रकारी जीवन में कभी नहीं देखा था। लोहिया और एक अनजाना युवा? सिवाय अपने परदादा (नेहरू) के नाती का पुत्र होने के अलावा क्या अहर्ता है राहुल गांधी की? फिर भी वोट और सत्ता के खातिर अखिलेश ने सौदे किये। त्रासदी सर्जायी। अब एक प्रश्न जरूर उठना है। बल्कि इस बिंदु का उल्लेख हमारे प्रिय और निपुण साथी स्वर्गीय राज बहादुर सिंह ने अपनी विवेचना में (पायोनियर 14 मार्च 2023) ने उठाई थी। उनकी राय थी तीन चुनाव, तीन प्रयोग और तीन असफलताएं। इसके बाद अब चौथा चुनाव 2024 का लोकसभा चुनाव होगा जिसके लिए अखिलेश की रणनीति क्या होगी? क्या वह फिर से कोई नया प्रयोग करेंगे या किसी पहले दिए गए प्रयोग को कुछ संशोधनों के लिए आजमाएंगे?

मगर अपेक्षित गांभीर्य, मर्यादा, शालीनता और संयम दिखा रहे अखिलेश ने बड़ा सटीक और तीखा जवाब दिया। वे बोले जिसके नाम में ही कमल हो, उससे क्या आशा है? फिलहाल इस सपा पुरोधा को मायावती से तो समूची दूरी बनाए ही रखनी चाहिए। पुराना मैनपुरी वाला प्रयोग अब नहीं होना चाहिए। तब अपने पिता के प्रति कर्तव्य निभाते आज्ञाकारी पुत्र ने मायावती को बुवा बनाया था। मुलायम सिंह यादव की विजय नतीजन बंपर वोटों से हुई। फिर उनकी पतोहू डिंपल ने भी उस कीर्तिमान को बरकरार रखा। यूं राष्ट्रीय पैमाने पर अखिलेश ने अपने सभी पत्ते बड़े करीने से फेंटे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारत के लिए एक और सूचकांक गरीबी एवं भूखमरी से जुड़ा भी सामने आया है, जो ज्यादा परेशान करने वाला है। भुखमरी एवं गरीबी से जुड़ा यह सूचकांक समृद्धि के सूचकांक के साथ सामने आया है, जो यह बताता है कि आजादी के अमृत महोत्सव तक की यात्रा का लक्ष्य जिस प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना का था, वह कहीं पीछे छूटता जा रहा है। देश में मानवीय मूल्यों और आर्थिक समानता को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है।


# भुखमरी है विकास एवं बढ़ती समृद्धि पर बदनुमा दाग



ललित गर्ग

हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के मुताबिक, अरबपति उद्यमियों की संख्या देश में बढ़कर 1319 हो गई है। लेकिन बड़ी बात यह कि पिछले पांच साल में एक हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति वाले लोगों का आंकड़ा 76 फीसदी बढ़ गया है। निश्चित ही भारत की आर्थिक प्रगति एक सुखद संकेत है, साल 2047 तक विकासशील देशों के वर्ग से निकलकर भारत विकसित देश हो जायेगा। एक दशक में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से तरक्की करके दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया। अनुमान हैं दो साल के अंदर हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएंगे। इन उल्लेखनीय आर्थिक उपलब्धियों के बीच चिन्तनीय मुद्दा अमीरी गरीबी का बढ़ता फासला एवं गरीबों की दुर्दशा का होना है। अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब, यह एक गंभीर चुनौती है। पांच राज्यों में विधानसभा एवं अगल वर्ष लोकसभा में यह चुनावी मुद्दा बनना चाहिए, पर कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कर पा रहे हैं। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? राहुल गांधी ने लगातार गरीबों की दुर्दशा और अमीरों की बढ़ती दौलत का सवाल उठाया है। राजनीति से इतर अर्थशास्त्रियों और विश्व की नामचीन संस्थाओं की रपटों में यह सवाल लगातार रेखांकित हो रहा है। निःसंदेह इस वक्त भारत की आर्थिक विकास दर का सूचकांक दुनिया में सर्वाधिक है। जहां यह भारत के आर्थिक महाशक्ति बनने का संकेत दे रहा है, वही भारत के लिए एक और सूचकांक गरीबी एवं भूखमरी से जुड़ा भी सामने आया है, जो ज्यादा परेशान करने वाला है। भुखमरी एवं गरीबी से जुड़ा यह सूचकांक समृद्धि के सूचकांक के साथ सामने आया है, जो यह बताता है कि आजादी के अमृत महोत्सव तक की यात्रा का लक्ष्य जिस प्रजातांत्रिक समाजवाद एवं समतावादी समाज संरचना का था, वह कहीं पीछे छूटता जा रहा है। देश में मानवीय मूल्यों और आर्थिक समानता को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? कहीं शासन-व्यवस्थाएं गरीबी दूर करने का नारा देकर अमीरों को प्रोत्साहन तो नहीं दे रही है? इस तरह की मानसिकता राष्ट्र को कहां ले जाएगी? ये कुछ प्रश्न अमीरी गरीबी की बढ़ती खाई और उसके तथ्यों पर मंथन को जरूरी बनाते हैं।

आज भी सर्वेक्षणों के अनुसार, भारत के लोग नरेन्द्र मोदी सरकार की कार्यकुशलता, उनकी दूरगामी योजनाओं और उसके द्वारा परिणाम लाने की क्षमता में बहुत विश्वास रखते हैं। निश्चित ही गरीबी भी कम हो रही है, लेकिन इसी कड़ी में भुखमरी के सर्वेक्षण में भारत दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर होना, चिन्ता को बढ़ाता है। विसंगति यह कि पिछले साल से हर क्षेत्र में विकास की घोषणाओं के बावजूद भुखमरी का



यह रैंक बढ़ कैसे गया? पिछले साल 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर था। आंकड़े बता रहे हैं कि हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात बच्चों का वजन नहीं बढ़ पाता। उन्हें पर्याप्त पोषक भोजन नहीं मिल पाता। समय से पहले और कम वजन के बच्चे पैदा हो रहे हैं। वहीं हम गर्व से कहते हैं कि दुनिया में सर्वाधिक युवाओं का देश है भारत। युवा-श्रमशक्ति हमारे पास है। हम देश व दुनिया भर के लिए इस श्रमशक्ति की सस्ती दर पर आपूर्ति कर सकते हैं। देश में भुखमरी से न मरने देने की गारंटी तो दी जाती है लेकिन हर काम करने योग्य व्यक्ति को उचित रोजगार की गारंटी नहीं दी जाती, यह बड़ी विसंगति एवं विडम्बना है।

गरीबी-अमीरी के असंतुलन को कम करने की दिशा में काम करने वाली वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति देते हुए इसे घातक बताया है। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी के निर्देशन में बनी गतवर्ष की वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट भी भारत की आर्थिक विषमता की तस्वीर पेश करती है। इसके अनुसार 2021 में भारत के हर वयस्क व्यक्ति की औसत आय प्रतिमाह 17 हजार के करीब थी। लेकिन देश की निचली आधी आबादी की औसत मासिक आय 5 हजार भी नहीं थी, जबकि ऊपर के 10 प्रतिशत व्यक्तियों की औसत मासिक आय 1 लाख के करीब थी। शीर्ष पर बैठे 1 प्रतिशत की प्रति व्यक्ति मासिक आय लगभग चार लाख रुपए थी। क्या देश एवं दुनिया में गैर बराबरी घट रही है या बढ़ रही है? वर्ल्ड इनिक्वालिटी रिपोर्ट बताती है कि नब्बे के दशक से लेकर अब तक पूरी दुनिया में गैर बराबरी बढ़ी है। भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई और भी तेजी से बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका 'फोर्ब्स' दुनिया के धनाढ्य बिलियनेयर लोगों की लिस्ट छापती है। फोर्ब्स की भारत के 100 सबसे अमीरों की सूची के अनुसार, मुकेश अंबानी एवं गौतम अडानी के बाद सूची में सॉफ्टवेयर टाइकून शिव नादर 29.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद सावित्री जिंदल की संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वह 24 बिलियन डॉलर वाली चौथे स्थान पर रहीं। शीर्ष पांच में एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का भी नाम है, जिनकी संपत्ति पहले के 27.6 बिलियन डॉलर से घटकर 23 बिलियन डॉलर हो गई है। फोर्ब्स की सूची हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 के एक दिन बाद आई जिसमें भी ऐसा ही डेटा दिखाया गया था। हुरुन की सूची के अनुसार भी, मुकेश अंबानी ने गौतम अडानी को पीछे छोड़ते हुए सबसे अमीर भारतीय का खिताब फिर से हासिल कर लिया है। व्यक्तिगत तौर पर यह बात अब खास मायने नहीं रखती कि कौन किस नंबर पर है, क्योंकि दौलत का यह उठाव एक सामूहिक टेऊंड बन चुका है। पूंजी का बहाव भारत जैसे देशों की तरफ हो रहा है, जिनकी इकॉनमी कई लोकल और ग्लोबल वजहों से बूम कर रही है। इस लिहाज से इस दौलत का जितना रिश्ता निजी उद्यम, हौसले और अक्लमंदी का है, उतना ही उस बदलाव से भी है, जिसे हम 'नए भारत की कहानी' कहते हैं। फिलहाल हम इस बहस में नहीं पड़े कि इन उद्यमियों ने भारत को बनाया है या भारत में होना इन उद्यमियों की कामयाबी की असली वजह है। कुल मिलाकर इतना तय है कि हम इस टेऊंड को भारत की कामयाबी के तौर पर देख सकते हैं। क्योंकि नागरिक अपने देश की नुमाइंदी ही करते हैं। जैसे बिल गेट्स की कामयाबी अमेरिका की प्रतिभा की कामयाबी है, वैसे ही रिलायंस, अडानी, या दूसरी कंपनियों की कामयाबी भारतीय उद्यमशीलता की कामयाबी है। लेकिन हर कामयाबी अपने साथ नाकामियों का हिसाब भी लेकर चलती है, असंतुलन को न्यौतती हैं। हमारे देश में जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि गांधी जी को पूजने वाले सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे कर रखा है।

# मजबूत होती भारतीय अर्थव्यवस्था

आईएमएफके मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरींचास ने एक ब्लॉग में लिखा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था लंगड़ा कर चल रही है। तेजी का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। मुद्राकोष की उम्मीद है कि 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि मात्र 3 फीसदी रहेगी। अब विश्व अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखा जाए, तो वह कोरोना-पूर्व की स्थिति को छू तक नहीं पाई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने लचीलापन और पलटाव के स्पष्ट संकेत दिए हैं।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

यह एक बार फिर सत्यापित किया गया है कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज और विकसित होती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपने आकलन के आधार पर भविष्यवाणी की है कि 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 6.3 फीसदी रहेगी। चीन 5 फीसदी बढ़ोतरी के साथ दूसरे स्थान पर रहेगा। अगले साल हमारी आर्थिक विकास दर इसी स्तर पर रहेगी, जबकि चीन 4.2 फीसदी तक लुढ़क सकता है। आईएमएफके मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरींचास ने एक ब्लॉग में लिखा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था लंगड़ा कर चल रही है। तेजी का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। मुद्राकोष की उम्मीद है कि 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि मात्र 3 फीसदी रहेगी। अब विश्व अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखा जाए, तो वह कोरोना-पूर्व की स्थिति को छू तक नहीं पाई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने लचीलापन और पलटाव के स्पष्ट संकेत दिए हैं। भारत और चीन की आर्थिक विकास दर की तुलना प्रासंगिक इसलिए है, क्योंकि दोनों पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश हैं, लेकिन दोनों की जीडीपी में 5 गुना का अंतर है। चीन की जीडीपी 17.7 ट्रिलियन डॉलर की है, लिहाजा वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का योगदान अपेक्षाकृत ज्यादा है।

भारत की जीडीपी फिलहाल करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर की है। बार्कले की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत की कुछ सालों तक विकास दर 8 फीसदी होनी चाहिए, ताकि वैश्विक योगदान के संदर्भ में चीन को पछाड़ा जा सके। विकास दर 6.3 फीसदी से 8 फीसदी तक जाने के मद्देनजर हमें संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना होगा।

भारत सरकार का डाटा साफ दिखाता है कि कोरोना-पूर्व 2018-19 से 2022-23 तक कार्यबल के एक हिस्से ने कृषि की ओर वापसी की है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से अब यह सबसे कम उत्पादकता वाला क्षेत्र है। उदाहरण है कि यदि एक परिवार कृषि के धंधे में है, तो अन्य परिजन भी, किसी अन्य रोजगार या नौकरी के अभाव में, कृषि से जुड़ सकते हैं। इससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार और बढ़ोतरी को क्या फायदा हो सकता है?

किसान परिवार की अतिरिक्त आमदनी भी नहीं बढ़ेगी। चूंकि कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कार्यबल की छंटनी की गई। नौकरियां चली गई या संबद्ध रोजगार भी छिन गया, नतीजतन लोग कुछ भी काम करने के मद्देनजर कृषि से जुड़ गए। 2022-23 में सिर्फ 11.4 फीसदी कार्यबल ही मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में था। इसका असर आम आदमी की निजी खपत और उपभोग पर भी पड़ा। उसका विस्तार नहीं हो सका। यही किसी भी उभरती और विकसित होती अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा हिस्सा होता है। समग्रता में विश्व अर्थव्यवस्था की भलाई के लिए देशों को मिलकर सोचना होगा। अव्वल तो यह




बात किसी से छिपी नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोप सहित दुनिया के अनेक देशों में तेल व ऊर्जा का संकट बढ़ाया है। अनेक अच्छी अर्थव्यवस्थाओं को कष्ट झेलने पड़े हैं। भारत ने भी किसी तरह से अपनी ऊर्जा जरूरतों को समझदारी से संभाला है, पर अब जब अरब क्षेत्र में युद्ध छिड़ गया है, तो चिंता बहुत ज्यादा बढ़ गई है। गौर करने की बात है कि दुनिया भर में एक तिहाई से ज्यादा तेल की आपूर्ति अरब देशों से ही होती है। ऐसे में, अगर आपूर्ति प्रभावित होती है, तो दुनिया भर में हाहाकार की स्थिति बन जाएगी। दुनिया के अनेक देश तेल की बढ़ती कीमतों से पहले ही परेशान हैं। इसलिए, अरब में छिड़े युद्ध को जल्द शांत करना होगा। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को युद्ध रोकने के लिए आगे आना पड़ेगा। मुद्रा कोष के अनुसार, 2024 में मुद्रास्फीति या महंगाई 5.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, पर ध्यान रहे, अरब क्षेत्र में युद्ध जारी रहा, तो महंगाई को थामना और मुश्किल हो जाएगा। खासकर भारत जैसे देश, जिनके पास अपना तेल नहीं है, मुश्किल में पड़ जाएंगे। अत भारत को भी शांति के प्रयासों पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ग्लोबल साउथ या गरीब देशों को तो युद्ध के खिलाफखड़े हो जाना चाहिए, इसी में सबका हित है। सबसे ज्यादा चिंता विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर है। जब भारत की विकास दर तेज है, तब उसे विश्व स्तर पर ज्यादा समर्थन मिलना चाहिए। भारतीय उत्पादों की मांग बढ़नी चाहिए, भारतीय सेवाओं का विस्तार होना चाहिए, लेकिन जब विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट का क्रम रहेगा, तो जाहिर है कि भारत को भी अपनी तेजी का वांछित लाभ नहीं मिलेगा। अत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान एक तरफ जहां खुशी देता है, वहीं दूसरी ओर, चिंता भी बढ़ा देता है। विश्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा है और कहा है कि देश ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण की पृष्ठभूमि के मुकाबले लचीलापन दिखाना जारी रखा है। विश्व बैंक ने अपनी अप्रैल की रिपोर्ट में 2023-24 वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यस्था की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.6 प्रतिशत से कम कर 6.3 प्रतिशत कर दिया था। विश्व बैंक की भारत डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था पर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की प्रमुख अर्धवार्षिक रिपोर्ट में पाया था कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था 2022-23 में 7.2 फीसदी के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रही। विश्व बैंक ने कहा, ÷जी20 देशों में भारत की अर्थव्यवस्था दूसरी सबसे तेज वृद्धि दर से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था थी और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के औसत से लगभग दोगुना थी. यह लचीलापन मजबूत घरेलू मांग, मजबूत सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निवेश व मजबूत वित्तीय क्षेत्र की वजह से था।÷ चालू वित्तीय वर्ष में, भारत में बैंक ऋण पहली तिमाही में 15.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में यह 13.3 प्रतिशत था।

भारत की आर्थिक विकास दर पर कइयों को हैरानी होगी, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं भी बहुत हैं। यदि निजी उपभोग ही कम होता जा रहा है, तो बेशक मांग भी कम होगी, तो अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी कैसे संभव है? जब भारत की अर्थव्यवस्था की गति तेज है, तो उसे विश्व स्तर पर ज्यादा समर्थन मिलना चाहिए। भारतीय उत्पादों की मांग बढ़नी चाहिए, भारतीय सेवाओं और उपयोगिताओं का विस्तार होना चाहिए, लेकिन विश्व स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट जारी रहेगी या विकास दर नगण्य होगी, तो भारत को भी तेज अर्थव्यवस्था के लाभ नहीं मिल सकेंगे। बार्कले का सुझाव है कि खनन और उपयोगिताओं वाले और परंपरागत क्षेत्रों में निवेश को बढ़ाया जाना चाहिए। उनसे आर्थिक गतिविधियां तेज और व्यापक होंगी। अभी प्रौद्योगिकी और गहन पूंजी वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर ही ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

# खेलकूद की जगह घर के कामों में उलझा दी गई किशोरियां

देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से 65 किलोमीटर दूर पारू एवं साहेबगंज प्रखंड के दर्जनों गरीब, किसान, मजदूर वर्ग की लड़कियां छोटी उम्र से ही घर के सभी कामकाज करने लगती हैं। इनके कंधे पर रसोईघर, मवेशियों का दाना-साना, जलावन की व्यवस्था, दरवाजे की साफ-सफाई, दूसरों के खेतों में या घरों में कच्ची उम्र में ही मजदूरी आदि की ज़िम्मेदारी रहती है।



सिमरन सहनी

हाल ही में संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार मेडलों का शतक लगाते हुए नया कीर्तिमान गढ़ दिया। इस एतिहासिक सफलता में पुरुष खिलाड़ियों के साथ साथ भारत की महिला खिलाड़ियों का भी बराबर का योगदान रहा है। गर्व की बात यह है कि घुड़सवारी जैसी प्रतिस्पर्धा में भी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि समाज को अब उसे देखने का नजरिया बदल लेनी चाहिए। लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह है कि अभी भी हमारे समाज का एक वर्ग महिलाओं और किशोरियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। वह महिलाओं और किशोरियों को चारदीवारी के पीछे ज़ंजीरों में कैद देखना चाहता है। वह उनके सर्वांगीण विकास को कुचल देना चाहता है। उसे महिलाओं का सशक्त होना और आत्मनिर्भर बनना संस्कृति पर कुठाराघात नज़र आने लगता है।

भले ही भारत विकास के नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहा है। आए दिन देश में नई-नई चीजों का आविष्कार एवं नई-नई चीजों की शुरुआत हो रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कन्या उत्थान योजना से लेकर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ के नारे बुलंद हो रहे हों, लेकिन इससे इतर लैंगिक पूर्वाग्रह एवं पुरुष मानसिकता लड़कियों के प्रति यथावत है। भले हम चांद और मंगल पर आशियाने की तलाश कर रहे हों मगर स्त्रियों के प्रति रवैया और विचार में बहुत कुछ बदलाव नहीं दिखता है। लड़कियों से उनका बचपन इस तरह से छीन लिया जाता है, जैसे लड़की होकर उसने कोई गुनाह कर दिया हो। जब लड़कियों के खेलने-कूदने की उम्र होती है, तब उसे ससुराल में गृहस्थ जीवन संभालने के नाम पर रसोई से लेकर खेत-खलिहान तक के काम में लगा दिया जाता है। वहीं, लड़कों को कुछ सिखाने की जरूरत नहीं समझते, उसे खेलने-कूदने की पूरी आजादी दी जाती है। जो खेलना है वह खेलो, जो मन में आए वह करो। जैसे भेदभाव के साथ एक लड़की से उसका बचपन छीन लिया जाता है।

हमारे देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से 65 किलोमीटर दूर पारू एवं साहेबगंज प्रखंड के दर्जनों गरीब, किसान, मजदूर वर्ग की लड़कियां छोटी उम्र से ही घर के सभी कामकाज करने लगती हैं। इनके कंधे पर रसोईघर, मवेशियों का दाना-साना, जलावन की व्यवस्था, दरवाजे की साफ-सफाई, दूसरों के खेतों में या घरों में कच्ची उम्र में ही मजदूरी आदि की ज़िम्मेदारी रहती है। इस संबंध में हुस्सेपुर की 10 वर्षीय चंदा (बदला



हुआ नाम) बताती है कि वह बहन में अकेली और उसके दो बड़े भाई हैं। फिर भी मां उन दोनों से कोई काम नहीं करवाती है। घर का सारा काम जैसे झाडू लगाना, आटा गूथना, सब्जी काटना आदि काम मुझसे ही करवाती है। जब मैं बोलती हूं कि भाइयों से भी काम करवाओ, तो मम्मी बोलती है कि वह तो लड़का है, उसे खेलने दे। मुझे भी खेलने का बहुत मन करता है पर ज्यादा खेल नहीं पाती।

उसी गांव की 11 वर्षीय रोशनी बताती है कि वह छठी क्लास में पढ़ती है। वह घर का सारा काम करके, खाना बनाकर स्कूल जाती है। फिर स्कूल से घर आकर सारा काम करती है और फिर रात का खाना बनाने की तैयारी करने लगती है। उसे खेलने का भी टाइम नहीं मिलता है। स्कूल में थोड़ा लंच टाइम में खेलती है। लेकिन घर पर उसे ज़रा भी खेलने नहीं दिया जाता है। रोशनी की तरह ही गांव की कई किशोरियों का कहना है कि लड़कों को खेलते देखकर हमारा भी मन करता है कि हम भी उनके साथ खेलें। लेकिन सामाजिक बंदिशों की वजह से आज भी गांव में लड़के-लड़कियां छोटी उम्र में भी एक साथ नहीं खेल सकती हैं। माता-पिता का कहना है कि लड़की खेलेगी तो समाज क्या कहेगा? हमसे बस काम कराया जाता है। अफ़सोस की बात यह है कि इस संकीर्ण सोच का समर्थन स्वयं गांव की वृद्ध महिलाएं करती है। वह किशोरियों का खेलने में समर्थन की जगह उन्हें बचपन से ही घर के कामकाज करवाने को सही मानती हैं। उनकी नज़र में बचपन से ही लड़की के घर का कामकाज सीखने से शादी के बाद उसे ससुराल वालों के ताने और उल्हाना सुनने को नहीं मिलेगा। उनकी सोच है कि लड़की काम नहीं करेगी, तो ससुराल में कैसे बसेगी?

हालांकि गांव के कुछ शिक्षित लोगों का मानना है कि लड़कियों को भी उनका बचपन खुलकर जीने देना चाहिए। माता-पिता को अपनी लाडली का बचपन नहीं छीनना चाहिए। हाईस्कूल धरफरी के विज्ञान शिक्षक संजय कुमार का कहना है कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वहीं उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय करने की समझ का विकास होता है। बचपन के खेलकूद से मांसपेशियों एवं हड्डियों का संतुलित विकास होता है। ऐसे में माता-पिता को अपनी बच्चियों को भी जी भरकर हंसने और खेलने देना चाहिए। खेलकूद पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों का एक मजबूत हिस्सा है। यही कारण है कि बिहार सरकार ने स्कूलों में बैगलेस डे की शुरुआत की है। खेल शिक्षकों की बहाली भी हुई है। बहुत सारी लड़कियां कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, पहलवानी आदि के जरिए राष्ट्र का नाम भी ऊंचा कर रही हैं। खेल में भी बहुत सारी संभावनाएं हैं जिसे कैरियर के रूप में देखना चाहिए। यह बात स्वीकार करने योग्य है कि घर से ज्यादा बच्चियों को खेलकूद का अवसर स्कूल में मिलता है। जब घर के लोग ही लैंगिक भेदभाव करेंगे तो बाहर भी भेदभाव होगा। अभिभावकों को बेटा-बेटी में अंतर नहीं करनी चाहिए।

दरअसल, ग्रामीण इलाकों की किशोरियों की बेहतरी के लिए कई सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। आमतौर इन योजनाओं की जानकारी नहीं होने की वजह से गरीब, अशिक्षित और पिछड़े परिवार के लोग खेल के महत्व व कैरियर से अनभिज्ञ हैं। जिससे वह अपनी बच्चियों को खेलकूद से दूर रखते हैं। इन ग्रामीण क्षेत्रों में लड़की को पराये घर की अमानत समझा जाता है। जो किशोरियों के साथ सरासर अन्याय है। ऐसी मानसिकता का त्याग किए बिना स्वस्थ समाज की कल्पना करना बेमानी है। (चरखा फीचर)

# सेंट बोटैनिका ने ब्रांड एंबेसडर व अभिनेत्री करीना कपूर खान के साथ डीवीसी लॉन्च किया

## इस नये कैम्पेन में ब्रांड द्वारा बालों की बेहतरीन देखभाल मुहैय्या कराने के लिए दुनिया की बेहतरीन सामग्री के इस्तेमाल के वादे को हाईलाईट किया गया है

**नई दिल्ली।** सेंट बोटानिका, जो कि एक प्रमुख डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्यूटी ब्रांड और दक्षिण एशिया के सबसे बड़े ब्यूटी एंड पर्सनल केयर समूह गुड ग्लैम ग्रुप का हिस्सा है, ने अभिनेत्री व ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर ख़ान के साथ अपनी नई हेयर केयर रेंज मोरक्कन आर्गेन हेयर केयर के लिये एक नया डीवीसी लॉन्च किया है, जिसमें असरदार सैल्फ-केयर प्रोडक्ट्स तैयार करने में दुनियाभर के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स के इस्तेमाल को हाईलाईट किया गया है।




इस कैम्पेन में उपभोक्ताओं को उनके सेल्फ़-केयर प्रोडक्ट्स में दुनिया के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स इस्तेमाल करने की सेंट बोटानिका की कमिटमेंट को हाईलाइट किया गया है। मोरक्को से मंगाये गये आर्गन ऑयल युक्त शानदार, शक्तिशाली मिश्रणों की रेंज के इस कैम्पेन में सेंट बोटानिका के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया है- दुनिया भर की असरदार सामग्रियों का इस्तेमाल करना, मज़बूत व असरदार फॉर्मूलेशन तैयार करना, यह सुनिश्चित करना कि उत्पाद नुक़सानदेह कैमिकल्स से मुक्त हों और गारंटीशुदा नतीजों के लिए कठोर वैज्ञानिक परीक्षण करना। करीना कपूर ख़ान की व्यापक अपील का फ़ायदा उठाते हुए, डिजिटल वीडियो कैम्पेन सैल्फ़-केयर के लिये ज़रूरी प्रोडक्ट्स में हाई क्वालिटी के इनग्रेडिएंट्स के इस्तेमाल का भरोसा दिला कर उपभोक्ताओं की नई पीढ़ी को आकर्षित करता है।

गुड ग्लैम ग्रुप की गुड ब्रांड्स सीईओ, सुखलीन अनेजा ने कहा, सेंट बोटेनिका में हमारा मेन फ़ोकस और कमिटमेंट अपने प्रोडक्ट्स में दुनिया की बेहतरीन सामग्रियों का उपयोग करने पर है। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे उपभोक्ता अपने हेयर-केयर के मामले में बेमिसाल क्वालिटी और लक्ज़री का अनुभव करें। करीना कपूर ख़ान के साथ हमारे लेटेस्ट डीवीसी और साझेदारी से सेंट बोटेनिका की फिलासफ़ी और बेहतरीन सैल्फ-केयर प्रदान करने के हमारे समर्पण को मज़बूती मिलती है।

अपना उत्साह व्यक्त करते हुए अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर करीना कपूर ख़ान ने कहा, ÷सेंट बोटैनिका के साथ मेरे जुड़ाव को अब एक साल से ज़्यादा हो चला है और इस दौरान मैंने पूरे दिल से ब्रांड की कोर फिलासफ़ी को अपनाया है। सेंट बोटानिका दुनिया की बेहतरीन सामग्री वाले सावधानी से तैयार किए गए फॉर्मूलेशन के साथ टॉक्सिन फ्री प्रोडक्ट्स मुहैय्या कराने के लिए समर्पित है। प्रोडक्ट्स के साथ मेरा तजुर्बा और ब्रांड वैल्यू की गहरी पहचान सेंट बोटेनिका की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए मेरे जोश को बढ़ाते हैं। सेंट बोटैनिका की मोरक्कन आर्गन पेशकश में एक हेयर केयर रेंज शामिल है-

सेंट बोटैनिका मोरक्कन आर्गन शैम्पू प्राकृतिक सामग्रियों और पौधों के अर्क के इस्तेमाल से बनाया गया है। यह अवशेष छोड़े बिना खोपड़ी को अच्छी तरह से साफ़ करता है। यह मोरक्कन आर्गन ऑयल शैम्पू आपके बालों को प्राकृतिक पोषण और मुलायम बालों की देखभाल करते हुए उन्हें चिकना और घुमाव-मुक्त बनाता है। यह पौष्टिक शैम्पू आपके बालों पर प्रदूषण के असर और रोज़मर्रा के संपर्क से होने वाले नुकसान को कम करने में भी मदद कर सकता है। सेंट बोटानिका मोरक्कन आर्गन हेयर कंडीशनर प्राकृतिक सामग्री के उपयोग से विकसित किया गया है जो आपके बालों को बहुत पसंद आएगा। क्रीमी मोरक्कन आर्गन ऑयल कंडीशनर आपके बालों को नमी देने में मदद करेगा और बालों को मुलायम और घुमाव-मुक्त बनाएगा।

# ब्यूटी/फैशन पिंपल्स से खराब हो रहा है पूरा फेस तो अपनाएं ये तरीके



आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

आप किसी फंक्शन में जा रहे होते हैं पर आपके चेहरे पर निकली हुई फुंसी या लंबे समय से पैठ जमाया हुआ फोड़ा आपके अच्छे खासे प्लान को खराब कर देता है। ऐसे में आप मुंहासों से जल्द से जल्द छुटकारा पाना चाहेंगी। मुंहासे त्वचा की सतह पर निकले हुए सफेद या लाल रंग के दाने होते हैं। जिनमें मवाद और पस जमा होता है। इन पके हुए दाने को दबाने से मवाद निकलने लगता है, जिससे गड्ढा सा बन जाता है।

इसीलिए मुंहासों को दबाकर कभी नहीं हटाना चाहिए नहीं तो उस जगह पर पिंपल्स के निशान बन जाते हैं और जल्दी हल्के नहीं होते हैं। इससे चेहरे पर दाग बन जाते हैं। अगर आप भी पिंपल्स से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आप भी घरेलू उपाय कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताएंगे। जिससे आपको जल्द से जल्द छुटकारा मिल जाएगा और आपका चेहरा बेदाग हो जाएगा।

### *बेसन*

घरेलू उपाय में पिंपल्स को दूर करने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके उपयोग के लिए एक चम्मच बेसन में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद उस पेस्ट को अपने चेहरे पर 10 मिनट तक लगाए रखें और फिर हल्के हाथों से अपने चेहरे को धीरे-धीरे धो लें। यह आपकी ऑयली स्किन से पिंपल्स को हटाने का सबसे बेहतरीन नुस्खा है।

### *हल्दी और शहद*

हल्दी एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुणों से भरपूर होती है। इसलिए यह स्किन पर पिंपल्स को सिकोड़ देती है। जबकि शहद स्किन से बैक्टीरिया को हटाता है। इसके लिए आप आधा चम्मच हल्दी में एक चम्मच शहद मिलाकर गीले चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट तक लगाकर रखें। इस उपाय को करने से ना सिर्फ आपके चेहरे पर निखार आएगा, बल्कि पिंपल्स से छुटकारा भी मिल जाएगा।

### *ओट्स*

ओट्स के उपयोग से भी पिंपल्स की समस्या दूर हो जाती है। फेस की स्किन पर एक्सेस ऑयल भी पिंपल्स के कारण ही आता है। लेकिन ओट्स त्वचा से ऑयल सोखता है और पिंपल्स को दूर करता है। पिंपल्स से निजात पाने के लिए पिसे ओट्स में थोड़ा सा बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर अप्लाई करें। फिर इसके बाद फेस को धो दें।

### *दही*

त्वचा पर दही लगाने से डेड स्किन सेल्स हट जाते हैं और स्किन में निखार आता है। दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है। दही के एंटी-बैक्टीरियल भी बहुत अच्छा असर दिखाते हैं। आधा कप दही लेकर चेहरे पर लगाएं। इसके बाद अपने चेहरे को 10 मिनट बाद धो लें। मुंहासों को हटाने के लिए हर दूसरे दिन दही का प्रयोग करें।

### *एलोवेरा*

ऐलोवेरा कई मायनों में हमारी स्किन के लिए फायदेमंद होता है। इसी तरह आप ऐलोवेरा का इस्तेमाल पिंपल्स की समस्या को दूर करने के लिए भी कर सकती हैं। पिंपल्स को हटाने के लिए आप ताजे ऐलोवेरा के गूदे का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इसके अलावा आप फोड़े-फुंसियों पर भी ऐलोवेरा का गूदा लगा सकते हैं। इस उपाय को करने से ना सिर्फ पिंपल्स की समस्या दूर होगी, बल्कि आपको साफ और निखरी स्किन मिलेगी।

# किसी चुनौती से कम नहीं है क्रायो थेरेपी

## जवां और बेदाग स्किन के लिए एक्ट्रेस करती हैं इसका इस्तेमाल

हॉलीवुड की ज्यादातर अभिनेत्रियां जवां बने रहने तथा स्किन को बेदाग रखने के लिए क्रायोथेरेपी का उपयोग करती हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्रायोथेरिपी से कैसे होता है और इसको करने के क्या फायदे होते हैं।

अगर आप भी मांसपेशियों की समस्या से जूझ रहे हैं, तो ऐसे में आपको डॉक्टर से क्रायोथेरेपी के बारे में बात करना चाहिए। बता दें कि इस थेरेपी का इस्तेमाल शरीर की मांसपेशियों के खिंचने और ऊतकों के कमजोर होने पर किया जाता है। इस थेरेपी में व्यक्ति को काफी कम तापमान में रखा जाता है। इसको आइस पैक थेरेपी या क्रायो सर्जरी के नाम से भी जानते हैं।



क्रायोथेरपी के जरिए मसे, तिल, सनबर्न जैसी स्किन की समस्याओं का भी इलाज किया जाता है। हॉलीवुड की ज्यादातर अभिनेत्रियां जवां बने रहने तथा स्किन को बेदाग रखने के लिए क्रायोथेरेपी का उपयोग करती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्रायोथेरिपी से कैसे होता है और इसको करने के क्या फायदे होते हैं।

### *क्रायोथेरेपी*

बता दें कि इस थेरेपी में शरीर को एकदम से ठंडा किया जाता है। जिससे शरीर की सारी गर्मी और जलन निकल जाए। इस थेरेपी से खून की नसें सिकुड़ने के बाद धीरे-धीरे फैलने लगती हैं। इस थेरेपी को आप ठीक उसी तरह समझ सकते हैं, जैसे शरीर के किसी हिस्से पर चोट लग जाने से बर्फ से सिकाई की जाती है। क्रायोथेरेपी करने के लिए एक ठंडे चैंबर में सिर के हिस्से को छोड़कर बाकी पूरे शरीर को रखा जाता है।

### *स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है जरूरी*

इस दौरान चेंबर का तापमान माइनस 150 डिग्री सेल्सियस होता है। क्रायोथेरेपी में चेंबर को ठंडा करने के लिए नाइट्रोजन का सहारा लिया जाता है। वहीं केवल एक अंडरवियर और अच्छी गुणवत्ता वाल मोजे पहनकर चेंबर में जाना होता है। इस थेरेपी को पूरा करने के लिए 30 सेकेंड से लेकर 3 मिनट तक चेंबर में रहना होता है। फिर इसके पूरा होने के बाद आपको स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करनी होती है। जिससे कि संचार वाहिकाओं में सुचारु रूप से रक्त चलने लगे।

### *क्रायोथेरेपी करते समय*

### *सावधानियां*

हांलाकि भले ही यह थेरेपी सुनने में आपको आसान लग रही हो, लेकिन बता दें कि इसको करने से पहले कुछ सावधानियों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

इस थेरेपी को करने से पहले आपको तरल पदार्थ से दूर रहने की सलाह दी जाती है।

क्योंकि तरल पदार्थ के त्वचा पर जमने से ठंड से जलने की आशंका रहती है।

क्रायोथेरेपी को करने से पहले शरीर को अच्छे से सुखा लेना चाहिए।

दिल से जुड़ी बीमारी, अस्थमा, हाई या लो ब्लड प्रेशर, बुखार या जख्म आदि होने पर क्रायोथेरेपी नहीं लेनी चाहिए।

प्रेग्नेंट महिलाओं को इस थेरेपी से दूर रहना चाहिए।

हाइपोथर्मिया या कंपकपाहट होने पर फौरन इस थेरेपी को बंद कर देना चाहिए।

# ऑरेंज जूस की मदद से बनाएं ये तीन फेस पैक, दमक उठेगी आपकी स्किन



एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है।

स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन स्किन को पैम्पर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है फेस पैक अप्लाई करना। अगर आप अपनी स्किन को ब्राइटन करना चाहती हैं तो ऐसे में ऑरेंज जूस की मदद से फेस पैक बनाया जा सकता है। संतरे के रस में मौजूद विटामिन सी आपकी स्किन को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही साथ, इससे स्किन टोन को बेहतर बनाने और दाग-धब्बों की अपीयरेंस को कम करने में मददगार है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऑरेंज जूस की मदद से बनने वाले कुछ स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक के बारे में बता रहे हैं-

जहां दही आपकी स्किन को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज़ करने में मदद कर सकता है, वहीं संतरे का रस स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है।

### *आवश्यक सामग्री*

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच दही

फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले एक बाउल में संतरे का रस और दही डालकर मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, स्किन को गुनगुने पानी से धो लें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें।

संतरे का रस और एलोवेरा से बनाएं फेस पैक

एलोवेरा अपने सुखदायक और हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। इसलिए, संतरे के रस के साथ एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक बेहतरीन फेस पैक तैयार किया जा सकता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

फेस पैक बनाने का तरीका-

- सबसे पहले संतरे का रस और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- अब अपने फेस को क्लीन करके इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में ठंडे पानी से चेहरे को धो लें।

संतरे का रस और हल्दी फेस पैक

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती है और जब इसे संतरे के रस के साथ मिक्स किया जाता है तो यह आपकी स्किन को ग्लो करता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- 2 बड़े चम्मच संतरे का रस
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर

### *फेस पैक बनाने का तरीका*

- सबसे पहले संतरे का रस और हल्दी पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें।
- अपने चेहरे को क्लीन करके इसे चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15-20 मिनट तक लगा रहने दें।
- ठंडे पानी से धो लें।

# हर फेस्टिव सीजन के लिए स्किन को ऐसे करें तैयार

त्योहारों के सीजन में हर कोई खूबसूरत और अपने लुक को परफेक्ट बनाना चाहता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपको आपके किचन में ही आसानी से मिल जाएंगे।

जैसा कि त्योहारों का सीजन बहुत जल्द आने वाला है और ऐसे में आपको सिर्फ तस्वीरों में ही नहीं बल्कि रियल लाइफ में परफेक्ट और सुंदर दिखना चाहिए। इसीलिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी फोटो को बिना फिल्टर लगाए ही परफेक्ट बना सकती है। ऐसे में सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको खूबसूरत दिखने के लिए अपने घर के किचन में ही सारी सामाग्री बड़ी आसानी से मिल जाएगी और आपको घर से बाहर कहीं नहीं जाना होगा।



### *फ्रूट पैक*

सेब, पपीता, एवोकाडो, केला, संतरे आदि फलों को ब्लेंड कर एक साथ मिक्स कर लें। इसको आप अपने चेहरे पर मास्क की तरह अप्लाई कर सकती हैं।

पपीता एंजाइमों से भरपूर होता है। यह डेड सेल्स वाली त्वचा को साफ करता है और स्किन को निखारने में मदद करता है।

केला हमारी स्किन में कसाव लाने का काम करता है। वहीं सेब और संतरे से विटामिन और मिनरल्स की पूर्ति होती है।

एवोकाडो त्वचा को हाइड्रेट करता है। क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इससे हमें एंटी-ऐजिंग फायदे भी मिलते हैं।

इसका फेसपैक बनाकर अपने चेहरे पर 30 मिनट के लिए लगाएं और फिर उसे धो दें।

### *फेस का स्प्रे*

अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो आप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकतीं हैं। मिनरल वाटर या फिर डिस्टिल्ड वॉटर को 200 मिली लें और उसमें आप लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें मिलाकर अपने फेस पर लगाएं।

### *नॉर्मल से ड्राइ स्किन के लिए स्प्रे*

अगर आपकी त्वचा में रूखापन है तो आप 100 मिली डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर लेकर उसमें रोज़ एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें डालें। इसके साथ ही आधा चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन मिलाएं और उसे अपने फेस पर अप्लाई करें।

### *मुंहासे वाली स्किन के लिए स्प्रे*

अगर आपको मुंहासे की समस्या है तो आप डिस्टिल्ड वॉटर या मिनरल वाटर को 100 मिली तक लें। उसमें टी ट्री ऑयल की 3 से 4 बूंदें मिलाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करें। स्प्रे की इन बोतलों को प्रीज़र्व करने के लिए आप इन्हें फ्रिज में रख दें। घरेलू ब्यूटी रेसिपी को अधिक मात्रा में नहीं बनाना चाहिए।

### *रिजुविनेटिंग फेस मास्क*

चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए 2 चम्मच ओट्स में आधा चम्मच शुद्ध नारियल का तेल मिला लें। एक चम्मच बादाम के साथ 3 चम्मच संतरे का रस मिलाकर उसका पेस्ट बना लें। पेस्ट को ज्यादा पतला न करें। फिर उसे अपने हल्के-हल्के हाथों से होंठों और आंखों के पास से बचते हुए अपने चेहरे पर अप्लाई करें। इसे लगाने के लगभग 20 मिनट बाद फेशवॉस कर लें।

### *स्किन टोनर*

आपको बता दें कि ग्रीन टी एक बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ग्रीन टी से स्किन टोनर बनाने के लिए आप आधा कप पानी में दो चम्मच ग्रीन टी डालें। इसके बाद पानी को उबाल लें। फिर चीनी मिट्टी के प्याले में चायपत्ती को डाल दें। अब उसमें गरम पानी डालकर 2 मिनट के लिए रख दें और ठंडा होने बाद इसे रूई के सहारे धीरे-धीरे अपने चेहरे पर लगाएं।

### *बॉडी स्क्रब*

सबसे पहले बॉडी स्क्रब के लिए तिल का तेल या फिर जैतून का तेल अपने शरीर पर लगाएं। फिर इसे अच्छे से स्क्रब करने के लिए एक चुटकी हल्दी के साथ दूध की मलाई, गेहूं, बेसन, और दही का अच्छे से पेस्ट बनाकर शरीर पर लगाएं। इस पेस्ट को नहाने के 20 मिनट पहले लगा सकती हैं। इससे डेड सेल्स दूर होने के साथ यह आपकी त्वचा को साफ, मुलायम और चिकना बनाता है।

### *टैन हटाएं*

बॉडी टैन हटाने के लिए एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू का रस, सूखे पुदीने के पत्ते और तिल लें। सूखे पुदीने के पत्तों का पाउडर बना लें और तिल को दरदरा पीसकर उसमें मिलाएं। फिर इस पाउडर में नींबू का रस और थोड़ा शहद मिलाकर हल्के हाथों से अपने फेस पर मलें और दोनों हाथों में अच्छे से लगाएं। फिर कुछ देर लगाने के बाद इसे सादे पानी से धो लें। तिल के बीज हमें सूरज की किरणों से बचाते हैं। साथ ही टैन हुई त्वचा में निखार भी लाते हैं। यह हमारे चेहरे से टैन को हटा देता है और एक जैसी स्किन टोन बनाता है। पुदीना चेहरे पर उत्तेजक प्रभाव डालता है। यह त्वचा में चमक लाने का भी काम करता है। वहीं शहद हमारे चेहरे को मॉइस्चराइज़ करता है, और मुलायम बनाता है।

### *मॉइस्चराइजिंग हेयर मास्क*

एक अंडा लें उसमें एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन के साथ दो चम्मच सिरका और एलोवेरा जेल को अच्छे से मिला लें। फिर हल्के-हल्के हाथों से अपने बालों में लगाएं और 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। तब तक अपने सिर पर शॉवर कैप पहन लें। 30 मिनट के बाद आप अपने बालों को अच्छे से धो लें।


### *बालों को ऐसे करें कंडीशन*

हिना पैक से बालों में बाउन्स और चमक आती है। डैंड्रफ वाले बालों के लिए और ऑयली बालों के लिए कम से कम 2 कच्चे अंडे, 4 चम्मच नींबू का रस, चाय का पानी और काफी इन सभी चीजों को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अगर आप अंडे का इस्तेमाल नहीं करते हैं, तो उसके स्थान पर चाय के पानी की मात्रा ज्यादा कर दें। चाय-पानी बनाने के लिए उपयोग की गई चाय-पत्ती को गरम पानी में डालकर उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। उस पानी को काफी देर तक पकाएं। लगभग जब 4 से 5 गिलास पानी बचे तो उसे ठंडा करके छान लीजिए और मेंहदी के पेस्ट में मिला दीजिए। इसके बाद अपने बालों में लगाएं और उसके एक घंटे के बाद बालों को सादे पानी से धो डालें।

### *ऐसे पाएं चमकते नाखून*

अगर आप भी अपने नाखूनों को चमकाना चाहती हैं, तो हल्के गर्म बादाम के तेल में अपनी उंगलियों और नाखूनों को 10 मिनट के लिए भिगो दें। इसके बाद गीली तौलिये से उंगलियों को पोंछ लें। नाखूनों में और भी ज्यादा चमक चाहतीं हैं तो चामोइस लेदर का इस्तेमाल करें। इसे आप अपने हाथों में धीरे-धीरे से रगड़ें। चामोइस लेदर नाखूनों के कालेपन को दूर कर इन्हें चमकदार बनाता है।

# कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही बनाएं ये फेस सीरम



कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा।

स्किन को अतिरिक्त पोषण देने के लिए हम सभी सीरम का इस्तेमाल करते हैं। यूं तो मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई फेस सीरम मिलते हैं, जिन्हें आप अपनी स्किन टाइप के अनुसार चुन सकते हैं। लेकिन ये काफी महंगे होते हैं। इतना ही नहीं, कॉम्बिनेशन स्किन के लिए एक सही सीरम ढूंढना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही अपनी स्किन के लिए फेस सीरम बना सकते हैं। इस तरह आपके पैसे भी बच जाएंगे और स्किन को कोई नुकसान भी नहीं होगा। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कॉम्बिनेशन स्किन के लिए घर पर ही फेस सीरम बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

### *खीरा और विच हेज़ल से बनाएं सीरम*

अगर आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है तो ऐसे में खीरे और विच हेज़ल की मदद से सीरम बनाना अच्छा विचार हो सकता है।

### *आवश्यक सामग्री*

- एक खीरा छीलकर ब्लेंड किया हुआ
- 2 चम्मच विच हेज़ल
- 2 चम्मच एलोवेरा जेल

### *सीरम बनाने का तरीका*

- सीरम बनाने के लिए खीरे को तब तक ब्लेंड करें जब तक यह एक चिकना पेस्ट न बन जाए।
- अब इसमें विच हेज़ल और एलोवेरा जेल मिलाएं।
- तैयार मिश्रण को एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल में डालें।
- अब अपने चेहरे और गर्दन पर इसकी कुछ बूंदें लगाएं।

गुलाब जल और एलोवेरा जेल से बनाएं सीरम

यह एक बेहद ही हाइड्रेटिंग सीरम है, जो आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। अगर आपकी स्किन कॉम्बिनेशन होने के साथ-साथ सेंसेटिव भी है तो आप इस सीरम को अप्लाई कर सकते हैं।

### *आवश्यक सामग्री*

- 2 बड़े चम्मच गुलाब जल
- 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल
- 1 बड़ा चम्मच वेजिटेबल ग्लिसरीन
- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 2-3 बूंदें

### *सीरम इस्तेमाल करने का तरीका*

- सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्री डाल लें।
- अब एक गहरे रंग की कांच की ड्रॉपर बोतल लें और उसमें तैयार सीरम डालें।
- इसे हर इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह हिलाएं।
- अपनी स्किन को क्लीन करने के बाद और मॉइस्चराइजिंग से पहले अपने चेहरे और गर्दन पर कुछ बूंदें लगाएं।

# अमृत कलश संग्रहण समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित

**इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीदों को नमन एवं ऐसे वीर सपूतों को नमन जिन्होंने आज हम सभी को आज़ाद कराया: ज़िलाधिकारी**

- कार्यक्रम में सदर विधायक द्वारा पंच पृण की शपथ भी दिलाई गई

**अवधनामा संवाददाता**





**इटावा।** मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को बंधन अमृत कलश संग्रहण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मेमोरियल निकट पक्का तालाब स्थित आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक द्वारा पंच पृण की शपथ भी दिलाई गई। सदर विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत आज हम भारत देश में जिनके कारण स्वतंत्र हैं उनको नमन किया जाए एवं आजादी में प्राणों को बलिदान करने वालों को हमेशा याद एवं नमन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने परिवार को त्याग कर हम सभी को आजाद कराया ऐसे वीरों को शत-शत नमन। उन्होंने कहा की मेरी माटी मेरे देश के तहत 11 सितंबर से 30 सितंबर तक यह कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही यह भी अवगत कराया कि यह कलश यात्रा दो दिन बाद लखनऊ जाएंगी इसके बाद यह दिल्ली ले जाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिट्टी से पवित्र कोई चीज नहीं होती इसीलिए हमें मिट्टी को बार-बार नमन करना चाहिए। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में समस्त विकासखंड, समस्त नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं द्वारा घर-घर गांव गांव से मिट्टी लाई गई है इसको लखनऊ ले जाया जाएगा इसके पश्चात दिल्ली जाएगी। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीदों को नमन एवं ऐसे वीर सपूतों को नमन जिन्होंने आज हम सभी को आजाद कराया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत भारतीय जनता पार्टी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, संस्कृतिक पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रथम चरण में सीसी कैमरें संवेदनशील ग्रामों में लगवाये जाये



- आईपी आधारित कैमरों को प्राथमिकता दी जाए जो मानक अनुरूप हों: जिलाधिकारी एम0पी0 सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में श्ऑपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। आईपी आधारित कैमरों को प्राथमिकता दी जाए जो वेदर प्रूफ व मानक अनुरूप हों। कैमरों का कवरेज क्षेत्र पर्याप्त हो। कम से 8 कैमरे की डीबीआर लगायी जाए। कुछ स्थानों पर आवश्यकतानुसार 16 कैमरे की डीबीआर लगायी जाए। कैमरे स्थापित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के चिन्हित ग्रामों का सर्वे कराया जाए। ग्राम स्तर पर इस कार्य के लिए समित बनायी जाए। समिति में तकनीकी व जानकर लोगों को भी रखा जाए। स्थान चिन्हीकरण के लिए संबंधित थानों से समन्वय स्थापित किया जाए। प्रथम चरण में संवेदनशील ग्रामों को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, डीपीआरओ विनय कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किन्नरों से मारपीट और चौथ मांगने के आरोप गिरफ्तारी

- किसान यूनियन के नेता सहित पांच गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किन्नरों के नेग से हिस्सा मांगने को लेकर क़स्बा में एक किन्नर को मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक किसान यूनियन के कथित जिलाध्यक्ष समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सुरीर में रह रहे मुस्कान किन्नर का आरोप है कि चंद्रपाल उर्फ चंदू उससे नेग में से हिस्सा (चौथ) मांगता है। मना करने पर सखी बाई किन्नर की तरह हत्या कराने की धमकी देता है। मुस्कान पिता का नाम गुरू छोटी बाई निवासी सुरीर जनपद मथुरा की तहरीर के आधार पर किसान चन्द्रपाल पुत्र गोपाल सिह निवासी ऊंदी थाना छाता, श्याम पुत्र शोभाराम निवासी खेरिया मोहल्ला शेरगढ़ थाना शेरगढ़, हरिओम पुत्र हाकिम सिंह निवासी राल थाना जैंत, प्रशान्त पुत्र महेश निवासी नवदिया थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल निवासी शेरगढ़ थाना शेरगढ़ तथा रोहताश पुत्र नवल निवासी अस्तौली थाना शेरगढ़ के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। सभी आरोपितों को तेहरा अन्डरपास यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे से गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव ने बताया कि तेहरा अन्डरपास यमुना एक्सप्रेस वे के नीचे से सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा ही है।

### क्षेत्र के बंटबारे को लेकर चला रहा है किन्नरों के दो गुटों में झगड़ा

किन्नरों के दो गुटों सुरीर निवासी मुस्कान शर्मा और शेरगढ़ निवासी तमन्ना के बीच नौहझील,बाजना क्षेत्र को लेकर पिछले काफी समय से नेग और बधाई मांगने के बंटबारे को लेकर झगड़ा चला आ रहा है जिसमे दोनो गुटों में आए दिन मारपीट होती रहती है जिसमे एक दूसरे पर आपस मे कई मुकदमे भी पंजीकृत कराए जा चुके हैं।पिछले दिनों मुस्कान शर्मा के दो किन्नरों को बाजना से अगवा कर मारपीट करने का प्रार्थना पत्र नौहझील थाना पर मुस्कान शर्मा ने तमन्ना और उसके साथियों के खिलाफ दिया था, जिसमे पुलिस जांच कर रही है।

# कलश यात्रा जिलाधिकारी के नेतृत्व मे पुलिस लाईन से रसखान प्रेक्षागृह पहुंची

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत कलश यात्रा आज विकास खण्डों व नगर निकायों से जनपद स्तर पर पहुंची। सभी कलश यात्रायें ढोल नगाड़ों के साथ पुलिस लाईन ग्राउण्ड मे एकत्रित हुयी। तत्पश्चात जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलायी। सर्वश्रेष्ठ कलशों का निर्णय पांच सदस्यों की टीम द्वारा ज्यिूरी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने ज्यिूरी का निर्णय सभी के समक्ष घोषित किया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत कलश यात्रा विकास खण्डों मे प्रथम स्थान बावन, द्वितीय स्थान कछौना व तृतीय स्थान सुरसा को मिला। नगर निकायों मे प्रथम स्थान हरदोई, द्वितीय स्थान साण्डी तथा तृतीय स्थान गोपामऊ ने प्राप्त किया। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। कलश यात्रा जिलाधिकारी के नेतृत्व मे पुलिस लाईन से रसखान प्रेक्षागृह पहुंची, जहां कलशों को स्थापित किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत कल रसखान प्रेक्षागृह मे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, नगर मजिस्टेऊट प्रशान्त तिवारी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, विकास खण्डों के ब्लाक प्रमुख व बी0डी0ओं0, नगर निकायों के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पत्रकार मरहूम जुनैद तैमूरी का कुछ दिन पूर्व अलीगढ़ में बीमारी के बाद निधन हो गया था बुधवार को कटरा शहाब खां स्थित आवास पर जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की मरहूम जुनैद तैमूरी के पुत्र सैफ तैमूरी, भाई मसूद तैमूरी व उनकी माँ आदि से मिल कर उन्हें तसल्ली दी और शोक व्यक्त किया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव, विकास गुप्ता विक्की सत्यभान यादव, गौरव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### शिवपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक, सियासी अखाड़ा के प्रधान संपादक व वरिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास की पत्नी मरहूमा जुबैदा अब्बास और वरिष्ठ पत्रकार मरहूम जुनैद तैमूरी के कटरा शहाब खां स्थित आवास पर जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव, विकास गुप्ता विक्की सत्यभान यादव, गौरव यादव, मो.आमीन, अनीस चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

### अधिकारी मुख्यमंत्री आगमन की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर लें: जिलाधिकारी



**हरदोई।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद आगमन के दृष्टिगत आज विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त अधिकारी कार्यादेश के अनुसार सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर लें। पीएमजीएसवाई अपनी सड़क का मरम्मत कार्य ससमय पूर्ण कर ले। पार्किंग की उचित व्यवस्था कराई जाए। जनसभा स्थल पर एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था की जाए। सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बनाकर दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### यमुना एक्सप्रेस वे से नीचे गिरी वायु सेना अधिकारी की पत्नी, मौत

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में वायु सेना के अधिकारी की पत्नी की मौत हो गई। हादसे में कई अन्य घायल हुए हैं। हादसे में घायल दो घायल किशोरियों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। हादसा यमुना एक्सप्रेस वे पर अंडरपास पुल से तेहरा के समीप करीब पचास फीट नीचे नौहझील राया मार्ग पर आ गिरी, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर यमुना एक्सप्रेस वे सुरक्षाकर्मियों के अलावा सुरीर पुलिस मौके पर पहुंच गई। देवी प्रसाद मिश्रा एयरफोर्स में जूनियर वारंट ऑफीसर हैं, वे इस समय दिल्ली में तैनात हैं। बुधवार की सुबह अपनी कार से अपनी पत्नी किसलाया उम्र 40 वर्ष, दो बेटियां जिज्ञासा और अदम्य के साथ दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए आगरा घूमने के लिए जा रहे थे।

# ग्यारहवीं शरीफ पर सुबह 7 बजे निकालेगा जुलूस-ए-गौसिया

**अवधनामा ब्यूरो**



मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन में जुलूसे गौसिया के संबंध में बैठक करते कारी सरफराज आलम निज़ामी, मौलाना उबैदुर्रहमान खां, मौलाना अब्दुल वाजिद आदि।

**इटावा।** मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजबीदुल कुरआन आज़ाद नगर नई बस्ती से बहुत ही अदब और एहतराम के साथ उलमाए इकराम की सरपरस्ती में कल 27 अक्टूबर शुक्रवार को ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर सुबह 7 बजे निकाला जायेगा जुलूस-ए-गौसिया। उक्त जानकारी जुलूसे गौसिया के आयोजक कारी सरफराज़ आलम निज़ामी व मौलाना उबैदुर्रहमान खां कादरी ने संयुक्त रूप से मदरसे में बैठक के दौरान दी उन्होंने अपील करते हुए कहा कि गौसे आज़म के चाहने वालें अदब के साथ जुलूसे गौसिया में अधिक से अधिक शामिल हो। आगे कहा कि जुलूस में अदब का ख़ास ध्यान रखे। जुलूस में बा बज़ू होकर दुरूद शरीफ पढ़ते हुए चले। जुलूस में आप लोग इस तरह चले कि किसी भी राहगीर को जुलूस या आप की वजह से कोई भी परेशानी न हो। डी जे का बिल्कुल भी इस्तेमाल न करें साउंड की आवाज़ कम हो। बैठक की शुरूआत हाफिज़ कफील अहमद चिश्ती ने कुरआन पाक की तिलावत से की। अध्यक्षता मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने की। बैठक में शहर की मस्जिदों के पेश इमाम सहित उलमाए इकराम मौजूद रहे।

मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने कहा जुलूस में एक कतार बनाकर चले। मौलाना उबैदुर रहमान खां ने कहा जुलूस में बहुत ही सादगी के साथ चले जिससे कि पता चले की गौसे आज़म के दीवाने जा रहे है। कारी सरफराज आलम निज़ामी ने बताया कि जुलूसे गौसिया को हरी झंडी सुबह 7 बजे हज़रत डॉ.शुऐब अहमद नईमी देगें। बैठक में हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी, हाजी अज़ीम वारसी, हाजी रहीस अहमद, वाई के शफी चिश्ती, शेख़ नबाव, मुहम्मद ज़ाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

## तबादला एक्सप्रेस पर एक फिर लगा ब्राह्मण वाद का आरोप अन्य जाति के पुलिसकर्मी हुए असंतुष्ट

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** मथुरा पुलिस कप्तान द्वारा दशहरा पर्व से पहले तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए विगत दिनों भारी संख्या में पुलिसकर्मियों में से ज्यादातर लोगों को नवीनतम तैनाती दी तो कुछ पुलिस लाईन भेजा गया जिसमें कि अधिकाश ब्रमाणों को प्राथमिकता दी गई जिसकी सूची जारी होने पर अन्य जातियों के पुलिसकर्मी असंतुष्ट होकर कप्तान पर ब्राह्मणवादी मानसिकता होने का दबी जुबान में आरोप लगा रहे हैं। इससे पूर्व भी ज्यादातर थाने चौकियों में ब्राह्मणों को प्राथमिकता देते हुए प्रसिद्ध थाने चौकियों पर तैनाती दी हुई है लेकिन इस बार भी तबादला एक्सप्रेस में ब्राह्मणवादी मानसिकता को स्पष्ट बल मिल गया है जबकि गोवर्धन जैसे ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र जैसे थाने में अनुसूचित जाति जनजाति के उप निरीक्षको को छोड़कर यादव वा अन्य तमाम जाति के उप निरीक्षको को तैनाती दी हुई है जिनको लंबा समय भी हो गया है और उनकी तमाम शिकवा शिकायतें मिलने पर भी गोवर्धन थाने से हटाकर अन्य किसी जगह नहीं भेजा गया है फिर भी पुलिस कर्मियों द्वारा मथुरा कप्तान पर ब्राह्मणवादी मानसिकता का आरोप लगाए जा रहे हैं। मथुरा पुलिस आखिर मथुरा पुलिस ही है सुरेन्द्र कुमार यादव जैसे उप निरीक्षक पर मुकद्दमा संख्या 483 सन 2023 थाना गोवर्धन में गैंग रेप जैसे गंभीर धाराओं के मामले में नामजद आरोपियों को बचाने और रिपोर्ट कर्ता पति और पीड़िता के द्वारा लगातार उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार यादव द्वारा उत्पीड़न करने का आरोप लगाया जाता चला आ रहा है।

# ठेकेदार ने हत्या कर जमीन में गाड़ दिया मजदूर का शव

- उत्तरी बाईपास के निर्माण में ठेकेदार के साथ लगा था मजदूर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तरी बाईपास का मथुरा में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस समय बडे बडे डंपर मिट्टी डालने का काम कर रहे हैं। दिन रात डंपर दौड़ रहे हैं। मजदूर की बेरहमी से हत्या कर गड्ढे में शव को बदा देने की खबर जैसे ही लोगों को हुई कौतूहल मच गया। मथुरा के बलदेव क्षेत्र में उत्तरी बाईपास निर्माण का कार्य चल रहा है। मजदूर कम में लगे हैं। मंगलवार की रात्रि स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने शव को निकलवाकर कब्जे में लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यहां हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव नौजलपुर निवासी युवक योगेश काम करता था। योगेश ठेकेदार अभय नागर के साथ रहकर मिट्टी लेकर आने वाले डंपरों की गिनती करता था। पिता भूदेव का आरोप है कि योगेश एक साल से ठेकेदार के अधीन काम करता था। दो दिन पूर्व ठेकेदार ने योगेश की वाहन से टक्कर मार कर हत्या कर दी और शव को गड्ढा कर दबा दिया। मंगलवार की शाम एक अन्य वाहन चालक की सूचना पर स्वजन मंगलवार की रात्रि थाना बलदेव पहुंचे और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खोदकर शव को निकलवाकर कब्जे में लिया है।

## कार्तिक का महीना मोक्ष और पुण्य फल देने वाला है

**मथुरा।** सब तीर्थों से मिलकर प्रकट हुए गिरिराज जी की परिक्रमा के श्रीधाम राधाकुंड में एक माह तक चलने वाली कार्तिक नियम सेवा का शुभारंभ प्राचीन श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी घाट मंदिर पर अधिवास कीर्तन के साथ हुआ। पारंपरिक उत्सव के शुरू होने के बाद हजारों की संख्या में यहां आये देशी-विदेशी भक्त राधाकुंड के जल में डुबकी लगाकर दोनों कुंडों की परिक्रमा कर जप, तप व सत्संग का आनंद लेते हैं। रघुनाथ दास गद्दी के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने बताया कि कार्तिक नियम शुरू होने से पहले अधिवास कीर्तन में चारों युगों के ठाकुर जी के परिकरों व देवताओं का आह्वान किया जाता है।शुभ अधिवास में मंगलाचरण में ठाकुर जी का पूजन कर भोगराज सेवा शुरू की गई है।

# क्षत्रानियों ने सत्य, आत्म सम्मान के पथ पर चलते हुए क्षत्रिय धर्म के पालन की ली शपथ

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** दशहरा के शुभ अवसर पर क्षत्राणी समूह द्वारा श्री राम का पूजन एवं श्री राम एवं शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया।


क्षत्राणीयों ने श्री राम का तिलक किया एवं दशहरा के पावन पर्व पर एक दूसरे को शक्ति का प्रतीक तलवार भेंट की। क्षत्राणियों ने अपने समूह के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षत्राणी समूह हमेशा क्षत्रिय महिलाओं की हर मुश्किल हर सुख दुख में साथ खड़ा रहेगा एवं सामाजिक एकता के लिए संघर्ष करता रहेगा। श्री राम के आदर्शों पर चलते हुए समाज में मर्यादा एवं एकता को नई दिशा देने के लिए प्रयासरत रहेगा। क्षत्रिय समाज में गरीब एवं निर्बल महिलाओं एवं बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्म निर्भर, सबल बनाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर वीनस सेंगर, मंजू भदोरिया, विभा सिंह, मनीषा बेस, सीमा जादौन, नीरज सिंह, नीलम सिंह, अनुपम भदोरिया, दीपिका भदोरिया, प्रियंका आदि क्षत्रानियों ने सत्य एवं आत्म सम्मान के पथ पर चलते हुए क्षत्रिय धर्म के पालन की शपथ ली।

# ज़ी स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन विकास यादव व प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने अथितियों का गर्म जोशी से किया स्वागत**

- कार्यक्रम का शुभारंभ एस.एस.पी. संजय कुमार वर्मा और एस.पी. (सिटी) कपिल देव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.एस.पी.संजय कुमार वर्मा और एस.पी.(सिटी)कपिल देव सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने अतिथियो का गर्म जोशी से स्वागत किया। मुख्य अतिथि एस.एस.पी. संजय कुमार ने कहा कि समाज में महिलाएं जितनी मजबूत होती हैं समाज उतना ही सशक्त होता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा संबंधी सेवाओं, वूमेन पॉवर लाइन, साइबर सुरक्षा दूरभाष तथा सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से सतर्क रहने के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराधों की रोकथाम से सम्बंधित कई प्रश्नों के उत्तर भी दिये। पुलिस प्रशासन की तरफ से महिलाओं की जागरूकता और साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु एक पॉवर प्वॉइंट प्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन, अतिवीर सिंह यादव ने कहा कि हम सभी महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन पर जोर दें तथा बालिकाओं के विकास के लिए सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण बनाएं। इस आयोजन में एस.एच.ओ.फ्रेन्ड्स कॉलोनी सुधीर कुमार सिंह, एस.एस.आई. अनुभव चौधरी, एस.ओ. यशोधा, एस.आई.आकांक्षा तथा महिला विकास विभाग से दीपाली बिधौलिया भी उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और हमे अपना योगदान देकर इस मिशन को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए। अन्त में उन्होंने मिशन शक्ति के सभी आयोजकों एवं आगंतुकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# योगी आदित्यनाथ की टॉलरेन्सी योजना अधर में

**अवधनामा संवाददाता**

- मथुरा में विद्युत विभाग अभियंता लगा रहे हैं सरकार को चूना
- एम.डी. और चीफ अभियन्ता नहीं ले रहे कोई संज्ञान

**मथुरा।** जनपद में विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अभियंता मिल कर सरकार को चूना लगा कर लाखों का गबन कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर चर्चाओं में बना हुआ है। मामला महोली रोड स्थित आनंद विहार का है यहां अवैध कनेक्शन कर चोरी की जा रही थी विद्युत विभाग की टीम ने 21 अप्रैल 2022 को छाप मार कार्रवाई की, तो घरेलू कनेक्शन से औद्योगिक फर्म चलाकर राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। विभागीय टीम ने शिखा वर्मा पत्नी सोमेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 224959 रुपए का राजस्व निर्धारण किया। सूत्र बताते हैं कि बाद में मामले को मिली भगत के आधार पर रफा-दफा कर निल की रिपोर्ट लगा दी गई। प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है लेकिन विभागीय आलम यह है कि सरकार की जीरो टॉलरेन्स योजना की धज्जियां उड़ाते हुये विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार के बिना कोई काम नहीं हो पा रहा है। हम बात कर रहे हैं मथुरा के विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में,विद्युत विभाग के अधिकारियों पर अक्सर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं। सूत्रों के अनुसार नवल मोटर्स के साढ़े तीन लाख रूप्ये असिसमेन्ट को मात्र 16000 लेकर रफादफा कर दिया। दूसरे केस में पाली खेड़ा बगीच के पास एक कॉलोनी शिवाशक्ति धाम है, जिसमें विद्युत विभाग के अभियंता तथा अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर नियमों के विरूद्ध कार्य किया है। आयुष हॉस्पीटल के पास पालीखेड़ा में भी मोटी रकम लेकर मीटर का लोड़ बढ़ाया गया है जबकि विद्युत विभाग के कार्यालय में ऐसी कोई सूचना नहीं है। विभाग के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विद्युत विभाग के अभियन्ता का बाबू अवैध लेनदेन करता है और ड्राईवर भी इसमें शामिल है। जहां विद्युत विभाग के अधिकारी और अभियंताओं ने गरीब जनता की नाक में दम कर रखा है वहीं धनाठ्यों से सांठगांठ कर अवैध कनैक्शन बांटे जा रहे हैं। घूस लेकर व्यवसायिक स्थलों पर घरेलू कनैक्शन दिये जा रहे हैं। इसी प्रकार अवैध बनी कालोनियों में मोटी घूस कर विद्युतीकरण किया जा रहा है।

# एशियन पैरा गेम्स में सुमित अंतिल ने रचा इतिहास, वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के साथ गोल्ड मेडल किया अपने नाम




सुमित अंतिल ने एशियन पैरा गेम्स के तीसरे दिन यानी बुधवार को मेंस जैवलिन थ्रो इवेंट में इतिहास रच दिया है। उन्होंने नया रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने एशियन पैरा गेम्स के तीसरे दिन यानी बुधवार को मेंस जैवलिन थ्रो इवेंट में इतिहास रच दिया है। उन्होंने नया रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

दरअसल 25 वर्षीय सुमित ने इस साल की शुरुआत में पेरिस में हुई वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने ही 70.83 मीटर थ्रो के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया था और एक नया रिकॉर्ड बनाया।

वहीं भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ इस इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल जीता। तो श्रीलंकाई अराकचिगे समिथा ने 64.09 मीटर के थ्रो के इस इवेंट का सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंतिल ने इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक गेम्स में भी मेंस जैवलिन 64 इवेंट में वर्ल्ड रिकॉर्ड 68.55 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड अपने नाम किया था।

बता दें कि, ये 2023 हांगझू एशियन पैरा गेम्स में भारत का 10वां गोल्ड मेडल और कुल मिलाकर 36वां मेडल है। भारत इस एशियन पैरा गेम्स में अबतक 10 गोल्ड, 12 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल समेत कुळ 36 मेडल जीत चुका है और वो फिलहाल पांचवें स्थान पर है। भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2023 के लिए अबतक का अपना सबसे बड़ा 303 एथलीटों का दल भेजा गया है। इनमें 191 पुरुष और 112 महिला एथलीट शामिल हैं।

# स्टीव स्मिथ का जमकर गरजा बल्ला, जड़ा वनडे विश्व कप 2023 का पहला अर्धशतक, कोहली-बाबर के लब में मारी एंट्री

**नई दिल्ली,एजेसी।** आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 24वें मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना नीदरलैंड्स से हो रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत कमाल की रही।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में कंगारू टीम के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने इस मैच में अपनी फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे विश्व कप 2023 का पहला अर्धशतक जमाया।

स्टीव स्मिथ ने 68 गेंदों का सामना करते हुए 71 रन की पारी खेली, जिसमें उन्होंने कुल 9 चौके और 1 छक्का लगाया। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 104 का रहा। बता दें कि स्टीव स्मिथ ने नीदरलैंड्स के खिलाफ फिफ्टी जड़ते ही कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए।

उन्होंने एक मामले में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और बाबर आजम के खास क्लब में एंट्री मारी। आइए एक नजर डालते है स्टीव स्मिथ के सभी रिकॉर्ड्स के बारे में विस्तार से।




दरअसल, नीदरलैंड्स के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया टीम की तरफ से पहले विकेट के बाद स्टीव स्मिथ ने डेविड वॉर्नर के साथ मिलकर टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई। मैच में स्टीव स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की और कुल 71 रन बनाए।

उन्हें आर्यन दत्त ने रूलोफ वान डर मेर्व के हाथों कैच कराया। इस दौरान स्टीव स्मिथ ने वनडे करियर का अपना 31वां और वनडे विश्व कप 2023 का पहला अर्धशतक जड़ा। इसके साथ ही दूसरे विकेट के लिए उन्होंने डेविड वॉर्नर के साथ 132 रन की पार्टनरशिप भी की।

नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग (12662) के नाम हैं। दूसरे नंबर पर विराट कोहली (11316), तीसरे नंबर पर कुमार संगकारा (9747) रन के साथ मौजूद है।

इस लिस्ट में 7वें नंबर पर पाकस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम का नाम शामिल हैं, जिन्होंने कुल 5025 रन बनाए हैं। वहीं, वनडे में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ ने 4000 रन पूरे किए। यह उपलब्धि उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में हासिल की। स्टीव वनडे में इस नंबर पर बैटिंग करने वाले 12वें बल्लेबाज बन गए हैं।

बता दें कि वनडे विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने के मामले में रिकी पोटिंग का नाम टॉप पर हैं, जिन्होंने कुल 11 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने इस खास क्लब में एंट्री कर ली है, जिन्होंने वनडे विश्व कप में कुल 8 बार 50 से ज्यादा स्कोर बनाया।

हालांकि, स्टीव स्मिथ ने विश्व कप में 25 पारियों में ही 10 बार 50 से ज्यादा स्कोर बनाया। इस मामले में उन्होंने रिकी पोंटिंग को पछाड़ा है, जिन्होंने 42 पारियों में ये कारनामा किया था।

# शरत कमल को हराकर मानव ठक्कर ने जीती राष्टीय रैंकिंग ट्रॉफी



मानव ठक्कर ने अनुभवी शरत कमल को सात गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से पराजित करके राष्टीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीता।

मानव ठक्कर ने मंगलवार को यहां अनुभवी शरत कमल को सात गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 4-3 से पराजित करके राष्टीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीता।

दीया चितले ने राष्टीय चैंपियन श्रीजा अकुला को 4-1 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। दोनों विजेताओं को समान 77000 रुपए की इनामी राशि मिली। मानव ने शरत कमल को पुरुष एकल फाइनल में 2-11, 11-7, 11-6, 2-11, 4-11, 14-12, 11-8 से हराया।

महिला एकल फाइनल में दीया ने श्रीजा को 11-8, 5-11, 11-5, 11-9, 14-12 से पराजित किया। अंकुर भट्टाचार्य ने लड़कों का अंडर-19 जबकि शुभंकृता दत्ता ने लड़कियों के वर्ग का खिताब जीता।

# साउथ अफ्रीका की बड़ी जीत से प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फेरबदल, न्यूजीलैंड टीम का हुआ भारी नुकसान

**नई दिल्ली,एजेसी।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को वर्ल्ड कप 2023 के 23वें मैच में बांग्लादेश को 149 रन के विशाल अंतर से मात दी। प्रोटियाज टीम की यह पांच मैचों में चौथी जीत रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने स्कोर बोर्ड पर 382 रन लगाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम महज 233 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए वर्ल्ड कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल में भी बड़ा फेरबदल कर डाला है। साउथ अफ्रीका की टीम बेहतर रनरेट होने के चलते टेबल में अब दूसरे नंबर पर आ गई है। बांग्लादेश की करारी हार से न्यूजीलैंड को नुकसान पहुंचा है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गए हैं। टॉप पोजिशन पर भारतीय टीम का कब्जा बरकरार है।




पांच मैचों में चौथी हार का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम टेबल में अब सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है। हालांकि, साउथ अफ्रीका की जीत से इंग्लैंड को फायदा पहुंचा है और अब वह 9वें स्थान पर आ गए हैं। श्रीलंका आठवें स्थान पर मौजूद है, तो सातवें नंबर पर नीदरलैंड्स है। पाकिस्तान को हराने के बाद अफगानिस्तान छठे नंबर पर काबिज है।

साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 382 रन लगाए। टीम की ओर से क्विंटन डिकॉक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 140 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली। डिकॉक के बल्ले से इस वर्ल्ड कप में निकला यह तीसरा शतक है। वहीं, हेनरिक क्लासन ने 90 रन की तेज तर्रार पारी खेली।

383 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की पूरी टीम 233 रन बनाकर सिमट गई। महमूदुल्लाह को छोड़कर टीम का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। महमूदुल्लाह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया और 111 रन की दमदार पारी खेली। हालांकि, उनको दूसरे छोर से किसी भी बल्लेबाज का साथ नहीं मिल सका।

# शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान टीम पर जमकर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली,एजेसी।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने बाबर आजम की कप्तानी की जमकर आलोचना की है। पता हो कि चेन्नई में सोमवार को पाकिस्तान को वर्ल्ड कप 2023 के 22वें मेच में अफगानिस्तान के हाथों 8 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी थी।

बता दें कि पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करके निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट खोकर 282 रन बनाए थे। जवाब में अफगानिस्तान ने 49 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया था। पाकिस्तान की टूर्नामेंट में यह लगातार तीसरी शिकस्त रही और उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कठिन हो गई हैं।

शाहिद अफरीदी ने बाबर आजम को एक अहम सलाह दी है। अफरीदी ने कहा कि बाबर आजम को यह सीखने की जरुरत है कि बल्लेबाजों पर आक्रामक फील्डिंग सजाकर दबाव कैसे बनाते हैं। अफरीदी ने साथ ही कहा कि पाकिस्तान के कप्तान को यह गुर ऑस्ट्रेलिया से सीखना चाहिए।

दबाव बनाने का काम कप्तान का है। एक तेज गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा है और वहां कोई स्लिप नहीं लगी है? 12 गेंदों में चार रन बनाने हैं और आपने बैकवर्ड प्वाइंट लिया है? दबाव बनाइए। ऑस्ट्रेलियाई क्या करते हैं? वो एक या दो विकेट लेते हैं और सभी खिलाड़ियों को सर्कल के अंदर बुलाकर दबाव बनाते हैं। उन्होंने ऐसा पाकिस्तान के खिलाफ भी किया था।

राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। मगर यह गुलाबों का ताज नहीं हैं। जब आप अच्छा करेंगे तो हर कोई आपकी तारीफ करेगा। जब आप घटिया प्रदर्शन करेंगे तो हर कोई आपको और हेड कोच को दोष देंगे।

पाकिस्तान को अपना अगला मुकाबला शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से होगा। बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की कोशिश हर हाल में मैच जीतने की होगी।

# जब माधुरी दीक्षित से तुलना किए जाने पर भड़क गयी थी जूही चावला, ठुकरा दी थी सुपरहिट फिल्म राजा हिंदुस्तानी

अभिनेत्री जूही चावला ने एक बार फिल्म निर्माता धर्मेश दर्शन द्वारा अपनी सहकर्मी माधुरी दीक्षित से तुलना किए जाने के बाद राजा हिंदुस्तानी में मुख्य भूमिका निभाने से इनकार कर दिया था।

फिल्म राजा हिंदुस्तानी करिश्मा कपूर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के लिए पहली पसंद करिश्मा कपूर नहीं बल्कि जूही चावला थी। और जूही चावला ने इस फिल्म को ठुकरा दिया था। फिल्म को ठुराते वक्त उन्होंने माधुरी दीक्षित का नाम लिया था। ये क्यों लिया आज हम इस बात का खुलासा करेंगे। करिश्मा कपूर को राजा हिंदुस्तानी की कहानी सौंपने से पहले, निर्देशक धर्मेश दर्शन ने मुख्य भूमिका के लिए जूही चावला से संपर्क किया था। हालांकि, एक्ट्रेस ने ये ऑफर ठुकरा दिया था।



लेहरन रेट्रो के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में दर्शन ने उस समय क्या हुआ था, इसके बारे में अधिक जानकारी दी और कहा कि जूही को फिल्म की पेशकश करते समय, उन्होंने उनकी तुलना माधुरी दीक्षित से की थी। 1990 के दशक में माधुरी और जूही दोनों को अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता था।

जूही के साथ पहले लुटेरे में काम कर चुके धर्मेश दर्शन ने कहा कि जूही दोबारा लुटेरे जैसी फिल्म में काम करना चाहती थीं। हालाँकि, धर्मेश ने उन्हें यह कहकर समझाने की कोशिश की कि राजा हिंदुस्तानी एक अलग जानवर है, हम आपके हैं कौन की तरह कुछ। इस बिंदु पर, उनका तर्क शुरू हुआ वह मेरी ओर मुड़ी और बोली, लेकिन आप सूरज बड़जात्या नहीं हैं। मेरे मन में कुछ आया, मुझमें बड़ा अहंकार था और मैंने कहा, तुम माधुरी दीक्षित नहीं हो। इतनी सी बात पर उन्होंने फिल्म के लिए मना कर दिया। लेकिन वह पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए अगले दिन उन्होंने माफी मांगी और मुझसे दोबारा देखने के लिए कहा।

धर्मेश दर्शन ने कहा कि जब उन्हें ऑफर के लिए दोबारा जूही से मिलना था, तो उन्होंने करिश्मा के पास जाने का फैसला किया। उस समय जूही के अलावा, ऐश्वर्या राय और पूजा भट्ट जैसी अन्य अभिनेत्रियों पर भी इस भूमिका के लिए विचार किया जा रहा था, लेकिन पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण वे भूमिकाएँ करने में असमर्थ थीं। लेकिन अंत भला तो सब भला, जूही और माधुरी ने अपने पुराने मतभेदों को भुला दिया और 2014 की फिल्म गुलाब गैंग में एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आईं।

# बिग बॉस 17 में हुआ ऐसा नॉमिनेशन दिल, दिमाग और दम की धरी रह गई प्लानिंग, एक साथ 6 कंटेस्टेंट्स की छुट्टी

बिग बॉस 17 को शुरू हुए अब दो हफ्ते हो चुके है। नए सीजन में 17 कंटेस्टेंट्स शामिल है, लेकिन अभी तक किसी का एलिमिनेशन नहीं हुआ है। अब शो में दूसरी बार नॉमिनेशन कराया गया, जिसने दिल, दिमाग और दम घर में रहने वाले कंटेस्टेंट्स की सारी प्लानिंग फेल कर दी।

एलिमिनेशन से पहले बिग बॉस ने कुछ कंटेस्टेंट्स के कमरों में अदला- बदली की। मनारा चोपड़ा को दिल घर से निकालकर दिमाग घर में भेज दिया गया। जहां मुनव्वर फारूकी और खानजादी ने भी ज्वाइन किया। वहीं, सना रईस खान, अरुण मशेट्टी और अनुराग डोभाल को दम घर में भेज दिया गया।

बिग बॉस ने इतनी फेर-बदल के बाद दिमाग घरवालों को आर्काइव रुम में बुलाया और उन्हें नॉमिनेशन की पूरी प्रक्रिया दिखाई। बिग बॉस ने दम घर को अपने मन से 8 कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने के लिए कहा। दम घर ने मिलकर मुनव्वर फारुकी, रिंकू धवन, नाविद सुले, खानजादी, नील भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा, ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार को नॉमिनेट किया। हालांकि, दम घर को नहीं पता था कि उन्हें दिमाग घर वाले देख रहे हैं।



बिग बॉस ने अंकिता लोखंडे को थेरेपी रूम में बुलाया और उन्हें आठ नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स की पिक्चर वाला एक बोर्ड दिया। दिल घर को इनमें से किसी एक को बचाना था। विक्की जैन ने कहा कि उन्हें अपने घरवालों को बचाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय को सुरक्षित कर लिया।

मुनव्वर फारुकी ये सब देखकर हैरान थे कि उनके अच्छे दोस्त विक्की कौशल और अंकिता लोखंडे ने उन्हें नहीं बचाया। 2 कंटेस्टेंट्स हटने के बाद 6 कंटेस्टेंट्स नॉमिनेटेड थे। बिग बॉस ने दिमाग घर से तीन कंटेस्टेंट्स के नाम रीसफल करने के लिए कहा। इसके बाद रिंकू धवन, नाविद सुले और मुनव्वर फारुकी को बचा लिया गया। वहीं, तहलका, सोनिया बंसल और सना रईस खान नॉमिनेशन की लिस्ट में आ गए।

6 नॉमिनेट कंटेस्टेंट्स के नाम की घोषणा करने की जिम्मेदारी बिग बॉस ने मुनव्वर फारुकी को दी, वो भी मुशायरा स्टाइल में। कॉमेडियन ने फाइनल नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स की घोषणा करते हुए नील भट्ट, ऐश्वर्या शर्मा, तहलका, सोनिया बंसल, सना रईस खान और खानजादी का नाम लिया।

# गणपत से लेकर लियो तक, दशहरा पर किन फिल्मों की रही चांदी कौन गिरा औंधे मुंह?

हाल ही में दशहरा के फेस्टिव सीजन को जहन में रखते हुए कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। इन फिल्मों में साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की लियो, नंदमुरि बालकृष्ण की भगवंत केसरी, बॉलीवुड कलाकार टाइगर श्रॉफ की गणपत, यारियां 2 और साउथ सिनेमा के अभिनेता रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के नाम शामिल हैं।

साउथ सिनेमा के दिग्गज फिल्म कलाकार नंदमुरि बालकृष्ण की लेटेस्ट फिल्म भगंवत केसरी बीते गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस लिहाज से दशहरा का दिन इस मूवी की रिलीज का छठा दिन रहा।

ऐसे में सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दशहरा के मौके पर साउथ फिल्म भगंवत केसरी ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी भाषाओं में 11.5 करोड़ का कारोबार किया है।

रवि तेजा साउथ सिनेमा के वो सुपरस्टार हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग हिंदी सिनेमा के फैंस में भी काफी ज्यादा है। रवि तेजा की पहली पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव को रिलीज किया गया। दशहरा के अवसर पर यानी रिलीज के छठे दिन रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव ने बॉक्स ऑफिस पर 5.35 करोड़ का बढ़िया कलेक्शन किया है।

बी टाउन एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार की पॉपुलर फिल्म यारियां 2 भी 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि इस फिल्म को लेकर फैंस में कुछ खास बज देखने को नहीं मिला। बात करें यारियां 2 के रिलीज के 5वें दिन यानी दशहरा पर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में तो ये मूवी बीते मंगलवार को महज 30 लाख की कमाई कर पाई है।



हिंदी सिनेमा के मशहूर एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहुचर्चित फिल्म गणपत दशहरा के फेस्टिव सीजन का लाभ उठाने के नजरिए से 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। लेकिन मेकर्स का दांव इस मूवी पर उल्टा पड़ गया। क्योंकि दशहरा के दिन टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की ये मूवी महज 1.50 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ही कर सकी।

मौजूदा समय में बॉक्स ऑफिस से लेकर सिनेमाघरों तक अगर किसी फिल्म का बोलबाल जारी है, तो वो साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय थलापति की मूवी लियो है।

दशहरा का दिन लियो के लिए रिलीज का छठा दिन रहा है। ऐसे में दशहरा का सही मायने में फायदा लियो ने उठाया है। लियो ने दशहरा पर सभी भाषाओं में 32.7 करोड़ का बंपर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है।

तुलना की जाए इस बार के दशहरे की बीते साल के दशहरा से तो उस लिहाज से इस बार बॉक्स ऑफिस के लिए दशहरा राहत की सांस लेकर आया है।


दरअसल बीते साल दशहरा के मौके पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन और रश्मिका मंदाना की फिल्म गुड बाय और साउथ के दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी की फिल्म गॉड फादर सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई।

# दशहरा पर रवि तेजा की फिल्म ने मचाया गदर, 5वें दिन कर डाला ताबड़तोड़ कलेक्शन

साउथ सिनेमा के पॉपुलर कलाकारों के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें रवि तेजा का नाम जरूर शामिल होगा। रवि की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है, जिसके चलते फैंस उनकी फिल्मों को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आते हैं।

मौजूदा समय में रवि तेजा की पहली पैन इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव को दर्शकों की ओर से भरपूर प्यार मिल रहा है, जिसके चलते एक्टर की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। ऐसे में आइए जानते है कि रिलीज के 5वें दिन यानी दशहरा के मौके पर टाइगर नागेश्वर राव ने कितना कलेक्शन किया है।

टाइगर नागेश्वर राव सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस दौरान बॉक्स ऑफिस पर रवि तेजा की इस फिल्म को बॉलीवुड मूवीज %गणपत और यारियां 2 की चुनौती मिली। लेकिन अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर टाइगर नागेश्वर राव ने इन हिंदी फिल्मों को धूल चटाते हुए तबाही मचा दी है।



गौर करें टाइगर नागेश्वर राव के रिलीज के 5वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक दशहरा के मौके पर रवि तेजा की इस मूवी ने 5.35 करोड़ की बंपर कमाई है।

टाइगर नागेश्वर राव के कारोबार में काफी बढोत्तरी देखने को मिली है। साफतौर पर कहा जाए तो रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव ने दशहरा के अवसर का पूरा फायदा उठाकर शानदार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कर डाला है।

जिस तरह से टाइगर नागेश्वर राव सिनेमाघरों और बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। उससे ये साफ कहा जा सकता है कि रवि तेजा की मूवी को ऑडियंस की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है।

यही कारण है जो टाइगर नागेश्वर राव ने कामयाबी की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब देखना ये दिलचस्प रहेगा की आने वाले दिनों में ये फिल्म कितनी और कमाई करती है।

# कांग्रेस ने सुमावली, जौरा समेत चार सीटों पर प्रत्याशी बदले

30 अक्तूबर को आएंगे शाह

**भोपाल।** ग्वालियर पूर्व विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री माया सिंह ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पूर्व मंत्री माया सिंह ने जीत का दावा करते हुए कहा कि लोगों की जरूरत के हिसाब से और उनकी परेशानियों को ध्यान में रखती हुईं, वह जनता के बीच पहुंच रही हैं। उनका कहना है कि विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और बच्चे और महिलाओं के लिए नए रास्ते खुलेंगे ताकि उन्हें कोई परेशानी ना हो।

**सुविधा**

**विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और बच्चे और महिलाओं के लिए नए रास्ते खुलेंगे ताकि उन्हें कोई परेशानी ना हो।**



भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पांचवी सूची जारी कर दी है। इस सूची में सिंगरौली के देवसर विधानसभा सीट से राजेंद्र मेश्राम को टिकट दिया गया है। वहीं, माड़ा सहित कई अन्य गांवों के ग्रामीणों ने राजेन्द्र मेश्राम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। देवसर विधानसभा के लोग इस बार स्थानीय उम्मीदवार की मांग कर रहे थे।

आचार संहिता लगने के बाद से इटारसी में सोने के आभूषण और नकदी पकड़े जाने लगातार दो मामले सामने आ चुके हैं। सोमवार-मंगलवार रात सिटी पुलिस ने बस स्टैंड से 38 लाख 67 हजार रुपए के सोने के आभूषणों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं जीआरपी ने दोपहर को स्टेशन से युवक को छह लाख रुपये नकदी के साथ पकड़ा है। दोनों मामलों की जानकारी पुलिस ने आयकर विभाग की टीम को दे दी है। पिछले दो दिनों में इटारसी से 67 लाख 6220 रुपये का सोना जब्त हुआ है। वहीं, 11 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय मध्यप्रदेश के इंदौर-एक विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। कैलाश विजयवर्गीय का नाम जब मध्यप्रदेश में बतौर प्रत्याशी सामने आया, तो सियासत में तमाम तरह की चर्चाएं भी होने लगीं। खुद कैलाश विजयवर्गीय भी प्रत्याशी बनाए जाने से अवाक रह गए। अब चर्चाएं हैं कि अगर कैलाश विजयवर्गीय चुनाव जीतते हैं और भाजपा बहुमत से सरकार में आती है, तो मुख्यमंत्री के चेहरे भी हो सकते हैं। वह खुद भी कहते हैं पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसका वह निर्वहन करेंगे। सरकार बनाने पर नेतृत्व परिवर्तन को लेकर उनका कहना है कि बहुमत आने के साथ ही इस पर निर्णय लिया जा सकता है।

इंदौर में कई प्रत्याशी निर्दलीय विधानसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। इनमें से एक हैं परमानंद तोलानी वे 18 बार चुनाव हार चुके हैं। उन्होंने एक बार फिर अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वे विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 से चुनाव लड़ रहे हैं। तोलानी रियल एस्टेट कारोबारी हैं। निर्दलीय खड़े परमानंद तोलानी का परिवार दो पीढ़ियों से लगातार चुनाव लड़ने के लिए मशहूर है। हैरानी यह है कि हर बार इसके सदस्यों की जमानत जब्त हुई है। हालांकि हौसले अब भी बुलंद हैं और इरादे मजबूत हैं।

कांग्रेस ने सुमावली, जौरा, बड़नगर और पिपरिया सीट पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। सुमावली से पार्टी ने पहले अजब सिंह कुशवाहा का टिकट काटकर कुलदीर शिकरवार को दिया था, जिसके बाद अजब सिंह बगावत अमादा थे। अब पार्टी ने सुमावली से एक बार फिर अजब सिंह को प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

# गरबा कार्यक्रम में पुरस्कार को लेकर हुआ झगड़ा आयोजकों ने पीट-पीटकर की व्यक्ति की हत्या

**समिति**

**एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कृष्णा पार्क में नवरात्रि के मौके पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया था।**



**अहमदाबाद।** गुजरात में एक गरबा कार्यक्रम के आयोजकों ने एक 40 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दरअसल, व्यक्ति की 11 वर्षीय बेटी ने शिकायत की थी कि कार्यक्रम में दो प्रतियोगिताएं जीतने के बावजूद उसे एक पुरस्कार दिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित सरमन ओडेदरा को मंगलवार की रात करीब दो बजे सात लोगों ने लाठियों और धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपियों की पहचान राजा कुचड़िया, राजू केशवाला, रामदे बोखिरिया और प्रतीक गोरनिया के तौर पर की गई है और बाकी के तीन उनके सहयोगी थे। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने कृष्णा पार्क में नवरात्रि के मौके पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया था। मृतक की पत्नी ने बताया कि सोमवार की रात जब उनकी बेटी गरबा खेलकर वापस लौटी तो उसने शिकायत की दो प्रतियोगिता जीतने के बावजूद उसे एक पुरस्कार दिया गया। यह सुनकर वह आयोजकों से भिड़ने गई। इसी दौरान आरोपी ने उनसे दुर्व्यवहार करते हुए पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए कहा। इसके बाद आरोपी बोखिरिया और कुचड़िया ने महिला के साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया, जिसके बाद महिला अपनी बेटी के साथ रात के एक बजे वापस अपने घर लौट आई। इसके एक घंटे बाद आरोपी उनके घर के पास आए और पीड़ित को पीटने लगे। इस दौरान महिला को भी चोट लगी। आरोपियों ने मृतक को बाइक में बैठाकर गरबा स्थल पर लेकर गए और वहां पुलिस के आने तक उसकी जमकर पिटाई की। हालांकि, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तुरंत मृतक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी मौत हो गई।

# उद्धव ठाकरे पर एकनाथ शिंदे के वार से बिफरे राउत

**मुंबई।** दशहरे के मौके पर महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने रैली की। जहां उद्धव ठाकरे ने विजयदशमी के मौके पर शिवाजी पार्क में दशहरा रैली का आयोजन किया तो आजाद मैदान में एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने रैली की। रैलियों में दोनों ही नेताओं ने एक-दूसरे पर जमकर प्रहार किया है। एकनाथ शिंदे ने रैली को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे पर बाला साहेब ठाकरे को धोखा देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि बाल ठाकरे की वैचारिक विरासत के साथ बेईमानी करके उनकी पीठ में छुरा घोंपा गया है।

**सुनवाई**

**उद्धव ठाकरे ने विजयदशमी के मौके पर शिवाजी पार्क में दशहरा रैली का आयोजन किया तो आजाद मैदान में एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने रैली की।**




वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे को जो समर्थन मिल रहा, उसे देखते हुए एकनाथ शिंदे ऐसा बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्हें चुनाव की घोषणा कर देनी चाहिए, जिसके बाद पता चल जाएगा कि कौन असली है और नकली। इसी से पता चलेगा कि किसे जनता का समर्थन मिल रहा है और कौन शिवसेना के विचारधारा का पालन करती है।

**सीएम शिंदे का बयान**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने दशहरा मैदान से गर्व से कहो हम हिंदू हैं का नारा दिया था। वे कांग्रेस को पसंद नहीं करते थे। आज वही कांग्रेस में विलीन होने को तैयार है। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर बिलकुल भी आश्चर्य नहीं होगा कि ये पार्टी अपने स्वार्थी उद्देश्यों के लिए हमास और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों के साथ गठबंधन करते हैं। शिंदे के इस बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी प्रतिक्रिया देते हुए सीएम को हमास करार दिया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि शिंदे खुद एक हमास है। यह दिखाता है कि भाजपा ने उनके दिमाग में कैसे गंदे कीड़े को जन्म दिया है। एकनाथ शिंदे के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सीएम शिंदे की तरफ इशारा करते हुए कहा कि उन्हें मालूम है कि जनता का समर्थन महा विकास अघाड़ी के साथ है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, उन्हें मालूम है कि चुनाव होने पर वे हार जाएंगे। महाराष्ट्र की जनता उन्हें हरा देगी। सीएम शिंदे के हमास वाले बयान पर आलोचना करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, वे हमारी तुलना हमास, आईएसआईएसआई या किसी और से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सही मायने में असली देशद्रोही वे ही हैं, जो चुनी हुई सरकारों को गिरा रहे हैं। वे लोकतंत्र के नियमों और एजेंसियों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

# केरल में टीडीबी ने मंदिर परिसरों में आरएसएस की गतिविधियों को किया प्रतिबंधित

**तिरुअनंतपुरम।** केरल के त्रावणकोर क्षेत्र में प्रमुख मंदिरों का प्रबंधन संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) ने एक नया परिपत्र जारी कर मंदिर परिसरों और अपनी संपत्तियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है।

देवस्वओम आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, उसके मंदिरों के परिसर के अंदर नामजपा विरोध प्रदर्शन (मंत्रों का जाप करके विरोध प्रदर्शन) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कहा गया है कि अनुमति के बिना आरएसएस और अन्य ऐसी विचारधारा वाले संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**मंदिरों के कर्मचारियों और पुजारियों से कही ये बात**

बीस अक्टूबर को जारी परिपत्र में देवस्वओम सतर्कता शाखा को निर्देशित किया गया है कि वह यह पता लगाने के लिए औचक छापेमारी करे कि क्या आरएसएस या अन्य संगठन मंदिर की संपत्तियों में शाखाएं, सामूहिक अभ्यास या हथियार प्रशिक्षण आयोजित कर रहे हैं या नहीं। इसने संबंधित मंदिरों के कर्मचारियों और पुजारियों से कहा कि यदि ऐसे संगठनों की उपस्थिति है और उनकी गतिविधियां संचालित हो रही हैं तो इस बारे में टीडीबी प्रबंधन को सूचित किया जाए।

कहा गया है कि जो कर्मचारी व पुजारी इसकी सूचना देने में विफल रहेंगे, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन लोगों का मंदिरों से कोई संबंध नहीं है, उनके फोटो, झंडे और फ्लेक्स बोर्ड उनके परिसर में नहीं रखे जाने चाहिए।

इसमें कहा गया है कि निर्देशों का पालन न करना इस संबंध में हाई कोर्ट के निर्णय का उल्लंघन माना जाएगा।केरल हाई कोर्ट ने पिछले महीने कहा था कि तिरुअनंतपुरम जिले के सरकारा देवी मंदिर के परिसर में किसी भी सामूहिक अभ्यास या हथियार प्रशिक्षण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस मंदिर का प्रबंधन टीडीबी के तहत आता है। यह निर्देश दो श्रद्धालुओं की याचिका पर दिया गया था।

याचिका में आरएसएस और उसके सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर के अवैध उपयोग और अनधिकृत कब्जे को रोकने के लिए निर्देश देने का आग्रह किया गया था। इस साल मई में भी टीडीबी ने एक परिपत्र जारी कर अधिकारियों से कहा था कि वे उसके पहले के आदेश का सख्ती से पालन करें, जिसमें उसके तहत आने वाले मंदिरों में आरएसएस की शाखाओं या सामूहिक अभ्यास को प्रतिबंधित किया गया था।

2016 में टीडीबी ने एक परिपत्र जारी कर मंदिर परिसरों में आरएसएस द्वारा आयोजित किए जाने वाले हर तरह के हथियार प्रशिक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## 'मुझे संतोष है कि प्रह्लाद नरसिंहपुर से चुनाव लड़ रहे'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधानसभा चुनावों के नतीजे को लेकर दावा किया कि वह पांच राज्यों में जरूर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने इस दौरान भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा। कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान हैं। भाजपा के लिए सत्ता विरोधी लहर है। भाजपा अपने किसी भी वादे पर खरी नहीं उतरी है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद सिंह पटेल ने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। पटेल ने नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात की। कहा, आज मेरे लिए अविस्मरणीय दिन है, आज शिवराज सिंह चौहान मेरा नामांकन दाखिल कराने आए थे। ये मेरा पहला चुनाव है, लेकिन मैं अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि से लड़ रहा हूं। सबका आर्शीवाद है तो मैं विजय की कामना भी करता हूं, जनता से अपेक्षा भी करता हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुझे संतोष है कि प्रह्लाद सिंह पटेल नरसिंहपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

## ओंटारियो में गोलीबारी में तीन बच्चों समेत पांच की मौत

**ओंटारियो।** कनाडा के उत्तरी ओंटारियो में पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे और एक शूटर भी शामिल था। यह घटना मंगलवार की रात करीब 10:30 बजे की है, जिसमें एक छह वर्षीय, सात वर्षीय, 12 वर्षीय बच्चे और एक 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

कनाडाई पुलिस के अनुसार उन्हें रात के करीब 10:20 में घटना की जानकारी मिली। उन्हें टेंक्रेड स्ट्रीट में एक 41 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला जिसके शरीर पर गोली लगने का निशान था। हालांकि, इसके दस मिनट बाद उन्हें एक और फोन आया, जिसमें पास के इलाके में तीन बच्चों के मरने की जानकारी दी गई।

पुलिस ने आगे बताया कि इसी के साथ उन्हें एक 44 वर्षीय व्यक्ति का भी शव मिला, जिसने खुद को गोली मार ली थी।

# लेबनान में हिज्बुल्ला-हमास के प्रमुखों की मुलाकात

**मौत**

**सीरिया ने कहा है कि इस्राइल की ओर से किए गए हमलों में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई।**



**यरुशलम।** इस्राइल और हमास संघर्ष में मृतकों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। दोनों ही तरफ से बीते तीन हफ्तों के दौरान वार-पलटवार में सात हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां इस्राइल में हमास के हमले में 1400 से ज्यादा की मौत हुई है, वहीं गाजा पट्टी में इस्राइली वायुसेना के पलटवार में 5800 से ज्यादा की जान जा चुकी है। इस बीच इस्राइली सेना ने कहा है कि वह बंधकों को छुड़ाने और आतंकियों का सफाया करने के लिए गाजा में पैदल सैनिक भेजने के लिए तैयार है।

इस्राइल रक्षा बल ने एक फोन रिकॉर्डिंग जारी की है, जिसमें हमास के एक आतंकी को अपने घरवालों से बात करते हुए सुना गया। इस फोन कॉल में आतंकी अपने घरवालों से 10 यहूदियों को मारने का दावा करता है और उन्हें कुछ तस्वीरें भी भेजा है। हालांकि, आतंकी की पहचान गोपनीय रखा गया है।

सीरिया ने कहा है कि इस्राइल की ओर से किए गए हमलों में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। सना न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस्राइल ने यह हमले सीमापार डारा के दक्षिणी प्रांत में किए हैं। इस्राइली सेना ने इन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरिया की तरफ से कुछ रॉकेट हमलों के बाद उसके लड़ाकू विमानों ने सीरिया में कई लक्ष्यों पर हमले किए।

लेबनान में हिज्बुल्ला के प्रमुख सैयद हसन नसरल्ला ने बुधवार को फलस्तीन के आतंकी संगठन हमास और इस्लामिक जिहाद के नेताओं से मुलाकात की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच गाजा में इस्राइल के खिलाफ जंग और इसमें जीत हासिल करने के तरीकों पर चर्चा हुई। बैठक में हमास की तरफ से इसके उप-प्रमुख सालेह अल-अरूरी और इस्लामिक जिहाद के प्रमुख जियाद अल-नखला मौजूद रहे।

इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 19 दिन होने जा रहे हैं। हमलों में मौतों का आंकड़ा सात हजार के पार चला गया है। इस युद्ध पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र (ह) में भी लगातार इस जंग को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को हो रही चर्चा में कुछ अलग हुआ। चर्चा के बीच, इस्राइल के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस पर भड़क गए। उन्होंने उनसे इस्तीफा देने की मांग कर डाली।

इस्राइली सेना ने गाजा पट्टी के लोगों से उन स्थानों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया है, जहां इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाकर रखा गया है। उन्होंने जानकारी देने वालों को पैसे की पेशकश भी की है। हमास के आतंकियों ने करीब 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बनाकर रखा है।

इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब दो हफ्ते से ज्यादा समय हो चुका है। हमलों में मौतों का आंकड़ा सात हजार के पार चला गया है।

# हमास का पक्ष लेने पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव पर भड़का इस्राइल, कहा- जल्द दें अपना इस्तीफा

**यरुशलम।** संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने गुतारेस से तुरंत इस्तीफा देने को कहा। एर्दान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने महिलाओं और बुजुर्गों की सामूहिक हत्या को लेकर जो समझ दिखाई है, वह यूएन का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 19 दिन होने जा रहे हैं। हमलों में मौतों का आंकड़ा सात हजार के पार चला गया है। इस युद्ध पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र में भी लगातार इस जंग को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को हो रही चर्चा में कुछ अलग हुआ। चर्चा के बीच, इस्राइल के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस पर भड़क गए। उन्होंने उनसे इस्तीफा देने की मांग कर डाली। संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने



गुतारेस से तुरंत इस्तीफा देने को कहा। एर्दान ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सामूहिक हत्या को लेकर जो समझ दिखाई है, वह संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। मैं उनसे तुरंत इस्तीफा देने की मांग करता हूं। ऐसे लोगों से बात करने का कोई औचित्य नहीं है, जो इस्राइल और यहूदी लोगों के खिलाफ सबसे भयावह अत्याचारों को लेकर संवेदना जताते हैं। मेरे पास शब्द नहीं है।

इस्राइली विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव को मंगलवार को एक भाषण में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के लिए इस्तीफा दे देना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए गुतारेस ने कहा था कि यह भी जानना जरूरी है कि हमास ने हमले बेमतलब में नहीं किए होंगे। फलस्तीन के लोग 56 वर्षों से कब्जे का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि हालांकि, फलस्तीनी लोगों की शिकायतें हमास द्वारा भयावह हमलों को सही नहीं ठहरा सकती हैं।

# इस्राइल ने गाजा में 400 जगहों पर की बमबारी, 704 फलस्तीनियों की मौत



**यरूशलम।** इस्राइली सेना ने गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले तेज कर दिए हैं। बीते 24 घंटों में इस्राइल सेना ने 400 से अधिक ठिकानों पर बमबारी की। इसमें हमास के तीन डिप्टी कमांडरों समेत सैकड़ों फलस्तीनी नागरिक और आतंकी मारे गए हैं। गाजा में 24 घंटे में 704 लोगों की मौत हुई है। इस्राइल ने मस्जिदों में निर्मित हमास के कई कमांड सेंटर ध्वस्त कर दिए। एक सुरंग भी नष्ट कर दी, जिसके जरिये आतंकी समुद्र के रास्ते इस्राइल में घुसपैठ करते थे।

गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल के हवाई हमले में अब तक 5,791 फलस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। इनमें 704 की मौत पिछले 24 घंटे के दौरान हुए हमलों में हुई है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि मृतकों में 2,360 बच्चे और 1,100 से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि एक दिन के भीतर बमबारी में 15 घर जमीदोंज हो गए हैं। खान यूनिस में एक पेट्रोल स्टेशन पर बमबारी में एक ही परिवार के कुछ सदस्यों समेत कई लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। ये सभी पूर्वी गाजा से भागकर पेट्रोल स्टेशन में शरण लिए हुए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार को गाजा पट्टी पर इस्राइल के हवाई हमलों ने कई रिहायशी इमारतें तबाह हो गईं और मलबे के नीचे कई परिवार दफन हो गए।

गाजा के खान यूनिस में रेड क्रिसेंट एजेंसी के मुख्यालय और एक अस्पताल के पास इस्राइली सेना ने बमबारी की है। रेड क्रिसेंट ने कहा कि खान यूनिस में इस्राइल के हवाई हमले में कई लोगों को चोटें आईं और बड़े पैमाने पर क्षति हुई। बयान में कहा गया है कि अस्पताल में 4,000 से अधिक विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं।


# संघर्ष पर सरकार के रुख की वजह से खतरे में बाइडन की राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी

**वॉशिंगटन।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को लेकर अमेरिका ने अपना रुख शुरुआत से ही साफ रखा है। राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर उनके विदेश और रक्षा मंत्री ने भी समय-समय पर इस्राइल के समर्थन में हमास से लेकर ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्ला को भी चेतावनी जारी की है। हालांकि, इसका असर अब अमेरिका की आंतरिक राजनीति में दिखने लगा है। दरअसल, यहां बड़ी संख्या में रहने वाले अरब मूल के अमेरिकियों ने इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर बाइडन के रुख की आलोचना की है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो कि बाइडन की डेमोक्रेट पार्टी के समर्थक हैं। ऐसे में आगामी राष्ट्रपति चुनाव में यह वर्ग बाइडन की राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा दावेदारी पेश करने की राह में अड़चन साबित हो सकता है। बाइडन प्रशासन के कुछ अधिकारियों, अकादमिकों, कार्यकर्ताओं और समुदाय के प्रतिनिधियों के मुताबिक, इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर जिस तरह का बाइडन प्रशासन का रुख रहा है, उसे लेकर अरब अमेरिकी समुदाय नाराज है। इस समुदाय के लोगों का कहना है कि बाइडन ने जिस तरह अब तक गाजा में हो रहे हमलों की निंदा नहीं की और हजारों फलस्तीनियों के मारे जाने के बाद भी इस्राइल पर सीजफायर लागू करने का दबाव नहीं बनाया, उससे अरब-अमेरिकियों में नाराजगी है।

**तालमेल**

**इजरायलराष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर उनके विदेश और रक्षा मंत्री ने भी समय-समय पर इस्राइल के समर्थन में हमास से लेकर ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्ला को भी चेतावनी जारी की है।**

माना जा रहा है कि सरकार के इस रुख के चलते डेमोक्रेट पार्टी के खास समर्थक माने जाने वाले अरब-अमेरिकी समुदाय बाइडन की राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा पेश की जाने वाली दावेदारी को समर्थन देने से इनकार कर सकता है। अरब-अमेरिकन इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष जिम जोगबी के मुताबिक, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट पार्टी के बीच टक्कर वाले मिशिगन राज्य, जहां अरब आबादी के मतदाताओं का आंकड़ा करीब 5 फीसदी है। इसके अलावा पेंसिल्वेनिया और ओहायो जैसे राज्यों में अरब मूल के अमेरिकी वोटरों की संख्या 1.7 से 2% के बीच है। बता दें कि 2020 में हुए चुनाव में बाइडन को मिशिगन में 50.6 फीसदी वोट मिले थे, जबकि ट्रंप यहां 47.8 फीसदी वोट जुटाने में सफल रहे थे। वहीं पेंसिल्वेनिया में बाइडन 50.01% और ट्रंप 48.84% वोट पाने में सफल हुए थे। बाइडन यहां ट्रंप से महज 81,000 वोटों से जीते थे।



अरब-अमेरिकियों की तरफ से रिपब्लिकन पार्टी के सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप को भी समर्थन दिए जाने की उम्मीद काफी कम है। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे। हालांकि, अरब अमेरिकियों ने मौजूदा बाइडन प्रशासन से ही इस्राइल-फलस्तीन को लेकर अपनी नीति में बदलाव करने को कहा है। मिशिगन के डियरबॉर्न में पहले अरब-अमेरिकी मेयर अब्दुल्ला हम्मूद ने इस्राइल की तरफ से गाजा में बिजली, पानी के सप्लाई पर लगाए गए प्रतिबंदों की आलोचना करते हुए बाइडन सरकार को घेरा। गौरतलब है कि मिशिगन इस वक्त अमेरिका के सभी राज्यों के मुकाबले सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी के औसत वाला राज्य है।

अरब अमेरिकी एसोसिएशन ऑफ न्यूयॉर्क की पूर्व कार्यकारी निदेशक लिंडा सैरसूर ने हाल ही में अमेरिकी-इस्लामिक रिलेशन की एक बैठक में सैकड़ों लोगों के सामने कहा था कि उन्हें चुनाव से पहले दान तभी देना चाहिए, जब वे इस्राइल के प्रति नीतियों में बदलाव की अपनी मांग को मनवा सकें। अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम अधिकार संगठन सीएआईआर ने कहा था कि इस्राइल की तरफ से गाजा में बमबारी नरसंहार की तरह है, जिसमें पूरी फलस्तीनी आबादी को निशाना बनाया जा रहा है और अमेरिकी सरकार अगर इन हमलों को रोकने के लिए कदम नहीं उठाती तो वह भी इसके जिम्मेदार है।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 26 अक्टूबर, 2023



# नगर में उमड़ा अस्था का सैलाब, अब तक के सारे रिकार्ड हुए ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मंगलवार को नगर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, पीले वस्त्र धारण किये महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश लेकर निकली तो पूरा वातावरण जय श्रीराम के नारो से गुंज उठा। करीब दो किलोमीटर लम्बी यह कलश यात्रा अब तक के सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में हर वर्ग लोगो ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। वाराणसी व हरियाणा से आये कलाकारो ने धार्मिक झाकियां निकालकर कार्यक्रम में चार चांद लगाने का काम किया। सेवा भारती समिति जौनपुर काशी प्रान्त की ओर से आयोजित श्री राम कथा से पहले मंगलवार को शहर में श्री राम कथा के लिए विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। कथा व्यास आचार्य शान्तनु महाराज कलश यात्रा में शामिल रहे। जिले में पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर कलश यात्रा में महिला पीले रंग की साड़ी पहने जयश्री राम का उद्घोष कर रही थी। कलश यात्रा के आगे आगे घोड़ा व बीच में रथ पर हरियाणा से झांकी का अद्भुत प्रदर्शन देख लोग भावविभोर हो रहे थे। कथा के आयोजक समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह कथा वाचक शान्तनु महराज के वाहन पर सवार हो शहर भर के लोगों को आमंत्रित कर रहे थे कि कथा सुनने बीआरपी कालेज के मैदान पर जरुर आए। कलश यात्रा में अध्यक्ष महादेव सेना विमल सिंह, माउन्ट जी लिट्रा के प्रबंधक अरविन्द सिंह, पूर्व सभासद विनय सिंह, बाबी सिंह, बबलू दुबे, मयंक श्रीवास्तव, गणेश साहू, नीतू सिंह, प्रदीप सिंह रिंकू, शिव जायसवाल, प्रीतम सिंह, ज्योति दास समेत अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कलश यात्रा केरारबीर मंदिर से शुरु होकर शहर में होते हुए बीआरपी पर पहुंची।

## सरकारी जमीन पर लगे हरे पेड़ को वन माफियाओं ने काटकर गिराया

**जौनपुर (जलालपुर)।** थाना क्षेत्र के बीबनमऊ गांव में मंगलवार को कुछ वन माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर लगे हरे पेड़ों को काटकर गिरा देने और एक पिकअप लकड़ियां उठा ले जाने का मामला सामने आया है। यह आरोप गांव के ग्राम प्रधान ज्ञानदास मौर्य ने पुलिस को दिए तहरीर में लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जूटी है।ग्राम प्रधान ज्ञानदास मौर्य ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने मुझे सूचना दिया कि कुछ दबंगो द्वारा गांव की सरकारी जमीन पर लगे हरे पेड़ों को काट रहे हैं और पिकअप से लकड़ियां ले जा रहें है।सूचना मिलते ही मैं मौके पर पहुंचा तो देखा कि करीब तीन पेड़ो को काट कर गिरा दिया गया हैं और पिकअप से लकड़ियां ढोई जा रही है। मेरे द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दिया गया लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तबतक वह लोग वहां से भाग निकले।

# शिक्षक के निष्कासन को लेकर छात्रों ने जमकर बवाल काटा

- छात्रों के विरोध प्रदर्शन के आगे झुका प्रबंध तंत्र

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर नगर के एहयाउलूम हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने बुधवार को विद्यालय पहुचने पर शिक्षक के निष्कासन की जानकारी होते ही छात्रों ने समर्थन में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। छात्रों के विरोध प्रदर्शन के आगे प्रबंधन तंत्र को झुकना पड़ा और शिक्षक के बहाल होने के बाद ही विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ। मुबारकपुर एहयाउलूम हायर सेकंडरी स्कूल में कामर्स शिक्षक असरफकी तैनाती हुई है। शनिवार को बिना कारण बताए शिक्षक को निष्कासन की सूचना शिक्षक को दी गई थी। निष्कासन सूचना के बाद स्कूल खुलने विद्यालय में छात्र और शिक्षक पहुंचे थे। विद्यालय में केवल छात्र ही पढ़ते हैं। इसमें छात्राएं नहीं पढ़ती है। शिक्षंण कार्य चल ही रहा था कि छात्रों को यह मालूम हो गया कि उनके कामर्स के अध्यापक असरफ को बिना कारण बताए। विद्यालय से निकाल दिया गया है। इसके छात्र एक जूट होकर गेट पर नारे बाजी करने लगे जमकर हंगामा छात्रों ने शुरू कर दिया जिसकी सूचना पाकर मौके पर चौंकी इंचार्ज मुबारकपुर अजीत चौधरी ने अपने दल बल के साथ पहुंचे और छात्रों को समझा बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन छात्र तब-तक हंगामा करते रहे। जबतक प्रबंध तंत्र ने शिक्षक का निष्कासन वापस न लिया और बहाल होने के बाद छात्र शांत हुआ। इस सम्बन्ध प्रधानाचार्य महताब आलम ने बताया कि विद्यालय में किसी प्रकार कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ।

## राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगे आठ उत्कृष्ट शिक्षक

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग, अलीगढ़ एवं मिशन शिक्षण संवाद के सयुंक्त तत्वावधान में दो दिवसीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला दिनांक 26,27 अक्टूबर को कल्याण सिंह हैबिटेट अलीगढ़ में आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिभागी, प्रतिभाग करेगें एवं स्वयं द्वारा बेसिक शिक्षा में किये जा रहे प्रयासों से एक दूसरे को अवगत कराया जायेगा द्य दिसम्बर 23 तक निपुण बनाने की रणनीति पर विशेष चर्चा होगी, प्रतिभाग करने हेतु जनपद जौनपुर से आठ उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया है,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरख नाथ पटेल द्वारा चयनित शिक्षकों को प्रतिभाग हेतु आदेशित किया जा चुका है प्रतिभाग करने वाले शिक्षक, अखिलेश सिंह, अमित सिंह, प्रशांत मिश्र, कृष्णानंद पासवान, राजेश कुमार उपाध्याय, शिवम सिंह, उपेन्द्र उपाध्याय एवं मिहिर यादव हैं।

# अभाविप ने फूंका स्टालिन सरकार का पुतला

- राष्ट्रीय ध्वज को कूड़ेदान में फेंकने पर जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की ओर से स्टालिन सरकार के खिलाफ यूनिवर्सिटी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हुए क्रिकेट मैच के दौरान चेपाक स्टेडियम में पुलिस द्वारा तिरंगे को कूड़ेदान में फेंकने और स्टेडियम में दर्शकों को तिरंगा लेकर जाने से रोकने की घटना पर विरोध किया गया।

यहां स्टालिन का पुतला जलाया गया और माफी मांगे जाने की मांग की गई। किसी भी राष्ट्र का राष्ट्रीय ध्वज उस राष्ट्र की संपन्नता एवं स्वाभिमान का प्रतीक होता है। कार्यकर्ताओं ने कहा, कोई भी ऐसा कृत्य जो हमारी भारतीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला हो वह किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है।

इस दौरान अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि देश की आन बान और शान तिरंगे का अपमान असहनीय है। यह बहुत ही शर्मनाक है की भारत में ही तिरंगे को ले जाने के लिए पुलिस अनुमति नहीं दे रही है। इस घटना पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को पूरे देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। इसी के साथ राजनीतिक स्वार्थ के लिए डीएमके के साथ गठबंधन कर रहे दलों के नेताओं की इस घटना पर चुप्पी भी शर्मनाक है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के प्रतीकों के अपमान को भी मौन समर्थन दिया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में यूपी रोडवेज चलाएगा 100 अतिरिक्त बस

- 28 और 29 अक्तूबर को है परीक्षा
- 1 लाख 74 हजार अभ्यर्थियों को सहूलियत दे रही योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को अधिक से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित योगी सरकार एक तरफ जहां सूबे के विभिन्न आयोग में रुकी पड़ी भर्तियों को खोल रही है तो वहीं इन प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए भी प्रयास कर रही है। प्रदेश में 28 और 29 अक्टूबर को एक और बड़ी प्रतियोगी परीक्षा आयोजित हो रही है जिसमें प्रतियोगी छात्रों को परीक्षा केदो तक पहुंचाने के लिए सरकार ने पुख्ता इंतजामात किए हैं।

### आने -जाने दोनो के लिए की गई व्यवस्था

**प्रयागराज।** प्रतियोगी परीक्षार्थियों को आने और जाने दोनों में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए उनकी यात्रा के लिए रोडवेज बसों का पूरा इंतजाम किया गया है। रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के प्रबंधक एमके त्रिवेदी का कहना है कि प्रयागराज में लगभग 1,00,209 अभ्यर्थी विभिन्न जिलों से आएंगे। इसी तरह यहां से दूसरे जिलों में जाने वालों की संख्या 73,952 आयोग की तरफ से जारी की गई है। परीक्षा के लिए सर्वाधिक 58,012 अभ्यर्थी यहां गाजीपुर से आएंगे। उसके बाद वाराणसी से आने वालों की संख्या 38,663 है।इसी तरह चित्रकूट से यहां 8534 अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए आना है। वहीं प्रयागराज से कानपुर के लिए 38195, प्रयागराज से उन्नाव के लिए 16,286 और रायबरेली जाने वालों की संख्या 6145 है। बांदा जाने अभ्यर्थियों की संख्या 13,326 रहेगी। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर के लिए 9991 और प्रतापगढ़ से वाराणसी के लिए 29,130 अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए जाना है। इन अभ्यर्थियों में से कुछ ट्रेनों में तो कुछ बसों से परीक्षा देने आ सकते हैं। इस तरह आयोग की तरफ से उन्हें अभ्यर्थियों की जो संख्या मिली है, उसी के अनुसार यूपी रोडवेज ने तैयारी की है। उद्देश्य स्पष्ट है परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचने में किसी तरह की सुविधा का सामना न करना पड़े। सरकार की तरफ से यह स्पष्ट निर्देश है जिसका पालन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 अक्तूबर को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में प्रदेश के अलग अलग शहरों से प्रयागराज में 1,74,161 अभ्यर्थियों के आवागमन का अनुमान है। योगी सरकार ने प्रतियोगी छात्रों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखा है। परीक्षा के लिए यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र ने परीक्षार्थियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के प्रबंधक एम के त्रिवेदी का कहना है कि यूपी रोडवेज ने दोनों दिवसों पर 100 अतिरिक्त बसों का संचालन करने की तैयारी की है। रोडवेज प्रयागराज रीजन को आयोग की ओर से प्रयागराज आने और यहां से जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का आंकड़ा भेजा जा चुका है। उसी संख्या के हिसाब से ही यूपी रोडवेज ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओ को गंभीरता से सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर रखकर इसके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा अपर जिलाधिकारी के समक्ष सर्वाधिक मामले जमीन, बैमाना तथा चकबंदी से संबंधित रखे गए। इसके साथ ही जनपद में शहीद स्तंभ बनाने का प्रस्ताव भी भूतपूर्व सैनिकों द्वारा रखा गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों सहित कई भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### नम आंखों के साथ माता रानी का मूर्ति विसर्जन



**जौनपुर।** मंगलवार को मछलीशहर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में दुर्गा पंडालों में विराजमान माता रानी की मूर्तियों का विसर्जन किया गया। इसी क्रम में विकास खंड मछलीशहर के गांव बामी में भी मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दुर्गा पंडाल में पुरोहित नितिन मिश्रा ने वैदिक मन्त्रोंत्चार किया तत्पश्चात मूर्ति को ट्रैक्टर टाली पर रखकर राम-जानकी मठ तिलौरा के परिसर में स्थित तालाब की ओर गाजे-बाजे के साथ ले जाया गया।जहां ग्रामीण रंग गुलाल उड़ाते हुए माता का जयकारा लगाते चल रहे थे।पीछे-पीछे महिलाएं देवी गीत गाती चल रही थी।तीन किलोमीटर तक पैदल यात्रा करते हुए गन्तव्य स्थान पर विसर्जन के लिए जैसे ही मूर्ति को उतारकर तालाब में ले जाया गया।विसर्जन के लिए गये लोगों की आंखें नम हो गई।जोर जोर से माता के जयकारे के बीच मूर्ति को गहरे जल में विसर्जित कर दिया गया।

### छत से गिरकर बालक घायल

**जौनपुर (शाहगंज)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत नगर के भटियारी सराय मोहल्ला में एक बालक खेलने के दौरान छत से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। नगर के भटियारी सराय मोहल्ला निवासी साबिर का पांच वर्षीय पुत्र सुबहान मंगलवार को अपने घर की छत पर खेलने के दौरान अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उक्त घायल बालक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### अतीक और अशरफ के शूटरों की हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी, 3 नवंबर को अगली सुनवाई

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के तीनों शूटरों की आज बुधवार को पेशी कराई गई। पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कराई गई। तीनों शूटर प्रतापगढ़ जिला कारागर में बंद है जबकि उनकी सुनवाई प्रयागराज के जिला जज संतोष राय की कोर्ट में हुई। शूटर्स पर एसआईटी की चार्जशीट के आधार पर आरोप तय माना जा रहा है। अब तीन नवंबर को मामले की सुनवाई की तारीख तय की गई है। आज भी शूटर्स पर चार्ज फ्रेम नहीं हो सका है। तीन शूटरों में लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य हैं। मौके से ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। अतीक और अशरफ की हत्या पुलिस कस्टडी में हुई थी। दोनों को मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल में तीन शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तीनों मीडिया का फर्जी आईडी कार्ड लगाकर अतीक के पास पहुंचे थे और अस्पताल परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। अतीक और अशरफ को मेडिकल टेस्ट के लिए पुलिस काल्विन अस्पताल पहुंची थी उसी समय इस घटन को अंजाम दिया गया था। उस समय पुलिस ने तीनों को वहीं से गिरफ्तार कर लिया थी। तभी से वह जेल में बंद हैं।

### प्रदर्शनी में झूले पर झूलते हुए युवक हुआ बेहोश

**आजमगढ़।** जिले के जजी के मैदान में लगी प्रदर्शनी में झूले पर झूलते हुए युवक हुआ बेहोश, विडियो हुआ वायरल। प्रदर्शनी प्रबंधन ने दी सफाई। बतादे कि जजी के मैदान में लगी प्रदर्शनी में कई तरह का झूले लगे। उनमें से एक है बंजी जंपिंग झूला, जिस पर एक युवक झूलने के लिए गया, और झूला जब शुरू हुआ तो युवक बेहोश हो गया। इस दौरान उसे झूले से नीचे उतारा गया। जिसका विडियो इस समय तेजी से वायरल हो रहा है। तो वहीं इस तरह के झूले को प्रतिबंधित करने की मांग समाजसेवियो ने किया है। उनका कहना है कि आज कोई युवक बेहोश हुआ है। कल को किसी की मौत भी हो सकती है। इसलिए प्रदर्शनी से इस तरह के झूले को प्रतिबंधित जिला प्रशासन को कर देना चाहिए, ताकि कोई हादसा न हो सके। तो वहीं विडियो वायरल होने के बाद प्रदर्शनी प्रबंधन मीडिया को सफाई देता फिर रहा है। उनका कहना है कि सारी सुरक्षा को ध्यान में रखकर और परमिशन लेकर झूले को चलाया जा रहा है। इतना हीं नहीं युवक के बेहोश होने की बात पर कहा कि युवक का ईलाज कराया गया, वह अपने पैरो पर खड़ा होकर प्रदर्शनी से बाहर निकला है। जिसका उनके पास सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। फिलहाल जो भी हो इस तरह के झूले पर प्रतिबंध लगना ही चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से टाला जा सके।

# रावण वध और राज्याभिषेक के साथ रामलीलाओं का हुआ समापन

- अलोपी मंदिर में दारागंज तथा कटरा रामलीला कमेटी के दो राम ने दो रावण का किया वध

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** धर्म और अधर्म के बीच चल रहे युद्ध में अंततः लंकापति रावण भी मारा गया। मंगलवार की रात सभी रामलीला कमेटियों के मंच पर श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का शानदार मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। अंत में राम ने रावण को मार दिया। रावण के जमीन पर गिरते ही दर्शक जय श्रीराम के नारे लगाने लगे।

14 बरस का वनवास पूरा करते हुए पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण, समेत अन्य लोगों को लेकर अयोध्या नगरी पहुंचते हैं। अयोध्या के वापस आने पर पूरे अयोध्या में जश्न मनाया जाता है। पटाखे जलाए जाते हैं, दीवाली जैसा माहौल होता है। श्रीपथरचट्टी रामलीला कमेटी, श्रीकटरा रामलीला, पजावा कमेटी समेत सभी रामलीला में देर रात तक दर्शकों की भीड़ रही है।मंच के बाद रामलीला के मंच से राम और रावण का युद्ध उस स्थान पर होता है जहां पर रावण का पुतला बनाकर लगाया गया था। श्रीकटरा रामलीला कमेटी और श्रीदारागंज कमेटी का संयुक्त रावण का दहन किया गया। अलोपीदेवी मैदान में एक रावण का पुतला बनाया गया था जहां 2 राम वहां युद्ध कर रहे थे। सदियों पुरानी परंपरा का पालन करते हुए कटरा के राम द्वारा यहां पर रावण का वध नहीं किया गया यहां दारागंज कमेटी के श्रीराम द्वारा रावण को मारा जाता था। यहां भी खूब आतिशबाजी होती है।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी पर जमकर झूमे भक्त, रात भर चला माता का जगराता



**प्रयागराज।** प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार समेत कई देवी भजनों पर देर रात तक भक्त झूमते रहे नवरात पर्व के आखिरी दिन देर रात तक माताज की आरती व भजन होते रहे। खाटू श्याम सिटी में दुर्गा समिति की ओर से भी माता का जगराता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर भजन गायक ओम सागर ने देर रात तक माता के भजनों पर भक्तों को जमकर झूमाया। इस अवसर पर पंक्षी भाई म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया जिसे सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने खूब सराहा इसके बाद भजन सम्राट हन्नी गुप्ता (पंक्षी म्यूजिकल ग्रुप) ने मां दुर्गा के भजनों से और शिव शंकर भोला भंडारी के भजनों से भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के साथ-साथ झांकी एवं झांकी नृत्य की कला ने सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद प्रसिद्ध भक्ति गीत सम्राट ओम सागर ने मां जगदम्बा, बालाजी महाराज के भजनों से भक्तजनों को भाव विह्वल कर दिया।

इससे ठीक एक दिन पहले बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई थीं। जिसमें सोसायटी के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। महक मिश्रा के निर्देशन में जहां नीति दुबे, आदर्श मिश्रा, आलेखग तिवारी, अनिकेत मिश्रा ने कॉमेडी नाटक की प्रस्तुति की, वहीं आयशा झा, छोटी, परी, सिद्धी, पृशा, मिष्टी सहित कई अन्य बच्चों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति की। आयोजन समिति के अमित झा, जेपी मिश्रा, संजय राय, अरविंद कुमार सिंह, विनीत राय, रंजीत सिंह, दयाशंकरॉ मिश्रा, नीतीश झा, भुवन रंजन मनीष तिवारी, दीपक सिन्हा, रमाकांत शर्मा, माधव तिवारी, दीपक मिश्रा, विनीत राय, विशाल सिंह, विनय राय, दीपक राजपूत, अनिल कुमार, संजय चतुर्वेदी, संतोष पांडे, सुधीर सिंह, ऋषि सिंह, अंगद सिंह आदि द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कराकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान सियाराम पोद्दार, जेपी यादव, दिनेश शर्मा, शिवाजी पांडेय का कार्य बेहद सराहनीय रहा।

## भव्य विद्युत सज्जा के साथ मनाया दशहरा

- राम भवन रोशनी कमेटी ने की विशेष व्यवस्था




**प्रयागराज।** राम भवन रोशनी कमेटी के अध्यक्ष विजय वैश्य के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामचंद्र वैश्य की स्मृति में बने द्वार पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों ने जीत की खुशी के पर्व विजयदशमी पर महापौर गणेश केसरवानी की जीत के उपलक्ष में बड़ी संख्या में एकत्रित श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर महापौर की जीत की खुशी मनाई। उक्त अवसर पर उपस्थित महापौर गणेश केशरवानी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने सभी को विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि प्रयागराज आज पूरी तरह से राममय है। हर जगह भगवान राम के जयकारे लग रहे हैं क्योंकि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने सत्ता को सुखोंपभोग की वस्तु ना मानकर जनमानस के कल्याण के लिए राज किया हम लोग भी अपने जीवन में भगवान राम के गुण को आत्मसात करने की शक्ति देने की प्रभु से कामना करते हैं। राम भवन रोशनी कमेटी के अध्यक्ष विजय वैश्य महापौर गणेश केसरवानी ने चौकी कमेटियों के उत्साह वर्धन करते हेतु स्मृति चिन्ह तथा 501 रुपया देकर चौकी कमेटियों को भी सम्मानित किया। उक्त अवसर पर राजू यादव, राहुल अग्रहरि, राजेश केसरवानी, सुनील केसरवानी पप्पू कटरा मनीष केसरवानी ज्ञानेश्वर शुक्ला दिनेश केसरवानी प्रेम नारायण केसरवानी रमेश चंद्र केसरवानी रवि केसरवानी श्री भगवान केसरवानी लवकुश केसरवानी शिव बालक केसरवानी, अजय केसरवानी महाराजा मार्बल आदि ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर विजयदशमी की भगवान राम के जीत की खुशी मनायी।

## कटरा बारवारी में धूमधाम से हुआ सिंदूर खेला का आयोजन



**प्रयागराज।** श्री श्री कटरा दुर्गा पूजा बारवारी में पूजा के अंतिम दिन महिलाओं ने सिंदूर खेला का आयोजन किया। शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष लीना वार्ष्णेय सहित अन्य महिलाओं ने सिंदूर लगा कर सुहाग के रक्षा की कामना की और माँ से आस्चे बोछोर आवर ऐसो अर्थात अगले बरस पुनः आओ की प्रार्थना की। इसके उपरांत एक दूसरे को सिंदूर लगा कर ठाकी वादन में नृत्य कर माँ को रिझाया। इस अवसर पर लीना वार्ष्णेय, मोनामी बसू, संगीता बनर्जी, अंजना देव, रम्भा चतुर्वेदी, कोनिका साहा, गरिमा श्रीवास्तव, रीता बनर्जी, रचना मिश्रा, रीना बोस, अंजू शर्मा, सुष्मी राय चौधरी आदि था।

# अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हरिऔध कला केन्द्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव÷ के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन हेतु निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत नगर निकायों व विकास खण्डों से अमृत कलश यात्रा 26 अक्टूबर को प्रातः 09:00 बजे से चलकर जनपद मुख्यालय पर अवस्थित हरिऔध कला केन्द्र पर मध्यान्ह 12:00 बजे तक पहुंचेगी। 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में नामित किये गये नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि लखनऊ एवं दिल्ली जाने के लिए अमृत कलश यात्रा हेतु बस एवं कलश वाहन की व्यवस्था समय से पहले की सुनिश्चित कर लें। उन्होने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि बस, कलश वाहन की साज-सज्जा, बैनर फ्लैक्स, लाउडस्पीकर की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि नगर निकायों व विकास खण्डों से आने वाले अमृत कलश को सुव्यवस्थित तरीके से रखने हेतु निकायवार व विकास खण्डवार टेबल की व्यवस्था निर्धारित स्थान पर कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिये कि हरिऔध कला केन्द्र कैम्पस व कमान गेट से हरिऔध कला केन्द्र के प्रवेश द्वार तक आवश्यकतानुसार स्टैण्डी व निर्धारित स्थानों पर बैनर व सेल्फी प्वाइण्ट की व्यवस्था आज सायं तक कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था समय से करा लें। उन्होने डीपीआरओ एवं ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि कमान गेट से हरिऔध कला केन्द्र के प्रवेश द्वारा तक एवं परिसर की साफ-सफाई एवं पानी पीने के लिए टैंकर व मोबाइल ट्वायलेट की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिये कि हरिऔध कला केन्द्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने हेतु चिन्हित किये गये छात्र व छात्राओं से सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल करा लें। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि हरिऔध कला केन्द्र में 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मेडिकल टीम की व्यवस्था एवं 17 अक्टूबर को अमृत कलश यात्रा के साथ जाने के लिए मेडिकल टीम की व्यवस्था पहले से ही करा लें।

# एनएसडीसी इंटरनेशनल और स्किल इंडिया डिजिटल ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रस्तावनाओं का प्रदर्शन किया

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 22 अक्टूबर को एक रोजगार मेले में स्किल इंडिया डिजिटल और एनएसडीसी जॉबएक्स प्लेटफ़ॉर्म पर आयोजित शिक्षा और विदेशी नौकरी के अवसरों की खोज करने वाले हजारों छात्रों ने प्रशिक्षण और विदेशी नौकरियों को एक्सप्लोर किया।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी ) ने गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेले में भाग लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार अभियान में भाग लेने वाली कंपनियों और संगठनों द्वारा चुने गए छात्रों को व्यक्तिगत रूप से प्रस्ताव पत्र सौंपे। माननीय मुख्यमंत्री ने उन चुनिंदा उम्मीदवारों को भी प्रस्ताव पत्र सौंपे जिन्होंने एनएसडीसी की सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा प्रशिक्षित और कुशल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय नौकरी के अवसर प्राप्त किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर नागरिक को जन धन खाते खोलकर, सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से धन भेजकर और गांवों को डिजिटल इंडिया के माध्यम से जोड़कर, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना, और स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से देश के हर नागरिक को सशक्त किया है।

रोजगार मेला में एनएसडीसी इंटरनेशनल की भागीदारी पर वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी और मैनेजिंग डायरेक्टर, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ नेतृत्व के लिए हम उनके आभारी हैं, जिन्होंने स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से भारत को कौशल की दुनिया का वैश्विक केंद्र बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। इसके अलावा, हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों और मार्गदर्शन की भी सराहना करते हैं, जिन्होंने राज्य के भीतर एक सफल कौशल इकोसिस्टम के वातावरण को बढ़ावा दिया है।

उम्मीदवारों को कौशलों के साथ सशक्त बनाने के लिए हम सुविधाजनक स्किल इंडिया डिजिटल ऐप प्रदान करते हैं, जो उनकी सुविधा के हिसाब से, कभी भी और कहीं भी कौशल विकास की अनुमति देता है। अंतरराष्ट्रीय अवसर की इच्छा रखने वाले युवा, एनएसडीसी इंटरनेशनल के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। हमने गोरखपुर में एनएसडीसी इंटरनेशनल प्रशिक्षण के उद्घाटन की घोषणा की है, जिससे प्रशिक्षण और वैश्विक रोजगार के नए अवसर खुले हैं।

इस रोजगार मेले में 35,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जहां कई उम्मीदवारों को एनएसडीसी इंटरनेशनल से प्लेटर फैब्रिकेटर की प्रोफ़ाइल में यूएई और अन्य देशों में रोजगार के अवसर मिले।

## एनएसडीसी ने स्किल इंडिया पहल का समर्थन करने के लिए अपग्रेड को अपने डिजिटल लर्निंग पार्टनर के रूप में शामिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने एशिया की सबसे बड़ी लर्निंग, स्किलिंग और वर्कफोर्स डेवलपमेंट कंपनी अपग्रेड के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है। साथ में, उन्होंने देश की कौशल-क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा और कौशल कार्यक्रम प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह सहयोग शैक्षिक लैंडस्केप को बदलने और कौशल वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, यह नॉन मेट्रो एरिया और क्षेत्रीय पॉकेट के उम्मीदवारों की एक व्यापक सीमा के लिए दरवाजे खोलेगा, उन्हें विदेश में स्टडी कार्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित करेगा और अंततः भारत को वैश्विक मंच पर एक टैलेंट हॉटस्पॉट के रूप में स्थापित करेगा।

पिछले शुक्रवार को एनएसडीसी कार्यालय, नई दिल्ली में एनएसडीसी के सीओओ (ऑफिसिएटिंग सीईओ) वेद मणि तिवारी, ईवीपी, संजीवा सिंह, वीपी-आईटी और




डिजिटल, श्रेष्ठा गुप्ता, एनएसडीसीआई के सीओओ अजय रैना और अपग्रेड के को-फाउंडर और एमडी मयंक कुमार, फाइनेंस के हेड रोहित अग्रवाल के बीच औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस अभूतपूर्व साझेदारी के तहत, सभी क्षेत्रों के शिक्षार्थियों - कॉलेज के छात्रों, स्नातकों, नए छात्रों और कामकाजी प्रोफेशनल को उभरती हुई टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, कानून, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य तक फैले ऑनलाइन कार्यक्रमों और एक को-ब्रांडेड सर्टिफिकेशन तक पहुंच प्राप्त होगी। इसके अलावा, प्रतिभागियों को इंडस्ट्री-रेडी प्रोजेक्ट, बूटकैंप, मास्टरक्लास, लाइव ,सेशन और व्यक्तिगत वन-ऑन-वन मेंटरशिप सहित व्यापक सीखने के अनुभवों से लाभ होगा।

एक अनूठी व्यवस्था में, एमओयू यह सुनिश्चित करता है कि एनएसडीसी शिक्षार्थियों को अपग्रेड की व्यापक करियर डेवलपमेंट सर्विस तक विशेष पहुंच प्राप्त हो, जिसमें भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मूल्यवान प्लेसमेंट के अवसर शामिल हैं, जिससे उनके करियर की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं।

## लगातार पांचवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान बाजार पर आईटी, फाइनेंशियल, फार्मा सेक्टर सेक्टर में बिकवाली से दबाव बढ़ा। निफ्टी का टॉप लूजर अपोलो हॉस्पिटल्स का शेयर रहा, जो 2.4त्न टूटकर बंद हुआ। इससे पहले सोमवार को भारतीय बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई थी और बीएसई सेंसेक्स 825 अंक कमजोर होकर 64,571 के स्तर पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार (25 अक्टूबर) को लगातार पांचवें दिन लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण फिसल गए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 522.82 (0.80%) अंकों की गिरावट के साथ 64,049.06 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी इंडेक्स 159.60 (0.83%) टूटकर 19,122.15 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान बाजार पर आईटी, फाइनेंशियल, फार्मा सेक्टर सेक्टर में बिकवाली से दबाव बढ़ा।

## मास्टशेफ इंडिया ने अपने पहले ओवरनाइट कुकिंग चैलेंज के साथ पाककला का स्तर ऊंचा किया

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया के किचन में जोश का माहौल है,जैसा कि टॉप 12 होम कुक के बीच हर नए एपिसोड के साथ प्रतियोगिता तेज होती जा रही है। यह शो पहले ही देश भर में दर्शकों का दिल जीत चुका है और अब अपने ताजा ट्विस्ट मास्टरशेफ इंडिया के इतिहास में पहले ओवरनाइट कुकिंग चैलेंज के साथ मुकाबले को और कठिन करने के लिए तैयार है।

क्या होने वाला है सामग्रियों के विशिष्ट मिश्रण में खमीर पैदा होने (फर्मेंट होने) के लिए अगली सुबह तक रात भर छोड़ देना है, और मिश्रण कैसा बनेगा यह जानने की कोई सुविधा नहीं होगी। नतीजे का विचार किए बगैर प्रत्येक होम कुक को उसी फर्मन्ट की गई सामग्री का प्रयोग करके अपना-अपना व्यंजन बनाना होगा। यह जबर्दस्त चैलेंज मास्टरशेफ इंडिया में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए रचनात्मकता और विशेषज्ञता के दायरे को बढ़ाने वाला है। उत्तेजक ओवरनाइट कुकिंग चैलेंज के बारे में शेफ विकास खन्ना ने कहा कि, ओवरनाइट चैलेंज प्रतियोगियों की क्षमता को आगे बढ़ाने और उनके कौशल को उन्नत करने का एक सच्चा उदाहरण है। कुकिंग के मामले में हर किसी को किसी भी प्रकार की चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। मेरे विचार से, जब कोई अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने का हौसला रखता है, तभी जाकर उन्हें पता चलेगा कि उन्होंने एक नई चीज बना दी है या कोई सबक सीखा है; और मास्टरशेफ बनने के लिए ये दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

शेफ रणवीर ब्रार ने कहा, यह चैलेंज किचन में धैर्य, रचनात्मकता, और अनुकूलन की परीक्षा है जो मास्टरशेफ इंडिया की भावना दर्शाता है। कई लोगों को यह जानकारी नहीं है, लेकिन एक ऐसा वक्त था मैं जलेबी बनाया करता था और इसी से तय होता था कि अगले तीन महीनों तक मेरा भविष्य कैसा होगा। अपने कॉलेज के दिनों में जलेबी बेचकर ही मैं अपनी ज़रूरतें पूरी करता था। उन दिनों मैं रात भर में घोल में खमीर उठने के बारे में सोचकर ही बेहद नर्वस हो जाता था। ओवरनाइट कुकिंग चैलेंज से मुझे अपने दिन याद आ जाते हैं। इससे प्रतियोगियों को उल्लेखनीय तरीके से अपनी पाककला संबंधी कौशल को निखारने में मदद मिलेगी।

शेफ पूजा ढींगरा ने कहा कि, एक पेस्ट्री शेफ के रूप में मैं कुकिंग में धैर्य और शुद्धता का महत्व समझती हूँ। ओवरनाइट कुकिंग चैलेंज में इन दोनों का होना ज़रूरी है। यह केवल फाइनल डिश की बात नहीं है, असल में यह धीमी कुकिंग से होने वाले रूपांतरण और आश्चर्य की बात है।

शेफ विकास खन्ना, रणवीर ब्रार, और पूजा ढींगरा के मार्गदर्शन के साथ मास्टरशेफ इंडिया प्रतिभा, नवाचार, और बेशक शानदार स्वाद का एक समारोह है। इसलिए, पाककला की इस यादगार यात्रा को देखना न भूलें, केवल सोनी लिव पर। अपनी स्वादेन्द्रियों को तृप्त करने के लिए मास्टरशेफ इंडिया देखें, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, केवल सोनी लिव पर!

## अपने नए उत्सव अभियान #IconicVeetHacks में सर्वश्रेष्ठ फैशन हैक्स प्रदर्शित कर रहा वीट

**नई दिल्ली।** डेपिलेटरी उत्पादों में विश्व भर में अग्रणी वीट ने #IconicVeetHacks लॉन्च किया है. यह भारत में त्योहारों के विभिन्न पहलुओं से प्रेरित अभियान है. यह भारतीय महिलाओं को हैक्स का इस्तेमाल कर अपनी अलमारी में मौजूद चीजों को फिर से तरतीब देकर त्योहार के लिए तैयार होने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसके लिए ब्रांड ने दीक्षा खुराना, पूजा मूंदड़ा, निक्की मेहरा, आशी खन्ना और सुखमनी गंभीर जैसी 15 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय इनफ्लुएंसर्स को अपने साथ जोड़ा है। आकर्षक सामग्री और व्यापक आह्वान के माध्यम से ये इनफ्लुएंसर्स ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस तरह से रचनात्मक होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे ताकि वे त्योहार के शुभ अवसर पर बेहतरीन लुक में तैयार होने के लिए अपनी अलमारी में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सके।

दुर्गा पूजा हो या नवरात्रि में डांडिया नृत्य, करवा चौथ हो या दिवाली या फिर विवाह समारोह, इन मौकों पर भारतीय महिलाओं को खासतौर पर तैयार होना पसंद है। त्यौहारी सीजन में सलून में वैक्सिंग अपॉइंटमेंट के लिए कतार लगाकर इंतजार करना परेशानी भरा होता है. ऐसे समय महिलाएं घर पर ही हेयर रिमूवल के लिए वीट पर भरोसा करती हैं। वीट उन्हें कई सालों से मुलायम, चमकदार और नमीयुक्त त्वचा और ज्यादा वक्त तक मिलने वाले परिणाम देता आ रहा है, जो त्यौहारी सीजन में काफी मददगार साबित होता है। रेकिट के प्रवक्ता ने कहा, "#IconicVeetHacks का मकसद वीट द्वारा प्रदान की जाने वाली अंतिम समय की तैयारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जुड़ाव और जागरूकता पैदा करना है, खासतौर पर त्यौहारों के दौरान हेयर रिमूवल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होता है। त्यौहारी सीजन में हेयर डेपिलेशन ट्रेंड ज्यादा बढ़ जाता है लेकिन इस दौरान ज्यादा हड़बड़ी के चलते इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसलिए वीट महिलाओं की पहली पसंद है, जिसका इस्तेमाल करके वे घर पर ही बेहतर, प्रभावी और आसानी से हेयर डेपिलेशन सॉल्युशन प्राप्त कर सकती हैं। इस अभियान के माध्यम से, वीट अपने द्वारा प्रदान किए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ, किफायती और परेशानी मुक्त हेयर डेपिलेशन अनुभव पर फिर से ध्यान केंद्रित करता है, जो खास लेबास के साथ त्यौहारों का लुत्फ उठाने में मददगार साबित होता है।÷

त्योहारों के दौरान एक बेहतरीन त्यौहारी लेबास तैयार करने में एक बड़ा हिस्सा कपड़े, गहने, मेकअप और अन्य सहायक चीजें जुटाना है। फैशन त्यौहारी सीजन में उत्साह बढ़ाने का काम करता है। इस दौरान सलून में वैक्सिंग अपॉइंटमेंट के लिए कतार लगाकर इंतजार करने में परेशानी होती है। इसलिए ऐसे समय महिलाएं वीट पर भरोसा करती हैं। भारत में त्यौहारों के विभिन्न पहलुओं से प्रेरित होकर #IconicVeetHacks उन्हें हर मौके पर नए कपड़ों पर पैसे खर्च किए बगैर अपने लुक के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

ग्राहक सक्रियता और इनफ्लुएंसर के सहयोग से अभियान का उद्देश्य आगामी त्यौहारी और विवाह समारोह का उत्साह बढ़ाना है. साथ ही उन ग्राहकों तक पहुंचना है जो बगैर परेशानी के बजट में काम करने के इच्छुक हैं। यह अभियान वीट - वीट रेडी टू यूज वैक्स स्ट्रिप्स और वीट हेयर रिमूवल क्रीम के साथ उपलब्ध तत्काल, प्रभावी और बजट फ्रेंडली हेयर डेपिलेशन विकल्पों को भी दोहराता है।

# बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने लॉन्च किया बजाज फिनसर्व बैंकिंग एंड पीएसयू फंड

**अवसर**

**स फंड का लक्ष्य निवेशकों को फिक्स्ड इनकम (निश्चित आय) में निवेश करने का अवसर देना है**

**मुंबई/पुणे।** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट ने अपने चौथे फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट बजाज फिनसर्व बैंकिंग और पीएसयू फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह निवेशकों को कमाई का मौका देने के लिए डिजाइन किया गया निवेश का एक अवसर है। इस फंड का लक्ष्य निवेशकों को फिक्स्ड इनकम (निश्चित आय) में निवेश करने का अवसर देना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि उनके निवेश पोर्टफोलियो में हाई लेवल की क्रेडिट क्वालिटी हो। यह फंड स्थिर रिटर्न की संभावना को बढ़ाते हुए क्रेडिट रिस्क को कम कर सकता है। फंड को यील्ड कर्व पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें लगभग 5-साल की मैच्योरिटी प्रोफाइल पर जोर दिया गया है। इससे फंड के प्रदर्शन की क्षमता बेहतर होती है और मौजूदा बाजार में यह निवेशकों को बेहतर रिस्क रिवार्ड प्रस्ताव प्रदान करता है, जहां यील्ड कर्व काफी हद तक फ्लैट है।

यह निवेश योजना निवेशकों को उभरते बाजार बांड इंडेक्स में भारत के शामिल होने जैसे फैक्टर के चलते अपेक्षा के अनुसार कर्व के नीचे की ओर खिसकने और संभावित कैपिटल (पूंजी) की वैल्यू में बढ़ोतरी से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, मिड से लांग टर्म में बांड रैली की उम्मीद के साथ, यील्ड का औसत प्रत्यावर्तन, उचित मार्क-टु-मार्केट लाभ की संभावना प्रदान करता है। यह मिड से लांग टर्म के लिए निवेश का लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

इस प्रोडक्ट के लॉन्च पर बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के सीईओ, गणेश मोहन ने कहा कि हमारा बैंकिंग और पीएसयू फंड निवेशकों के लिए बैंकिंग और पीएसयू सेक्टर में उपलब्ध फिक्स्ड इनकम इन्वेस्टमेंट के अवसरों का लाभ उठाने का रास्ता खोलता है, साथ ही वे प्रोफेशनल फंड मैनेजमेंट का लाभ भी उठा सकते हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प है जो अपनी पूंजी उन विकल्पों में निवेश करना चाहते हैं, जहां स्थिर रिटर्न मिलता रहे। जो निवेशक अन्य पारंपरिक बैंकिंग प्रोडक्ट के अलावा कई तरह के डेट विकल्पों के जरिए अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह फंड एक आकर्षक प्रस्ताव हो सकता है।

बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के CIO, निमेश चंदन ने कहा कि यह फंड हाई क्रेडिट क्वालिटी बनाए रखेगा। फंड द्वारा बैंकों और पीएसयू कंपनियों के हाई क्रेडिट क्वालिटी वाले बॉन्ड में 80% और सॉवरेन व अन्य हाई क्रेडिट क्वालिटी वाले बॉन्ड में 20% आवंटन किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह बैंकिंग और पीएसयू फंड निवेशकों को अच्छी क्रेडिट क्वालिटी, प्रदर्शन क्षमता और बाजार विशेषज्ञता का एक बेहतर संयोजन प्रदान करना चाहता है। यह उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प है जो अपने फिक्स्ड इनकम पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहते हैं और उभरते निवेश के माहौल में अवसर तलाशना चाहते हैं।

## वीवो ने 64 स्क्कओआईएस एंटी शेक कैमरा और स्मार्ट ऑरा लाइट के साथ लेटेस्ट प्रीमियम वाई-सीरीज़ स्मार्टफोन वाई200 लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने आज भारत में वीवो वाई200 के लॉन्च के साथ अपनी प्रीमियम वाई-सीरीज़ लाइनअप का विस्तार किया। नए लॉन्च किए गए स्मार्टफोन में शानदार विशेषताओं की एक सीरिज है, जिसमें वीवो की लेटेस्ट स्मार्ट ऑरा लाइट टेक्नोलॉजी के साथ 64एमपी ओआईएस एंटी-शेक कैमरा, 120 हट्‌र्ज अल्ट्रा विज़न एमोलेड डिस्प्ले और तेज़ 44W फ्लैश चार्ज शामिल है। दो शानदार कलर ऑप्शन डेजर्ट गोल्ड और जंगल ग्रीन में उपलब्ध, वाई200 की कीमत 8GB+128GB वैरिएंट के लिए 21,999 रुपए है और यह अमेज़न, फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। कस्टमर एसबीआई, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट, यस बैंक और अन्य फाइनेंशियल पार्टनर का उपयोग करके




2,500 रुपए तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीवो इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, नया लॉन्च किया गया वाई200 सभी प्राइज प्वाइंट पर प्रीमियम इनोवेशन को इंटीग्रेट करने की हमारी कमिटेमेंट का प्रमाण है। वीवो वाई200 के साथ, हमारा लक्ष्य हमारे यंग और टेक सेवी कंज्यूमर को एक ऐसा स्मार्टफोन प्रदान करना है जो न केवल उनके पर्सनल स्टाइल के अनुरूप हो बल्कि उन्हें लेटेस्ट अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी भी दे रहा है।

## पावर-कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण पहली बार एक साथ कॉफी विद करण सीजन 8 में नजर आयेंगे



**मुंबई।** सबका प्यारा-सा काउच सभी के चहेते और वर्सेटाइल होस्ट करण जौहर के साथ लौट आया है, क्योंकि हॉटस्टार स्पेशल्स कॉफी विद करण अपने आठवें सीजन के साथ वापसी कर रहा है। आपकी जिन्दगी को मजेदार बनाने और आपको आपके चहेते सितारों के करीब ले जाने के लिये इस बार की बातचीत ज्यादा बेबाक, पागलपन वाली और धारदार होगी, जहाँ बचने का कोई मौका नहीं होगा। 26 अक्टूबर, 2023 से नये एपिसोड्स हर गुरुवार को सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर प्रसारित होंगे, जोकि दर्शकों को सेलेब्रिटीज के ज्यादा करीब ले जाकर उनकी निजी जिन्दगी से रूबरू होने का मौका देंगे। तो इंतजार किस बात का आइये, देखें कॉफी विद करण सीजन 8।

सबसे प्रतीक्षित इस सीजन का पहला एपिसोड इससे बेहतर नहीं हो सकता था कि स्टार कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण कॉफी काउच पर पहली बार एक साथ बैठें। वे अपनी शादी, प्रपोजल के अलावा कई चीजों के बारे में दिलचस्प बात करेंगे।

करण जौहर पूछते हैं कि उन दोनों ने क्या गुपचुप सगाई की थी और रणबीर बताएंगे कि, मैंने 2015 में इन्हें प्रपोज किया था, इसके पहले कि कोई और आ जाए, मैं जाके चप्पल रख देता हूँ''। हमेशा की तरह खूबसूरत दीपिका पादुकोण बताती हैं कि, ÷जब मुझे रॉकी रंधावा के साथ डेट के लिये पूछा जाएगा, तब मैं कहूंगी कि मेरी शादी रॉकी रंधावा से हो चुकी है''!

इसके बाद, जब पूछा गया कि उनके प्यारे पति के अलावा किसके साथ उनकी अच्छी पटरी बैठती है, तब दीपिका ने कहा, ÷मुझे लगता है कि ऋतिक के साथ मेरी केमिस्ट्री बेहतरीन है, जो हर किसी को दिखने वाली है।÷ इस पर रणवीर मौका पाकर ऋतिक की नकल करने लगते हैं और हमें लगता है कि इसके बारे में ज्यादा जानना चाहिये!

## Rushil डेकोर ने VIR MDF के लिए AI-जनरेटेड टीवी विज्ञापन लॉन्च किया

**बेहतर**

**इस नए टीवीसी में एमडीएफ की शक्ति दिखाई गई है, जो प्लाईवुड एवं अन्य वुड-आधारित पैनलों के मुक़ाबले बेहतर विकल्प है।**

**अहमदाबाद/मुंबई।** अग्रणी लैमिनेट और एमडीएफ पैनल बोर्ड कंपनी, Rushil डेकोर (बीएसई-533470, एनएसई- RUSHIL) ने अपने मुख्य संदेश एमडीएफ का मतलब है VIR MDF" के साथ अपना एआई निर्मित टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है।

यह कंपनी ग्राहकों से बेहतर संपर्क विकसित करने के लिए सदैव तत्परता से नई टेक्नोलॉजीज़ को अपनाती रही है। इन त्योहारों पर कंपनी ने अपने VIR MDF टीवी विज्ञापन के लिए एमडीएफ सेगमेंट में पहली बार एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया है।

इस नए टीवीसी में एमडीएफ की शक्ति दिखाई गई है, जो प्लाईवुड एवं अन्य वुड-आधारित पैनलों के मुक़ाबले बेहतर विकल्प है। 'एमडीएफ का मतलब है VIR MDF शीर्षक के इस कैंपेन में एक मैस्कॉट पेश किया गया है, जो VIR MDF की शक्ति एवं टिकाऊपन को प्रदर्शित करता है। यह कार्पेंटर, इंटीरियर डेकोरेटर, आर्किटेक्ट, अंतिम उपभोक्ता, ओईएम, फर्नीचर निर्माताओं एवं बड़ी संख्या में लोगों को टिकाऊ और स्टाइलिश फर्नीचर, शेल्फ, दरवाजे, कैबिनेट्स एवं अन्य अनुप्रयोगों के लिए VIR MDF का उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है।

Rushil डेकोर लिमिटेड के डायरेक्टर, रुशिल ठक्कर ने कहा, "Rushil डेकोर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नई टेक्नोलॉजीज़ को अपनाने के लिए मशहूर है। हमारा नया एआई-जनरेटेड VIR MDF विज्ञापन उनके साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने की ओर एक कदम है। इस टेलीविज़न विज्ञापन में 'शक्ति' पर बल दिया गया है, जो VIR MDF का मौलिक गुण है, और हमारे उत्पाद एवं ग्राहकों के साथ हमारे संबंध दोनों में ही प्रदर्शित होता है।

उन्होंने आगे कहा, हम इनोवेशन में हमेशा सबसे आगे रहते हैं। हमारा मानना है कि यह नया विज्ञापन उद्योग में एक नया मानक स्थापित करेगा, और दूसरे लोगों को अपने संचार में नए युग की टेक्नोलॉजीज़ को अपनाने की प्रेरणा देगा। यह विज्ञापन त्योहारों के मौसम के लिए सभी प्रमुख समाचार और सामान्य मनोरंजन चैनलों पर प्रसारित किया जा रहा है। इस टीवीसी से ब्रांड की पहुँच व जागरुकता बढ़ेगी, और VIR MDF को अपने ग्राहकों के साथ मज़बूत संपर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## वेस्टीज मार्केटिंग ने पेश किए वीस्लिम शेक के नए और बेहतर फ्लेवर

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपने वेस्टीज वीस्लिम शेक के नए वनीला फ्लेवर और बेहतरीन आम फ्लेवर को पेश करने का एलान किया है। मौजूदा हेल्दी सप्लीमेंट्स की श्रेणी में इन उत्पादों को जोड़ा गया है। इस भागमभाग वाली दुनिया में स्वयं को स्वस्थ रखना और उचित प्रकार से पोषण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। हालांकि, अक्सर हम खानपान की गलत आदतों, आलसभरी लाइफस्टाइल और तनाव में फंसे रहते हैं, जिससे मोटापा और इससे संबंधित अन्य समस्याएं होने लगती हैं। आज की दुनिया में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है और इसलिए यह ज्यादा जरूरी है कि हम अपने वजन को नियंत्रित रखें। 2019 से 2021 के बीच देश में हुए नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक, इस समय हर चार में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। यह स्थिति निसंदेह चिंता बढ़ाने वाली है।

अक्सर अस्वास्थ्यकर भोजन करने, शारीरिक गतिविधियां नहीं करने और सही से नींद नहीं लेने के कारण मोटापे की समस्या होती है। इन सभी कारणों से न केवल वजन बढ़ने की समस्या होती है, बल्कि दिल




की बीमारियों, डायबिटीज, जोड़ों के दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। मोटापे को दूर रखने और अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करना, संतुलित आहार लेना और एक्टिव लाइफस्टाइल का पालन करना जरूरी है। ये सब बातें वैसे तो सुनने में आसान लगती हैं, लेकिन कुछ लोगों के लिए इनका पालन कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लोगों को अपना वजन नियंत्रित रखने में मदद करने के लक्ष्य के साथ वेस्टीज ने अपना वेट मैनेजमेंट प्रोग्राम मिशन स्लिमपॉसिबल पेश किया है। यह लोगों की लाइफस्टाइल में आसानी से फिट हो जाने वाला प्रोग्राम है। इसे लोगों के व्यस्त शेड्यूल, खानपान की आदतों और आसान शारीरिक गतिविधियों के हिसाब से तैयार किया गया है।

इस आसान वेट मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत वेस्टीज ने स्वादिष्ट एवं पोषण से भरपूर वीस्लिम शेक पेश किया है, जिसमें बेहतरीन आम फ्लेवर और नया वनीला फ्लेवर उपलब्ध कराया गया है। यह लो-कैलोरी शेक है, जिससे शरीर को किसी अतिरिक्त फैट एवं कैलोरी के बिना ही पूरा पोषण मिलता है। वजन कम करने या नियंत्रित रखने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए यह आदर्श है। यह पूरी सहूलियत के साथ स्वास्थ्यपूर्ण तरीके से वजन नियंत्रित करने के लक्ष्य में मदद करेगा। इसे हाई प्रोटीन और फाइबर सोर्स के साथ तैयार किया गया है। बेहतरीन आम फ्लेवर और नए वनीला फ्लेवर के साथ इस शेक को इस तरह तैयार किया गया है, जिससे लोगों को पेट भरा हुआ अनुभव हो और जंक फूड की जरूरत महसूस न हो। साथ ही उन्हें स्वाद से कोई समझौता भी नहीं करना पड़ता है।

इस लॉन्चिंग के मौके पर वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गौतम बाली ने कहा, वेस्टीज में हमारी टीम लगातार ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने के लिए प्रयासरत रहती है, जो आज के दौर के लोगों की वेलनेस की जरूरतों को पूरा कर सकें। संपूर्ण स्वास्थ्य की बात हो तो अपने शरीर का ध्यान रखना सबसे जरूरी है। सही वजन बनाए रखने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। पूरी सहूलियत के साथ जरूरी पोषण प्रदान करने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हमारे वेट मैनेजमेंट शेक के दो नए फ्लेवर पेश करने की हमें खुशी है।

## स्विस मिलिट्री ने पेश किया फेस्टिव ट्रैवल कलेक्शन

**कानपुर।** स्विस मिलिट्री, एक प्रतिष्ठित प्रीमियम लाइफस्टाइल ब्रांड, जो गुणवत्ता, विशिष्ट शैली और नवीन उत्पादों के लिए जाना जाता है ने दिवाली के शुभ अवसर पर नवीनतम फेस्टिव ट्रैवल कलेक्शन प्रस्तुत करता है। इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्रा और जीवनशैली से जुड़ी जरूरी चीजों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह कलेक्शन सोच-समझकर तैयार किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में दिवाली के दौरान प्रमुख मार्गों पर हवाई यात्रा में 89 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो यात्रा आवश्यकताओं में निवेश के लिए बढ़ते उत्साह को रेखांकित करता है।इन रुझानों को देखते हुए स्विस मिलिट्री अपना प्रभावशाली ट्रैवल कलेक्शन संग्रह लॉन्च करने के लिए तैयार है। इस कलेक्शन में ट्रैवल आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई ट्रॉली बैगों की एक विस्तृत श्रृंखला है, जिसमें फैटबॉय डबल डेकर, डफ़ल ट्रॉली स्टार और हार्डटॉप ट्रॉली बैग जैसे ट्रॉली बैग शामिल है, जो अपने मजबूती, ले जाने में आसान डिज़ाइन, विशालता और आपके सामान की विश्वसनीय सुरक्षा के लिए जाने जाते हैं। इसके अतिरिक्त, ओवरनाइटर बैग, फोल्डेबल स्पोर्ट्स बैग और हार्ड-शेल ट्रैवल बैकपैक जैसे व्यावहारिक बैकपैक हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि आप आसानी और स्टाइल के साथ यात्रा करें, और साथ ही साथ कुछ 15.6 इंच तक के लैपटॉप को समायोजित करने वाले लैपटॉप कवर के साथ सुसज्जित हैं। अनुज साहनी, मेनेजिंग डायरेक्टर स्विस मिलिट्री ने कहा कि ''हम त्योहारी सीज़न के दौरान उपहार देने और परिवार और दोस्तों के साथ यात्रा करने की खुशी को समझते हैं और हमारा फेस्टिव ट्रैवल कलेक्शन खुशी के इन क्षणों को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।



# मथौली बिजली विभाग की जमीन पर लोगों का अवैध कब्जा, विभाग मौन

अवधनामा संवाददाता

- कार्रवाई के लिए जेई लिख चुके है अफसरों को पत्र

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** एक तरफ जहां सरकार भू माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात कर रही तो वही सरकार के नौकरशाह सरकारी फरमान का पलीता लगा रहे है। इनके सरपरस्ती में भू माफियाओं के हौंसले बुलंद है और सरकारी जमीन पर धड़ाधड़ कब्जा कर रहे है। ऐसा ही एक मामला मथौली विद्युत उपकेंद्र का है, जहां बिजली विभाग के ढीले रवैए के कारण आज विभाग की जमीन पर दर्जनों लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। बता दें कि हाटा तहसील के नगर पंचायत मथौली में 33/11 केविए का विद्युत उपकेंद स्थापित है। उक्त केंद्र से लगभग 20 गांवों में आपूर्ति होती है। बिजली विभाग की जमीन पर अगल बगल के लगभग दर्जनों लोग अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनवा लिए है। ज्ञात हो कि बिजली विभाग के नाम खसरा संख्या 1694 के तहत .8290 हेक्टेयर यानी 2 एकड़ 5 डिस्मिल जमीन है। इसमें खाली पड़ी जमीनों पर लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। अवैध कब्जा को लेकर पिछले दिनों जेई मुन्ना प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिख कर पूरी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की अपील किया था लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अवैध कब्जा हटवाने में विफल है। उल्लेखनीय है कि सरकार अवैध कब्जा पर सीधे बुलडोजर चलवाकर जमींदोज करा रही तो सरकार नुमाइंदे क्यों नहीं। नगर के लोगों ने शासन व प्रशासन से अविलंब बिजली विभाग के जमीन पर हुए अवैध कब्जा हटवाने की मांग किया है। इस संबंध में एक्सियन विद्युत हाटा से अवैध कब्जा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा इस मामले में जेई से बात कर रहे है, अगर ऐसा है तो कब्जा हर हाल में हटवाया जायेगा।

# सबके जीवन में खुशहाली को संकल्पित है सरकार: मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



- जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं
- नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

**गोरखपुर।** लगातार तीन दिन आनुष्ठानिक कार्यक्रमों में अति व्यस्तता के बाद आराम करने की बजाय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह जन समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता दी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

## सचिव की मौजूदगी में प्रधान ने की बैठक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को ग्रामसभा जंगल डुमरी नम्बर दो के ग्राम प्रधान व प्रधान संघ उपाध्यक्ष सिद्धू पासवान ने सचिव की मौजूदगी में ग्रामीणों संग खुली बैठक की। बैठक में सिटीजन शौचालय, नाली, इंटर लॉकिंग, इण्डिया मार्का हैंडपंप के सोकिट, कचड़ा निदान, राशनकार्ड, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन को लेकर मनरेगा योजना कार्य पर चर्चा की गई। बैठक में सचिव प्रियंका नायक, ग्राम प्रधान सिद्धू पासवान, रोजगार सेवक ब्रजेश चौहान, आपरेटर पप्पू मौर्या, प्रधान प्रतिनिधि अमीत साहनी, समुह की महिलाएं निरंजनी चौहान, संध्या पासवान, सदस्य अनील चौरसिया, जगदीश विश्वकर्मा, राजू, भगवान दास, केसरी देवी, सुमारी देवी, बांके लाल भारतीय, गीता देवी को लेकर ग्रामीण सागर विश्वकर्मा, ब्रजभान पासवान, सुखराम गुप्ता, राजेश भारतीय को लेकर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महावीरन धाम पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सराय खेमा स्थित प्राचीन महावीरन धाम पर मंगलवार को सुंदरकांड पाठ कराया गया। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने मंदिर पर पूजा पाठ और प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय बुजुर्गों का मानना है कि यह धाम शताब्दी पूर्व का सिद्ध पीठ धाम है कई वर्षों से लगातार यहां पर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को सुंदरकांड पाठ महा आरती का कार्यक्रम किया जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि यहां पर जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा करता है इसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर संजीव कुमार मिश्रा सुरेश बहादुर सिंह गिरजा शंकर रामकरण मोर्य बिंद्रा प्रसाद विश्वकर्मा मुन्ना पाल गायत्री प्रसाद मिश्र आदि लोग मौजूद रहे सभी भक्तों को लड्डू प्रसाद वितरित किया गया किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकली कलश यात्रा



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत परिसर में स्थित मां दुर्गा परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हो गया। बता दें कि उक्त कथा सात दिनों तक चलेगा। बुधवार की सुबह 9 बजे श्रीमद् भागवत कथा के लिए 1001 कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश लेकर छोटी गंडक नदी के रगड़गंज घाट से कलश में जल भरा गया और पुन- मां दुर्गा मंदिर में पहुंचने के बाद कथा का आरंभ किया गया। कथावाचक शशिकांत जी महाराज द्वारा रात में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा में मुख्य यजमान स्वर्ण व्यवसाई रामध्यान वर्मा व श्रीमती द्रौपदी देवी है। कलश यात्रा में पंडित मनिंद्र, पांडेय, अजय कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, अनिल वर्मा, रोशन वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित होकर कलश यात्रा को सफल बनाएं।

# दशहरा दंगल का प्रमुख आकर्षण महिला पहलवानों की कुश्ती

अवधनामा संवाददाता



मेले में उमड़ा जनसैलाब



पहलवानों का हाथ मिलवाते अतिथि गण

**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार बाजार का पारंपरिक और ऐतिहासिक दशहरा मेला अपनी भव्यता और प्राचीनता के लिए जहां क्षेत्र भर में प्रसिद्ध है वहीं कुश्ती और विशालकाय रावण के लिए भी जाना जाता है। इस बार दंगल का प्रमुख आकर्षण महिला पहलवानों का प्रदर्शन रहा।

मंगलवार को विकास खण्ड कप्तानगंज के बोदरवार बाजार में अति प्राचीन परंपरागत दशहरा मेले का आयोजन हर साल की भांति इस बार भी किया गया। मेला में रामलीला कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का सजीव मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। मेले में अखिल भारतीय दंगल में पहलवानों ने अपने मलयुद्ध कुश्ती कला का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही बटोरी। पहली बार महिला पहलवानों ने अखाड़े में अपने कला का जौहर दिखाते हुए लोगों को एक संदेश भी दिया कि बेटियां कहीं भी किसी से कम नहीं है। गोपालगंज बिहार की महिला पहलवान आंचल और गोरखपुर की प्रिया, पडरौना की पुष्पा व राजधानी की अनुष्का निषाद ने अपना जौहर दिखाया। पुरुष पहलवानों में नीलकमल यादव सिहोरवां ने सत्य देव मठिया को अरमान माड़ापार ने विष्णु मठिया को मंगरू यादव बोदरवार ने मुनीब वेलवा खुर्द, द्रविण निषाद भैंसहा ने अंकित मठिया को अखाड़े में चित कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। किशन यादव सिहोरवां, लाला पहलवान नईबाजार, मुन्ना मठिया व प्रदीप राजधानी, गुड्डु राजधानी व पिण्टू पहलवान सिहोरवां की कुश्ती बराबरी पर छूटी। **पुलिस रही चौकस :** मेले में पुलिसिया व्यवस्था एस ओ राजकुमार परवार और चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल की अगुवाई में काफी चौकस थी। बैठकी का समय होने के कारण मेले में लाखों की भीड़ पहुंची थीं। इतनी जबरदस्त भीड़ के बाद भी कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली। मेले में खोया पाया केन्द्र भी काफी चर्चा में रहा। मेले के सुरक्षा व्यवस्था में लगे वालंटियर काफी मुस्तैद रहे। कहीं भी कोई बच्चा अपनो से बिछड़ा, उसे तुरंत खोया पाया केन्द्र पर पहुंचाकर उसे अपने परिजनों से मिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आए। **मेला में झूला, चरखी का बच्चे खूब आनंद उठाए:** दंगल में प्रतिभाग करने के लिए गोरखपुर, अयोध्या, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, इलाहाबाद, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, बिहार प्रदेश से आये थे। **मजमा चैलेंज:** मजमा चैलेंज करने वाले पहलवान सिहोरवां के इंद्रजीत यादव से धरमपुर के मेहताब ने बराबरी पर रोककर वाहवाही बटोरी। मजमा चैलेंज कुश्ती का आगाज रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने हाथ मिलवाकर कराया। कुश्ती बराबर पर छूटने के बाद दंगल के समापन की घोषणा कर दी। मेले का सफल आयोजन ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया के देखरेख में संपन्न हुआ। अखाड़े के मंच का संचालन राकेश कुमार मद्धेशिया व नेतृत्व मंतार अली ने किया।

# जिले में हर्षोल्लास से मना अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व दशहरा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में अधर्म पर धर्म की विजय का महापर्व दशहरा मंगलवार को हर्षोल्लास पूर्वक परंपरागत ढंग से मनाया गया। दशहरा के दौरान जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रामलीला कमेटी की ओर से नगर के रामलीला मैदान में मंचन कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित समय पर किया गया। श्री रामलीला का मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो उठे।

पात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम काफी रोचक रहा जिसमें मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच संवाद की भी जमकर सराहना की गई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पात्र ने अद्भुत मंचन किया। रावण का पात्र भी संवाद के लिए जमकर सराहा गया। श्री राम लीला मंचन कार्यक्रम के कलाकारों ने समा बांध दिया। नगर में श्री राम माता सीता लक्ष्मण जी और हनुमान जी को लेकर रथ जब श्री राम लीला मैदान में पहुंचा जयकारे की गूंज सुनाई पड़ी। उधर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हाथों रावण का वध होते ही जय श्री राम के नारों से मैदान गूंज उठा। दसियों हजार दर्शक जय कारे लगाए।उसके पश्चात पुतला दहन हुआ। मंच पर श्री राम सीता और लक्ष्मण सहित राम दरबार की आरती की गई। इस दौरान नगर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मेले में जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात रहा। दशहरा मेले में कहीं-कहीं शरारती तत्व सक्रिय दिखाई पड़े। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भी दशहरा मेले का आयोजन किया गया।

# राज्यमंत्री ने डेंगू से लड़ाई लड़ रहे पीड़ित लोगों से मुलाकात की



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम दशहरा के दिन विधानसभा सलेमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया एवम डेंगू से लड़ाई लड़ रहे पीड़ित लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने नगर पंचायत सलेमपुर, नगर पंचायत मझौलीराज एवम नगर पंचायत लार को फॉगिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। लोगो को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखते ही तुरन्त जांच कराएं। डेंगू का प्रसार रोकने के लिए अपने स्तर पर भी प्रयास करें और कहीं पर भी पानी जमा न होने दें, क्योंकि इसी पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं। उन्होंने बताया साफ-सफाई के साथ एंटीलार्बल स्प्रे, फॉगिंग और डेंगू बचाव के प्रति जागरुकता अभियान आदि चलाए जा रहे हैं। राज्यमंत्री सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अतुल कुमार को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले डेंगू के प्रत्येक संदिग्ध मरीज की समय से जांच कराई जाए और रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि होने पर उसको इलाज मुहैया कराया जाए। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने हरैया सलेमपुर में उमेश गुप्ता के डेंगू से हुए निधन की दुःखद सूचना मिलने के उपरांत उनके आवास पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री ने देवरिया में डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण किया। उक्त अवसर पर त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अजय दूबे वत्स, अमरनाथ सिंह, दिनेश गुप्ता, विजयबहादुर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी परिषद का हर कार्यकर्ता मां भारती का सेवक परिषद ने देश को दिया है नेतृत्व: शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



- बुधवार को परिवेश में छात्र संघ की भूमिका विषय पर हुई युवा संगोष्ठी

**देवरिया।** बलिया के परेड ग्राउंड में यदि शहीद मंगल पांडेय ने गोली चलाई इसलिए हम आजाद हैं। पूर्वांचल ने देश को कई स्वतंत्रता सेनानी दिए हैं। इतिहास गवाह है जब-जब देश में संकट आया, पूर्वांचल ने अपने लाल राष्ट्र को समर्पित किया।


आज इन्ही कार्यो से प्रेरित होकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मां भारती की सेवा कर रही है, परिषद से निकले नेता ही आज भारत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। बुधवार को सबके प्रयास से सबका विकास कार्यालय में आयोजित युवा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बातें मुख्य अतिथि शशांक मणि ने कही। उन्होंने आगे कहा कि एक छात्र नेता समाधान की राजनीति करता है, विद्यार्थी जीवन से ही उन्हें यह सीख मिलती है। गोष्ठी में देवरिया के छात्र नेता सम्मिलित हुए, कार्यक्रम का संचालन शुभम नाथ त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालमुकुंद मिश्रा, करन त्रिपाठी, अंगद यादव, सुजल श्रीवास्तव, रत्नाकर सिंह, अतुल शर्मा, विवेक मिश्रा, मयंक उपाध्याय,प्रिंस चौबे, इशु त्रिपाठी और रूपेश सिंह, चंकी पांडेय, ऋषि तिवारी सहित देवरिया के सैकड़ो युवा उपस्थित थे।

युवा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए छात्र नेता विजय शुक्ला ने कहा कि छात्र नेता ही एक ऐसा नेता होता है कि समाज में फैली हर बुराई का नाश बिना किसी भेदभाव के कर सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक मणि आप सबको सशक्त करने का संकल्प लिए हुए हैं, इनके दिखाए मार्ग पर युवा चलें।

छात्र नेता राधेश्याम शुक्ला ने कहा कि युवाओं को आज जमीनी लड़ाई लड़ने की जरूरत है, सोशल मीडिया के माध्यम से बात रखें लेकिन जमीन पर भी उतरें। शशांक मणि जैसे इमानदार नेताओं को अपना आदर्श बनाकर अपनी राजनीतिक यात्रा आज के युवाओं को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में आए युवाओं में इंजीनियरिंग के छात्र आदित्यनाथ मिश्रा ने कहा कि आज भारत युवाओं का देश है, हमें अपनी शक्ति पहचानने की आवश्यकता है। मैंने शशांक मणि के विजन और मिशन को समझा और उनके सुझाव पर चला। मैं आज आप सबसे यह कह सकता हूं कि मेरा जीवन आज बदल गया है। गोष्ठी में आए छात्र अतुल ने कहा कि सिर्फ चुनाव लड़ना उद्देश्य नहीं होना चाहिए, जनमानस की समस्याओं का समाधान जरूरी है।

# परिषदीय विद्यालयों में अब बच्चों और शिक्षकों की हाजिरी होगी ऑनलाइन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से संचालित परिषदीय विद्यालयों में अब शिक्षक और बच्चों की हाजिरी टैबलेट के माध्यम से ऑनलाइन होगी। शिक्षकों को समय से विद्यालय पहुंचकर टैबलेट के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए बीएससी कार्यालय को 4126 टैबलेट प्राप्त हो गए हैं। जल्द ही इन्हें विद्यालयों में पहुंचा दिए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग में अब शिक्षकों की लेट लतीफी नहीं चल पाएगी। जल्द ही शिक्षकों को टैबलेट दिया जाएगा। इसमें प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से हाजिरी ली जाएगी। विद्यालय के अक्षांश और देशांतर रेखा के अनुसार इन टैबलेट में यू- डायस की फिडिंग की गई है। यदि कोई शिक्षक विद्यालय से बाहर होके सेल्फी अपलोड करेगा, तो पोर्टल उस सेल्फी को नहीं लेगा। इसके साथ ही बच्चों की उपस्थिति भी एमडीएम के अनुसार सेल्फी लेकर अपलोड की जाएगी। इसके साथ-साथ विभाग की तरफ से सभी कार्य भी ऑनलाइन माध्यम से टैबलेट के जरिए किया जाएगा। इस संबंध में बीएसए डॉ. राम जियावन मौर्या ने बताया कि जिले के परिषदीय विद्यालयों के लिए 4126 टैबलेट मिले हैं। इससे शिक्षक और विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करनी है। इसे विद्यालयों में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# चित्र प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के परिसर में सूचना विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उपलब्धियों से संबंधित लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

उन्होंने समस्त जनपद वासियों एवं छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी में आकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं निर्णयों एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह केंद्र तथा प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रदर्शनी है लोग यहां आएं और विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्टार्ट अप मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एक जनपद एक उत्पाद मुख्यमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना खुशहाल किसान उत्तर प्रदेश की पहचान किसानों के साथ खड़ी है सरकार गौवंश की सुरक्षा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के द्वारा युवाओं के सपने साकार स्वरोजगार से नई उड़ान स्वनिधि से सम्मान बेटिया है देश की शान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित व्यक्ति के जीवन के समग्र आयामों से सम्बन्धित चित्र लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में आए हुए लोगों को सूचना विभाग द्वारा मिशन शक्ति से संबंधित प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि उप्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं नीतियों उपलब्धियों महत्वपूर्ण निर्णयों विकास कार्यक्रमो एवं सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास विषयक 03 दिवसीय प्रदर्शनी का अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अवलोकन करें एवं उप्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं उपलब्धियों एवं नीतियों की जानकारी प्राप्त करें।

# शराबी ने मंदिर में खूब मचाया उत्पात पिंडी को किया खंडित, गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र के भैंसहा में प्रसिद्ध काली देवी मंदिर में स्थापित माता की पिंडी को मंगलवार की देर रात गांव के ही एक शरारती युवक ने नशे की हालत में खंडित कर दिया। जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पूरी रात पुलिस आरोपित की तलाश में लगी रही, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। बुधवार को पुजारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे बगल के गांव हनुमानगंज से दबोच लिया। पुलिस की मौजूदगी में पिंडी का निर्माण भी विधि-विधान से कराया गया। मंदिर में जुटे ग्रामीणों को पुलिस ने कार्रवाई की बात बता शांत कराया। भैंसहा के पश्चिम टोला में प्रसिद्ध काली माता का मंदिर है। गांव का ही धर्मा भारती नशे की हालत में मंदिर पहुंचा और वहां के पुजारी से बेवजह झगड़ा करते हुए देवी- देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने लगा। पुजारी द्वारा रोकने पर मारपीट पर उतारू हो गया। मंदिर के पास रखी ईंट से मंदिर की देवी पिंडी को तोड़ दिया और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गया। इसकी सूचना मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। किसी ने इसकी सूचना रात में ही 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचे पुलिस आरोपित की खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बुधवार की सुबह गांव के लोग मंदिर पर इकट्ठा होने लगे। मंदिर के पुजारी बृजभूषण तिवारी ने घटना की लिखित जानकारी खड्डा पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस बगल के गांव हनुमानगंज से आरोपित को दबोचने में सफलता पाई। **क्या कहती है पुलिसः** थानाध्यक्ष खड्डा आशुतोष सिंह ने बताया आरोपित को गिरफ्तार कर पुजारी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की गई है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है, कहीं कोई तनाव नहीं है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि लोगों के सहयोग से पुनः पिंडी का निर्माण कराने के साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय ने जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# फुटबॉलर प्रतीक का भलुअनी में हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**भलुअनी, देवरिया।** जिले के बरहज का लाल प्रतीक मद्धेशिया विदेशी सरजमीं पर फुटबॉल खेलकर बुधवार को भलुअनी होते हुये अपने निवास स्थल बरहज पहुँचा। इस दौरान भलुअनी कस्बे में व्यापार मण्डल अध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान पर फुटबॉलर प्रतीक का व्यापारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बरहज निवासी व्यवसायी राजेश मद्धेशिया के छोटे पुत्र प्रतीक ने जर्मनी के एफसी बार्यन मुनीच फुटबॉल क्लब के लिये भारत की तरफ से खेलते हुए जिले के बरहज सहित पूरे उप्र का गौरव बढ़ाया है। बातचीत के दौरान प्रतीक ने बताया की उनकी इस उपलब्धि में माता पिता व BigHit sportz का काफी योगदान है। प्रतीक की इस उपलब्धि पर व्यापार मण्डल के संरक्षक व पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्त ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुये भविष्य में भारतीय टीम में खेलने की शुभकामनाएं दी। मुख्य संरक्षक भरत वर्मा ने अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते हुये कहा कि प्रतीक ने जर्मनी में फुटबॉल खेलकर हम सभी को गौरवान्वित किया है और उनसे प्रेरित होकर अन्य युवा भी फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में देश का नाम रोशन करेंगें। अध्यक्ष सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, संरक्षक अक्षय गुप्ता, संजय वर्मा, मनोज मद्धेशिया व दिनेश गुप्ता ने माल्यार्पण कर स्वागत करते हुये कहा कि आज एक व्यवसायी का बेटा होते हुये प्रतीक ने फुटबॉल के मैदान में जो धमाल मचाया है वह व्यवसायी समाज के साथ पूरे जिले के लिये हर्ष का विषय है। इस दौरान महासचिव लक्ष्मण वर्मा, मनोज मद्धेशिया, अविनीत शर्मा, उपाध्यक्ष सतीशचन्द वर्मा, मृत्युंजय कुमार, हरिकेश तिवारी, आलोक जायसवाल, लकी गुप्ता, राज मद्धेशिया, सुंदरम वर्मा, सन्दीप गुप्ता, शिवम सोनी, शुभम वर्मा, शैलेष प्रजापति, पंकज गोड़ सहित दर्जनों व्यापारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर प्रतीक का स्वागत किया।

# भव्य समारोह में अमृत कलश यात्रा का होगा ऐतिहासिक स्वागत

- इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम
- राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं माटी गीत से गूंजेगा स्टेडियम
- पंचप्रण की शपथ के साथ होगा पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 12 मार्च 2021 को साबरमती के तट से मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रप्रेम के उद्बोधन से प्रारम्भ हुए महोत्सव का ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के चरम के साथ 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अन्तर्गत 26 अक्टूबर 2023 को इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में अपरान्ह 12:30 बजे विकास खण्डों से जिला मुख्यालय पर आने वाली अमृत कलश यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया जायेगा।

आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' के तहत इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित करने के साथ-साथ संस्कृति विभाग द्वारा चयनित कलाकारों जसबीर सिंह व सुश्री राजकुमारी एण्ड पार्टी द्वारा थारू जनजाति पर आधारित हुरदुग्वा नुत्य के अलावा विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया, कैसरगंज एवं तेजवापुर की कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं माटी गीत प्रस्तुत किये जायेंगे। इस अवसर पर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया जायेगा तथा पंचप्रण की शपथ भी दिलायी जायेगी।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर एकत्र हुए अमृत कलश पुष्प से सजे वाहन (बस) के माध्यम से 27 अक्टूबर 2023 को नोडल अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रत्येक विकास खण्ड/नगर निकाय से 01 व्यक्ति (स्वयंसेवक) प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए रवाना होंगे। डीएम मोनिका रानी ने जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

## जिलाधिकारी ने लाभार्थी को प्रदान किया थ्री व्हीलर विद् आइस बाक्स

**बहराइचर।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत थ्री व्हीलर विद आइसबाक्स वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थी तहसील कैसरगंज अन्तर्गत विकास खण्ड जरवल के ग्राम बेलना पारा निवासी पवन कुमार निषाद को जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में थ्री व्हीलर प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 जितेन्द्र कुमार को निर्देश दिया कि योजना के सफल संचालन हेतु मत्स्य कृषकों को समय-समय पर दी जाने वाली सुविधाओं की निगरानी भी की जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मत्स्य पालकों की आय दोगुनी करने हेतु कटिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की मत्स्य पालकों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों लाभान्वित किया गया। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक नारद लाल राणा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब द्वारा मेले में लगाया गया चिकित्सा शिविर

**सुल्तानपुर।** जनपद की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव में बाध मंडी चौराहे पर रोटरी क्लब ट्रांसगोमती द्वारा निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है।जिसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा किया गया ।क्लब द्वारा विगत कई वर्षो से महोत्सव में आए हुए दर्शनार्थियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवाएं वितरित की जाती है।शिविर में डॉ पवन सिंह,डा मनोज अग्रवाल,डा नीरज, अध्यक्ष अमरजीत सिंह ,संतोष सिंह, आलोक अग्रवाल, राजीव त्रिपाठी, श्याम जी, शैलेंद्र चतुर्वेदी,रितेश भालोठिया, राजेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। सचिव जी पी सिंह ने बताया शिविर पूरे मेले में दर्शनार्थियों की सेवा हेतु अनवरत चलता रहेगा।

## श्रीसिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर विजयादशमी/दशहरा का पर्व बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम परमपूज्य अनंतविभूषित चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि जी महाराज, महंत गंगादास जी महाराज, महंत रामलखनदासजी महाराज के पावन सानिध्य में व मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक व विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, सरदार बी.के.सिंह, अध्यक्ष सरला मुन्ना लाल जैन, अध्यक्ष प्रेस क्लब राजीव बबेले, अशोक पटेरिया, प्रदीप चौबे, कृष्ण कुमार बंसल, राजेश दुबे, भाजपा नगराध्यक्ष मनीष अग्रवाल, हरीशंकर साहू, पार्षद मनमोहन चौबे, नवल किशोर सोनी, उपजिलाधिकारी अमित भारतीय, सीओ सदर अभय नारायण राय उपस्थित रहे। इस दौरान महाराजजी ने कहाकि दशहरा का पर्व प्रभु श्रीराम की विजय का पर्व है। भगवान श्रीराम ने रावण का अंत कर इस धरा से एक असुर का अंत ही नहीं किया था। अपितु मानवता के लिए संदेश दिया था कि जब-जब धरा पर रावण जैसा अत्याचारी का उदय होता है तो उसके विनाश के लिए भगवान स्वयं अवतार लेते हैं। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया और भगवान का विजय तिलक हुआ। इस दौरान अवध बिहारी उपाध्याय, अनूप मोदी, अश्विनी पुरोहित, पूजा कश्यप, राहुल शुक्ला, लखन यादव, शत्रुघ्न यादव, शांतनु पुरोहित, बृजेन्द्र सिंह गौर, डा.विशाल जैन, ध्रुव राजा, प्रदीप शर्मा, संतोष साहू, जगदीश नारायण, गिरीश शर्मा, शुभम पस्तोर, राहुल साहू, मनीष दुबे, सामन्त सिंह, हीरानंद गिरि, राजू विश्वकर्मा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन दिनेश पाठक ने किया।

## नवनिर्मित वृहद गोआश्रय स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत ग्राम अचौलिया में धनराशि रू. 1.20 करोड़ रूपये की लागत से 300 गौवंशों की क्षमता वाले कार्यदायी संस्था पैक्सेफेड द्वारा नवनिर्मित वृहद गोआश्रय स्थल अचौलिया का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर यहॉ पर निर्मित 04 अदद कैटिल शेड, 02 अदद पानी की चरही, 01-01 भूसा गोदाम व कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद को निर्देश दिया कि वृहद गोआश्रय स्थल के स्टीमेट के साथ-साथ सत्यापन से सम्बन्धित अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर शैलेन्द्र कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि गौआश्रय स्थल का समतलीकरण कराकर अविलम्ब गौशालय का संचालन कर यहां पर क्षमता के अनुसार गौवंशों को संरक्षित किया जाय। बीडीओ को यह भी निर्देश दिया गया कि यहां पर निर्मित शेडो की बाउण्ड्रीवाल के लिए प्राक्कलन तैयार कराएं। डीएम ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृहद एवं अस्थायी गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को छाया उपलब्ध कराएं जाने हेतु पाकड, बरगद, नीम, पीपल इत्यादि के पौधे रोपित किए जाए तथा उपलब्ध अवशेष भूमि पर गोवंशों के हरे चारे की बुआई करा दी जाए। वृहद्व गौआश्रय स्थल का निरीक्षण करते समय अचौलिया में ही पूर्व से संचालित अस्थायी गोआश्रय स्थल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को संरक्षित गौवंशों हेतु मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## रावण वध के साथ श्रीरामलीला विश्राम



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के बारहवें दिवस में नारान्तक वध एवं रावण वध (दशहरा) की लीला का आयोजन किया गया। लीला के प्रथम दृश्य में रावण अपने पुत्र नारान्तक को बुलवाता है जो वीहवलपुर का राजा था। रावण उसे युद्ध करने के लिए भेजता है। उधर दूसरी तरफ श्रीराम की सेना में सुग्रीव पुत्र दधीबल जाता है और नारान्तक दधीबल में काफी संवाद के बाद युद्ध होता है। दधीबल नारान्तक का वध कर देता है। लीला के दूसरे दृश्य में लंका नरेश रावण और राम का युद्ध होता है जिसमें राम के बार करने पर रावण को कोई नुकसान नहीं होता है। अंत में विभीषण जी प्रभु श्री राम को बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है जिस कारण रावण नहीं मर सकता है। श्रीराम ने अग्निबाण रावण की नाभि में मारते हैं और रावण मूर्छा खाकर धरती पर गिर जाता है और रावण मरने वाला होता है। तब लीला के तीसरे दृश्य में राम लक्ष्मण को रावण के पास भेजते हैं और कहते हैं कि लक्ष्मण तुम रावण के पास जाओ को क्योंकि दुनिया का ज्ञाता है। इस दुनिया से अब विदा ले रहा है और अपना गुरु बनकर अंतिम उपदेश ग्रहण करो। श्रीराम की आज्ञा मानकर लक्ष्मण जी रावण के पास जाते हैं। रावण के सिर की ओर खड़े हो जाते हैं परंतु रावण कुछ नहीं कहता है। तब लक्ष्मणजी रावण के पास से वापस आ जाते हैं और श्री राम से कहते हैं कि रावण कुछ नहीं बोल रहा है तब प्रभु श्री राम बोले लक्ष्मण तुम रावण के पास गए थे तो कहां पर खड़े थे तब लक्ष्मण जी ने कहा कि मैं रावण के सिर के पास खड़ा था प्रभु श्री राम ने कहा कि अगर हमें गुरु से शिक्षा लेनी है तो हमें उनके चरणों की ओर खड़ा होना चाहिए। लक्ष्मण रावण को अपना गुरु मानकर उनके चरणों की ओर खड़े होकर रावण का अंतिम उपदेश ग्रहण करते हैं। तब रावण लक्ष्मण जी को अपने पास बुलाते हैं और कहते हैं कि लक्ष्मण जी तुम मेरे पास आओ और मुझे अपने धनुष बाण दे दो तो लक्ष्मण जी रावण के लिए अपने धनुष बाण दे देते हैं तब रावण बोलता है कि लक्ष्मण में अब तुम पर यह धनुष बाण चला दूं तो रावण कहता है। मगर में ऐसा नहीं करूंगा हमें अंतिम समय में भी अपने शत्रु के लिए अस्त्र एवं हथियार नहीं देने चाहिए और कभी भी हमें अपने शत्रु को छोटा नहीं समझना चाहिए क्योंकि मैं नर और वानर के लिए छोटा समझता था है।

## खून की कमी से नहीं जाने पाएगी किसी की जान: रिजवी

अवधनामा संवाददाता



**बंधुआकला,सुल्तानपुर।** परोपकाराय सतां विभूतय शास्त्र की उक्ति को चरितार्थ करते हुए बंधुआ कला थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी युवाओं को साथ लेकर अपना खून देखकर लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं। इन्होंने खून देने वाली युवाओं की एक टीम तैयार कर रखी है यह टीम यदि किसी ऐसे ग्रुप के खून की जरूरत होती है जो उनकी टीम के सदस्यों का नहीं होता तो यह इंतजाम भी करते हैं। इनका उद्देश्य है कि खून की कमी से किसी की जान न जाए। उनका कहना है कि किसी भी धर्म या जाति के लोग खून के लिए कभी भी हमसे संपर्क कर सकते हैं। टीम के सक्रिय कार्यकर्ता हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी का कहना है कि हमारा मुख्य लक्ष्य है कि जब भी किसी भी मरीज को चाहे वह किसी भी धर्म से हो अगर उसे खून की जरूरत है तो उसे इस समय बिना किसी शुल्क के खून दिया जाए। उनकी टीम में युवा पुलिसकर्मी के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले अन्य युवा भी शामिल है इनका एकमात्र मकसद अपना खून देकर लोगों की जान बचाना है। कोरोना काल में हेड कांस्टेबल रिजवी सैकड़ो बुजुर्गों व महिलाओं को खून देकर उनकी जान बचाने का काम किया है। रिजवी इन दिनों शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के बावजूद भी उनके प्रयास से प्रदेश में इस समय चल रहे डेंगू बुखार के कहर से उनकी टीम ने सुल्तानपुर जिले के साथ-साथ लखनऊ, गोंडा, बस्ती सिद्धार्थ नगर, अयोध्या में 2 से 19 अक्टूबर तक अभी हाल में ही दर्जनों युवाओं को खून देकर उनकी जान बचाने का काम किया है। हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने सभी युवाओं से अपील की है कि वह भी इस विषम परिस्थिति में पूरी सावधानी बरतते हुए रक्तदान करें जिससे रक्त की कमी न हो।

## दो ब्रह्मचारिणी दीदी ने ली जैनेश्वरी दीक्षा

अवधनामा संवाददाता


**ललितपुर।** नगर की दो व्रहमचारिणी दीदी ने आज आचार्य विवेकसागर महाराज संघस्थ आर्यिका विपुल मति माता जी से चंदेरी चौबीसी जिनालय परिसर में जैनेष्वरी दीक्षा ग्रहण की। वैराग्य के क्षणों के साक्षी बनने के लिए श्रद्धा का सैलाव उमडा और दीक्षार्थियों के पुण्य की अनुमोदना की। सुबह आर्यिका विपुलमति माता एव विमुक्त मति माताजी के ससंघ सानिध्य में ललितपुर नगर की गौरव व्रहमचारिणी विमला देवी लागौन एवं व्रहमचारिणी इमरती देवी कैलवारा ने दीक्षा के लिए श्रीफल अर्पित किया और उपस्थित समाज एवं इश्टजनों से क्षमा याचना की। धार्मिक अनुश्ठान में धर्म के माता पिता बनने का पुर्ण्याजन श्रेयांस जैन, डा.ष्वेता जैन एवं साकेत जैन को मिला। इसके अतिरिक्त परिवारजन राजेष कुमार राकेष कुमार धर्मेन्द्र जैन जितेन्द्र जैन मुच्छड व्रहमचारी निहालचंद जैन, लागौन परिवार कान्तिदेवी राजमति जैन, अनीता जैन, कमलेष जैन उदयचंद जैन, सुरेश चंद बडैरा, प्रेमचंद जैन फरीदावाद, शिखरचंद जैन त्रिलोकचंद जैन राजेन्द्रकुमार जैन कैलवारा परिवार ने नवदीक्षित आर्यिका माता जी एवं क्षुल्लिका माता जी को कमण्डलु, पिच्छिका, षास्त्र आदि समर्पित करने का सौभाग्य मिला।

## मर्दन सिंह जू देव के जन्मोत्सव पर निकलेंगी विशाल शोभायात्रा

**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र सिंह परमार की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार में चुनाव प्रभारी गोपाल सिंह चौहान गुडडे राजा बार एवं यशपाल सिंह परिहार की देख रेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। सदस्यता के अनुसार सभी पदों पर चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें सभी पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए।

सर्वसम्मति से संरक्षक शेर सिंह पवार, अध्यक्ष अजीत सिंह पंवार बिरधा एवं महामंत्री सत्यपाल सिंह परमार सतरवास सर्व सम्मति से चुने गए। इसके बाद युवा ब्लॉक कार्यकरणी का चुनाव हुआ। जिसमें रामप्रताप सिंह बुन्देला अध्यक्ष एवं जितेन्द्र सिंह पवार महामंत्री सर्व सम्मति से चुने गए।

## युवा भाजपा नेता पुलकित सिंह ने सुनी समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के पुत्र पुलकित सिंह आज भी कृषि विज्ञान केंद्र स्थित आवास पर क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी साथ ही पिता विनोद सिंह के जरिए निस्तारण का आश्वासन दिया। यहां के बाद पुलकित क्षेत्र के लिए रवाना हुए। शुरुवात के एन आई कस्बा से हुई, जहां कस्बे में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे गोलाघाट पहुंचे और मूर्ति पर मत्था टेका। इसके बाद पुलकित गोसाईगंज बाजार में राजेश मोदनवाल के संयोजन में, ओदरा में सोहन लाल निषाद (मंडल उपाध्यक्ष) की अगुवाई में धरौली में सुमन राव कोरी (क्षेत्रीय मंत्री काशी प्रांत) पप्पू यादव परऊपुर में देवी प्रतिमाओं के पंडाल पर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही पुलकित ने लोहरामऊ बाजार, कस्बा, वलीपुर, गोसाईगंज सहित गणेशपुर कैथोली में आयोजित भंडारे में शामिल हो प्रसाद ग्रहण किया इन सभी कार्यक्रमों में मौजूद अलहादादपुर ,पूर्व प्रधान दया राम,बीडीसी, मंडल महामंत्री अशोक वर्मा, राममिलन मौर्य, सुभाष वर्मा, पार्टी के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–आक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के KEA & RMBG स्टेशन पर General Minor Unit (GMU) की स्थापना एवं संचालन हेतु ई–आक्शन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 06.11.23 समय 13:00 बजे एवं बंद होने की तिथि दिनांक 06.11.23 समय 13:40 (KEA)/13:40 सम्बन्धित लाट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। ई आक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through online payment mode किया जाएगा। www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ई आक्शन सूचना संख्या प्लेटफार्म सं0, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है। **ई आक्शन सूचना सं0 :** Cat-LJN-GMU-01 **स्टेशन :** कटरा **प्लेटफार्म सं0 :** 01 **लोकेशन :** प्लेटफार्म सं0–1 पर स्टाल न0 01 जी0एम0यू **कैटेगरी :** सामान्य **आक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय :** दिनांक 06.11.23 समय 13:40 **ई–आक्शन सूचनाई आक्शन सूचना सं0 :** Cat-LJN-GMU-01 **स्टेशन :** रामघाट **प्लेटफार्म सं0 :** 01 **लोकेशन :** सर्कुलटिंग एरिया में सं0–1 पर स्टाल न0 01 जी0एम0यू **कैटेगरी :** सामान्य **आक्शन/ लॉट बन्द होने की तिथि व समय :** दिनांक 06.11.23 समय 13:30

मण्डल रेल प्रबंधक (वा.) लखनऊ

मुजाधि/वा0–157

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/हजरतगंज लखनऊ, द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | 1117 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे लखनऊ दिनांक 20.10.2023 |
| 2. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल विद्युत अभियंता/सा०/वाराणसी के प्राधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वाराणसी, प्रयाग, जौनपुर, सुल्तानपुर के विभिन्न स्थानों पर सौर उर्जा संयंत्र का प्रावधान। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू0 1,77,25,078/– (एक करोड़ सतहत्तर लाख पच्चीस हजार अठहत्तर रुपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रू0 2,38,700/– (दो लाख अड़तीस हजार सात सो रुपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 17.11.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में । |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | योग्यतामान दण्ड | केवल वही निविदाकर्ता योग्य होंगे जो योग्यता मानदण्ड को पूरा करते हों। |
| 9(a). | तकनीकी योग्यता मानदण्ड | निविदाकर्ता के पास राज्य सरकार द्वारा जारी फर्म के नाम से वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेन्स होना चाहिए तथा फर्म अपने आफर के साथ विद्युत लाइसेन्स के सभी विवरण संलग्न करें । |
| 9(b). | तकनीकी योग्यता मानदण्ड Similar nature of work | इस निविदा के लिए तकनीकी पात्रता मानदंड के निर्धारण के लिए केवल निम्नलिखित कार्य को समान कार्य माना जाएगा। निविदाकर्ता भौतिक रूप से निविदा खोलने की तारीख के पिछले 07 (सात) वित्तीय वर्षो और निविदा खुलने वाले माह से पिछले माह की अंतिम तिथि तक के लिए यानी पात्रता अवधि में निम्नलिखित कार्य पूर्ण या पर्याप्त रूप से पूर्ण होने चाहिए: i. तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 30% के बराबर राशि से कम न हो, अथवा ii. दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 40% के बराबर राशि से कम न हो, अथवा iii. एक समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य का 60% के बराबर राशि से कम न हो |
| 9(c). | Definition of Similar nature of work | इस निविदा हेतु केवल निम्नलिखित कार्य को तकनीकी योग्यता मानदड के अंतर्गत समान प्रकृति का कार्य माना जाएगा।। **Design, Supply, Installation, Testing and Commissioning of Solar Power Plant or Solar Hybrid System of 50 KWp or above with or without AMC** |
| 9(d). | वित्तीय योग्यता मानदंड | The tenderer must have minimum average annual contractual turnover of V/N or 'V' whichever is less; where V= Advertised value of the tender in crores of Rupees N= Number of years prescribed for completion of work for which bids have been invited. The average annual contractual turnover shall be calculated as an average of "total contractual payments" in the previous three financial years, as per the audited balance sheet. However, in case balance sheet of the previous year is yet to be prepared/ audited, the audited balance sheet of the fourth previous year shall be considered for calculating average annual contractual turnover. The tenderers shall submit requisite information as per Annexure-VIIB, along with copies of Audited Balance Sheets duly certified by the Chartered Accountant/ Certificate from Chartered Accountant duly supported by Audited Balance Sheet. |

सं०:–1117–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे लखनऊ
दिनांक: 20.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3325/23



## कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक-531/न0पं0धौ/15वाँ वि0आ0-रा0वि0आ0/ई-निविदा/2023-24, दिनांक 25 अक्टूबर, 2023

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत धौरहरा को 15वॉ वित्त आयोग व राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण/विकास कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से दिनांक 16.11.2023 को समय अपराह्न 04:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक 26.10.2023 से 16.11.2023 को समय अपराह्न 04:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते हैं, तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 17.11.2023 को समय अपराह्न 04:00 बजे टेन्डर कमेटी द्वारा खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।

| क्रम सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य (GST सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15वॉ वित्त आयोग | रामवाटिका धाम स्थित पंचायत भवन में डीप ट्यूबवेल निर्माण कार्य। | 752400 | 75240 | 1180 | 01 माह |
| 02 | राज्य वित्त आयोग | सरोजिनी नगर में सी.सी. रोड से पावर हाउस तक नाली निर्माण कार्य। | 114365 | 11437 | 590 | 01 माह |
| 03 | राज्य वित्त आयोग | अमृतपुरम में बाजार ग्राउन्ड के अन्दर विनोद तिवारी की दुकान से मुकेश की दुकान तक नाली निर्माण कार्य। | 134809 | 13481 | 590 | 01 माह |
| 04 | राज्य वित्त आयोग | आदर्श नगर में इरफान के मकान से नईम के मकान तक नाली/इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 507916 | 50792 | 590 | 01 माह |
| 05 | राज्य वित्त आयोग | जवाहर नगर में अलीम खां के मकान से मौजीदास के मकान तक नाली मरम्मत/इण्टरलाकिंग रोड मरम्मत कार्य। | 369982 | 36998 | 590 | 01 माह |
| 06 | राज्य वित्त आयोग | फतेह नगर में जाफर साई के घर से हारून शाह के घर तक नाली/इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 1376426 | 137643 | 1770 | 01 माह |
| 07 | राज्य वित्त आयोग | राम वाटिका धाम में राजकुमारी के घर से मजीद के घर तक नाली/इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 306370 | 30637 | 590 | 01 माह |
| 08 | राज्य वित्त आयोग | मोहल्ला सरोजिनी नगर में धौरहरा-सिसैया मार्ग पर स्थित सार्वजनिक भूमि पर बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 706847 | 70684 | 1180 | 01 माह |

### निविदा की अन्य नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

01. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा मूल्य व 10 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद कार्यालय में अथवा इण्डियन बैंक, धौरहरा में नगर पंचायत धौरहरा के नाम से संचालित खाता संख्या-21617264550 IFSC CODàß IDIB000D622 में जमा करा कर चालान/रसीद की हार्ड कापी कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
02. निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी निविदा शुल्क, निविदा के साथ निर्धारित जमानत धनराशि नकद जमा करनें की रसीद/प्रमाण की प्रति, एवं समस्त टेक्निकल डाक्यूमेन्ट टी-4 व टी-5 एवं जी.एसटी. प्रमाण-पत्र सहित निर्धारित दिनांक 17.11.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक नगर पंचायत धौरहरा में जमा किये जा सकते हैं।
03. निविदादाता को100 रूपया के स्टाम्प पेपर पर स्व घोषणा-पत्र (टी-6) संलग्न करना अनिवार्य है।
04. निविदा के साथ 10 रूपया के स्टाम्प पर इस आशय का शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा कि पूर्व में जारी कार्यादेश का कार्य निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है तथा कोई भी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण करने हेतु अवशेष नहीं है।
05. निविदादाता की पंजीकरण व हैसियत की सीमा निदेशक स्थानीय निकाय के पत्र संख्या-तक0सेल/07/निदे0/2019, दिनांक 28.06.2019 के अनुसार होनी चाहिए।
06. निकाय में अपंजीकृत निविदादाता की निविदा न्यूनतम दर पर प्राप्त होनें की दशा में निदेशालय के पत्र संख्या-एक/706/कम्प्यू0सेल/2019, दिनांक 06.11.2019 के अनुसार नगर पंचायत धौरहरा के नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
07. 10 प्रतिशत से कम दर पर प्राप्त होनें वाली निविदाओं में शासनादेश संख्या-8/2017/836/23-7-17-176(सा.)/06, दिनांक 08.06.2017 व शासनादेश संख्या-622/23-12-2012-2/आडिट/08 टी.सी.-2, लो.नि.वि.-12, दिनांक 08.06.2012 में प्राप्त निर्देशों का पालन किया जायेगा।
08. निर्माण कार्य प्राक्कलन में निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों व निर्धारित आगणन/डिजाइन के अनुसार कराया जाना होगा, निर्धारित समय के अन्दर तथा आगणन में दिये गये मानक के अनुरूप कार्य न करनें अथवा विलम्ब की दशा में ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती/निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
09. निर्माण कार्य निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों/अवर अभियन्ता नगर पंचायत की देखरेख एवं उनके निर्देशानुसार कराना होगा, कार्य के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिलनें पर जांचोपरान्त कार्य मानक के अनुसार नहीं पाए जानें पर अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी को ठेका निरस्त करनें/निर्माण कार्य में कमी की क्षतिपूर्ति की राशि बिल से कटौती करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
10. यदि उपरोक्त कार्यो पर शासन/जिला/नगर पंचायत स्तर पर पृथक से कोई संशोधन आदेश जारी किया जाता है तो उक्त आदेश का अनुपालन निविदादाता/ठेकेदार को करना होगा अन्यथा की स्थिति में दण्डात्मक (जमानत धनराशि जब्ती/निविदा निरस्त) कार्यवाही की जायेगी।
11. निविदा को किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताये स्वीकृत एवं अस्वीकृत करनें का अधिकार सक्षम अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगर पंचायत धौरहरा में निहित होगा।
12. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करनें का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
13. अधिक जानकरी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
14. निविदादाता को सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. अन्य नियम/शर्तें व आगणन-प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा से प्राप्त किये जा सकते हैं।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

# जन स्वास्थ्य की रक्षा को डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने किया संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हास्पिटल का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन वाली केंद्र व प्रदेश सरकार जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए संवेदनशील और पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए चलाई जा रही योजनाओं को यदि आम जन तक पहुंचा दिया जाए तो कोई व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में दम नहीं तोड़ेगा। सीएम योगी ने यह बातें बुधवार को तारामंडल क्षेत्र में संगम सुपर स्पेशियलिटी आई हास्पिटल का उद्घाटन करते हुए कहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना जरूरतमंद लोगों की चिकित्सा सहायता में बेहद कारगर साबित हो रही है। इस योजना में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी कारण से जो लोग योजना के दायरे में नहीं आ सके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री राहत कोष तथा विधायक निधि से धन उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी को बेहतर उपचार की सुविधा मिल रही है।

### गोरखपुर स्वास्थ्य सेवाओं का नया हब

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर स्वास्थ्य सेवा का नया हब बन चुका है। छह वर्ष पहले यहां का इकलौता बीआरडी मेडिकल कालेज बीमार था। आज वहां सुपर स्पेशियलिटी शुरू होने के साथ अनेक संभावनाएं बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोरखपुर में एम्स का उद्घाटन कर चुके हैं। वर्ष 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र 12 मेडिकल कालेज थे, आज सभी 75 जिलों में मेडिकल कालेज बन चुके हैं या बन रहे हैं। तराई, बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए गोरखपुर पर निर्भर हैं, इसलिए यहां ऐसे केंद्र की स्थापना करने की जरूरत है जो उनकी जरूरतें पूरी कर सके। इसमें निजी क्षेत्र का भी योगदान हो। इसमें सरकार व निजी क्षेत्र दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा किदिल्ली के आरपीआई इंस्टीट्यूट की तरह यहां भी आंख का एक बड़ा केंद्र निजी क्षेत्र को विकसित करना चाहिए। जिसे सभी नेत्र रोग विशेषज्ञ मिलकर संचालित करें। जिसके पास आंखें नहीं उसके लिए सब व्यर्थ है। पहले 40 वर्ष के बाद महिलाओं की आंखें खराब हो जाती थीं, क्योंकि वे चूल्हे पर खाना बनाती थीं। उज्वला योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने सभी को गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया है। स्वास्थ्य के प्रति हम जितने जागरूक होंगे, उतने लंबे समय तक समाज व राष्ट्र की सेवा कर सकेंगे।



उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी को मजबूती से अपनाते हुए, टाटा मोटर्स ने एक दिन में 111 नए इलेक्ट्रिक वाहन वितरित किए। यह उपलब्धि लखनऊ में मजबूत चैनल पार्टनर नेटवर्क की मदद से हासिल की गई, जिसमें एसआरएम मोटर्स, पुनीत ऑटो सेल्स और गोल्डरश सेल्स एंड सर्विसेज शामिल हैं। वितरण समारोह मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। तस्वीर में श्री पाठक बिल्कुल नई Tata Nexon.ev को डिलीवरी के लिए हरी झंडी दिखाते हुए।

# त्यौहार और मेला है हमारी सांस्कृतिक धरोहर: नन्दी

अवधनामा ब्यूरो

मंत्री नन्दी और पूर्व महापौर ने प्रयागराज के ऐतिहासिक दशहरा मेला में आए लोगों का प्रदेश सरकार की ओर से किया स्वागत एवं अभिनन्दन




**लखनऊ।** प्रयागराज का ऐतिहासिक एवं विश्व प्रसिद्ध दशहरा मेला मंगलवार को आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जनपदों के साथ ही अन्य राज्यों से आए लाखों लोगों की भीड़ के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ पूरी रात भ्रमण कर मेले में आए लोगों का प्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि अद्भुत श्रृंगार, भव्य विद्युतीय सजावट, जड़ाऊ चौकियों एवं रामदल के कारण प्रयागराज का दशहरा मेला विश्व प्रसिद्ध है। त्यौहार, पर्व और मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इस धरोहर व विरासत को संरक्षित रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पजावा एवं पथरचट्टी रामलीला कमेटी की भव्य चौकियां जब नकास कोहना व बतासा मंडी से निकलकर चौक क्षेत्र में आमने-सामने आती हैं तो उस समय का दृश्य अत्यंत भव्य और अद्भुत होता है।

# वाटरलाइन डालने में लापरवाह कम्पनी पर ठोका 10 लाख का जुर्माना

## एडीएम नामामि गंगे और जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता पर भी कार्रवाई की तैयारी, लापरवाही पर जवाबतलब

- शिकायत मिलने पर प्रमुख सचिव नमामि गंगे ने मौके से मंगाई रिपोर्ट, दो गांव में वाटर लाइन डालने में की गई थी लेटलतीफी
- अन्य जिलों में काम कर रही कार्यदायी संस्थाओं को भी लापरवाही बरतने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी
- नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने लापरवाह कम्पनी को सात दिनों के अंदर महोबा के दोनों गांव में वाटर लाइन बिछाने का काम पूरा करने के दिये निर्देश



अवधनामा ब्यूरो


**लखनऊ/महोबा।** बुंदेलखंड के महोबा में वाटरलाइन डालने में की गई लापरवाही कार्यदायी संस्था व अफसरों पर भारी पड़ गई। जल जीवन मिशन के तहत महोबा में वाटरलाइन डालने का कार्य कर रही कम्पनी सीनसीज टेक लिमिटेड पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने 10 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। जिले के दो गांवों में वाटरलाइन डालने में लेटलतीफी की गाज जिले के एडीएम नमामि गंगे और जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता पर भी गिरी है। दोनों अधिकारियों को कार्रवाई के दायरे में लाते हुए जवाबतलब किया गया है। पूरे मामले पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने विभाग के आला अफसरों से रिपोर्ट मांगी है।

बुंदेलखंड के महोबा जिले में हर घर जल योजना का लक्ष्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। यहां ग्रामीणों को नल से जल पहुंचाने का 97.50 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। यूपी में महोबा जिला सर्वाधिक नल कनेक्शन देने में पहले स्थान पर है। इस बीच पिछले सप्ताह समीक्षा के दौरान महोबा के कबरई विकाखंड के अलीपुर और सुखौरा गांव में वाटरलाइन नहीं होने की शिकायत मिली। पूरे मामले पर तत्काल एक्शन लेते हुए नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने अलीपुर और सुखौरा गांव से रिपोर्ट तलब की। कार्यदायी कम्पनी के लेटलतीफ वाटरलाइन डालने की रिपोर्ट सामने आई, जिसपर कार्रवाई करते हुए राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज यादव ने सीनसीज टेक लिमिटेड पर 10 लाख का जुर्माना ठोकने के साथ अगले सात दिनों के अंदर गांव में वाटर लाइन बिछाने का काम पूरा करने के निर्देश दिये।

# शाहनवाज ने बरकतुल्लाह खान की तस्वीर पर किया माल्यार्पण

- पूर्व मुख्यमंत्री बरकतुल्लाह खान की जयंती पर कर्मचारियों को मिला प्रशस्ति पत्र

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री बरकतुल्लाह खान की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने विभिन्न जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने बरकतुल्लाह खान की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शाहनवाज आलम ने कहा कि स्वर्गीय बरकतुल्लाह खान ने जुलाई 1971 से अक्टूबर 1973 अपनी मृत्यु तक के कार्यकाल में कई प्रशासनिक सुधार किये। उनके समय की ब्यूरोक्रेसी अपनी पारदर्शिता के लिए याद की जाती है। इसीलिए उनकी जयंती पर हर जिले में अल्पसंख्यक कांग्रेस की तरफ से 25 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को विभाग ने उनके घर जाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री आलम ने कहा कि राजस्थान में मुस्लिम आबादी सिर्फ साढ़े 9 प्रतिशत है, लेकिन कांग्रेस ने वहां भी एक मुस्लिम को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे 20 प्रतिशत आबादी वाले राज्य में पिछले 30 साल से मुसलमानों का वोट लेने वाली गैर कांग्रेसी पार्टियों ने कभी मुस्लिम उपमुख्यमंत्री तक नहीं बनाया। श्री आलम ने कहा कि प्रदेश का मुस्लिम समुदाय 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दूसरे समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिला कर मेहनत कर रहा है। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव अनिल यादव, शमीम खान, कांग्रेस सेवादल के मध्य जोन अध्यक्ष राजेश सिंह काली, मनोज यादव, फौजी विपिन गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 229 गांव चयनित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रामीण होम स्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता शीघ्र आयोजित की जायेगी।

इसके लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार सर्वश्रेष्ठ होम स्टे चयन करने की तैयारी कर रहा है। होम स्टे के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं पर्यटकों को देश की गौरवशाली संस्कृति, रहन सहन, खानपान, जीवनशैली, भेष भूषा, स्थानीय परम्पराओं आदि के बारे में करीब से जानने का अवसर प्राप्त होगा। ग्रामीण पर्यटन से ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और वैकल्पिक ढांचागत विकास के अवसर खुलेंगे। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। जिसमें से सर्वश्रेष्ठ 5 होमस्टे को विभिन्न श्रेणियों के तहत भारत के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे के रूप में मान्यता दी जाएगी। होमस्टे के माध्यम से पर्यटकों को स्टैंडर्ड और प्रामाणिक स्थानीय सुविधाओं के साथ गांव की अनोखी जीवनशैली को करीब से जानने का मौका मिलेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता मुख्यतः तीन चरणों जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

### विशाल लोधी ओबीसी महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता विशाल लोधी राजपूत एडवोकेट को ओबीसी महासभा युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ओबीसी महासभा ने राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को विस्तार देते हुए विशाल लोधी को ओबीसी महासभा युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर विभिन्न जनपदों के पिछड़ा वर्ग नेताओं ने बधाई दी है। विशाल लोधी प्रदेश में जातीय जनगणना को लेकर आंदोलन करते रहे हैं।

### मीराबाई जयन्ती पर विभूतियां होंगी सम्मानित

**लखनऊ।** मीराबाई जयन्ती पर भजन गायिका डॉ.सरोजिनी सक्सेना समेत सात विभूतियां सम्मानित होंगी। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा दिये जाने वाले मीराबाई सम्मानों की घोषणा बुधवार को लोक चौपाल की चौधरी संगीत विदुषी प्रो.कमला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में की गई। यह सम्मान आगामी 29 अक्टूबर को निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस में मीराबाई जयन्ती पर आयोजित बसो मोरे नैनन में नंदलाल विषयक संगोष्ठी के दौरान दिये जायेंगे। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित का व्याख्यान भी होगा। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2023 का मीराबाई लोक संगीत सम्मान वरिष्ठ लोक गायिका इन्दु सारस्वत, डॉ.सरोजिनी सक्सेना, रेखा अग्रवाल, आभा शुक्ला, सरिता अग्रवाल, रश्मि उपाध्याय को तथा मीराबाई युवा संगीत साधक सम्मान अन्तरा भट्टाचार्य को दिया जायेगा।

# राजकीय अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा दिसम्बर, 2023 को होगी आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

- परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राजकीय अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु जूनियर हाईस्कूल/हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2023-24 दिनांक 06, 07 एवं 08 दिसम्बर, 2023 को आयोजित होगी। परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 निर्धारित की गयी है। परीक्षा में भाग लेने हेतु अर्हताएं भी निर्धारित की गई हैं। समस्त राजकीय तथा नियमो से स्थानीय निकायों से अधिकारी/कर्मचारी पात्र होंगे। हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं। जूनियर हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू बैकलिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह है।

सचिव, परीक्षा नियामक अधिकारी उ0प्र0 प्रयागराज से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, निशातगंज लखनऊ, राजकीय इण्टर कालेज, मुरादाबाद, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा बनाए गए हैं। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार जूनियर हाईस्कूल स्तर की परीक्षा हेतु प्रथम प्रश्न पत्र 06 दिसम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र अपराह्न 01:00 बजे से 03:00 बजे तक आयोजित होगा। हाईस्कूल स्तर की परीक्षा हेतु प्रथम प्रश्न पत्र दिनांक 06 दिसम्बर प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र अपराह्न 02:00 बजे से 04:00 बजे तक होगा। मौखिक परीक्षा दिनांक 08 दिसम्बर को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित की जायेगी।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सादे आवेदन पत्र एवं नियमादि, उत्तर प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों के पास प्रेषित कर दिए गए तथा कार्यालय की वेबसाइट www.examregulatryauth.up.in पर उपलब्ध है।

### हाथरस में गो संरक्षण केन्द्र निर्माण हेतु 80 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना को गति देने के लिए हाथरस की सादाबाद तहसील के मिढ़ावली में गोसंरक्षण केन्द्र के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए स्वीकृत की गयी है। इस संबंध में पशुधन विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्र के लिए जारी धनराशि को नियम संगत व्यय, व्यय विवरण, उपयोगिता प्रमाण पत्र और भौतिक प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक, प्रशासन और विकास पशुपालन विभाग का होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग की ओर से आहरित कर सीधे संबंधित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराई जाएगी।

# लखनऊ मेट्रो और शालीमार गेटवे मॉल के बीच समझौता हस्ताक्षर

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन यात्रियों की किफायती मेट्रो यात्रा सुविधा प्रदान करने के साथ साथ अन्य आकर्षक लाभ भी यात्रियों को मुहैया कराता रहा है। लखनऊ मेट्रो और शालीमार गेटवे मॉल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। शालीमार गेटवे मॉल आलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन से फुट ओवर ब्रिज के माध्यम से सीधे कनेक्ट है। इस त्योहार पर मेट्रो यात्री एमओयू का लाभ उठा कर शालीमार गेटवे मॉल में अपने गो स्मार्ट से शॉपिंग पर आकर्षक छूट के साथ फ्री पार्किंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। शालीमार गेटवे मॉल में लखनऊ मेट्रो गो स्मार्ट पर यात्रियों को जो विशेष लाभ मिलेगा उसमें 699 की शॉपिंग करने पर 100 रुपये की छूट, 999 की शॉपिंग करने पर 220 रुपये छूट, 1499 की शॉपिंग करने पर 350 की छूट के साथ साथ 500 की शॉपिंग करने पर एक घंटे की फ्री पार्किंग मिलेगी। शालीमार गेटवे मॉल लखनऊ मेट्रो के आलमबाग बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन से सीधे कनेक्टेड है। इस मेट्रो स्टेशन से सीधे मॉल में प्रवेश की सुविधा है। यूपीएमआरसी आने वाले दिनों में इसी प्रकार के कई और समझौतों पर हस्ताक्षर करने की तैयारी में है जहां गो.स्मार्ट कार्ड के जरिए यात्रियों को किफायती सफर के साथ कई संस्थानों में भारी छूट हासिल हो सके। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यूपीएमआरसी का हमेशा अपने यात्रियों को सुविधाजनक और सुगम यात्रा मुहैया कराना लक्ष्य रहता है।

# बिना एचएसआरपी वाले माल वाहनों पर हो सख्त कार्रवाई

- सरकार की मंशानुरूप सभी फील्ड अधिकारी ऐसे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें: दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सड़क पर बिना एचएसआरपी के चलने वाले माल वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बिना एचएसआरपी, गलत नम्बर प्लेट/धूंधला नम्बर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों से राजस्व की हानि व संसाधनों का दुरूपयोग हो रहा। लगातार चेकिंग अभियान के बावजूद प्रदेश में बिना एचएसआरपी वाले माल वाहनों की संख्या मात्र 22.5 प्रतिशत है। यह स्थिति चिन्ताजनक है।

इस सम्बंध में परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन आयुक्त ने सभी एआरटीओ (प्रवर्तन) व पीटीओ को प्रतिमाह क्रमशः 600 व 400 माल वाहनों का चालान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ऐसे वाह जो बिना एचएसआरपी चलाते हुए पकड़े जायें, के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश परिवहन आयुक्त ने दिये हैं। परिवहन आयुक्त ने बताया कि वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाये जाने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी, 2023 तक थी। इस तिथि के बीते 06 माह से अधिक हो चुके हैं। बावजूद अधिक संख्या में वाहन बिना एचएसआरपी के चलने की शिकायतें प्राप्त हो रही है।

# टिकट बुकिंग क्यू आर कोड द्वारा हुआ आसान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे में अनारक्षित टिकटों को यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से टिकट बुक करने की सुविधा को अब स्टेशनों पर लगे क्यू आर कोड को स्कैन के जरिये और अधिक समय की बचत एवं सुविधाजनक बनाया गया है। प्रथम चरण में उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के 15 स्टेशनों पर क्यू आर कोड स्कैन की सुविधा प्रदान की गई है। उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के 15 स्टेशनों पर प्रथम चरण में क्यू आर कोड के माध्यम से स्कैन की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा फिलहाल लखनऊ, वाराणसी जंक्शन, अकबरपुर, अयोध्या जंक्शन, अयोध्या कैंट, जंघई, जौनपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, उन्नाव, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज संगम, रायबरेली, शाहगंज, सुलतानपुर एवं लोहता स्टेशन पर है। भविष्य में मण्डल के अन्य स्टेशनों पर यह सुविधा जल्द ही प्रदान की जायेगी। मोबाइल फोन के जरिये इस एप के माध्यम से टिकट बुक करने के अनेक लाभ रहते हैं। जिसमें सबसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर्स पर यात्रियों को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। जिससे उनके समय की बचत एवं भीड़ से बचाव होता है। इस एप के आर.वॉलेट का रिचार्ज करने पर तीन प्रतिशत का बोनस भी प्राप्त होता है। क्यू आर कोड का उपयोग करने के लिए सबसे पहले प्रारंभिक रेलवे स्टेशन यात्रा आरम्भ करने वाला रेलवे स्टेशन पर लगाये गये क्यूआर कोड को उपयोगकर्ता की ओर से स्कैन किया जाना है। एक बार स्कैन करने के बादए गंतव्य स्टेशन का विवरण दर्ज किया जा सकता है और रेलवे वॉलेट, यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से तुरंत भुगतान किया जा सकता है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप ऐंड्रॉयड के लिए गूगल प्ले और आईफोन के लिए ऐप स्टोर पर उपलब्ध है। सबसे पहले गूगल प्लेस्टोर ऐप स्टोर से यूटीएस ऑन ऐप डाउनलोड करें। उसके बाद अपना नाम, मोबाइल नंबर, कोई भी सरकारी आईडी कार्ड का नम्बर दर्ज करें, रजिस्ट्रेशन के बाद मोबाइल पर आये ओटीपी दर्ज करके साइन अप करें, ऐसा करने के बाद आईडी और पासवर्ड आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर आ जायेगा, अब यूटीएस ऐप लॉग इन कर टिकट बुक कर सकते हैं।




### अब मोबादल पर मिलेगी पार्सल की लाइव लोकेशन

**लखनऊ।** ट्रेनों से बुक होकर जाने वाले पार्सल की अब लाइव लोकेशन उपभोक्ता के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर मिलेगी। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से लखनऊ और छपरा मंडल में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इससे पार्सल बुक कराने के बाद कब और कहां पहुंचा, इसकी जानकारी उपभोक्ता को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर मिलती रहेगी।

### इस दीपावली सफर हो सकता है मुश्किल

**लखनऊ।** दीपावली पर इस बार घर पहुंचना काफी मुश्किल भरा हो सकता है। रेलवे की ओर से चलाई गई दीपावली और छठ पर नियमित और पूजा स्पेशल ट्रेनों में सीटे फुल हो चुकी हैं। यात्रियों के बीच सबसे ज्यादा मारामारी दिल्ली, पंजाब, मुम्बई, और राजस्थान व बिहार से लखनऊ की ओर से आने वाली ट्रेनों में है। 8 और 9 नवम्बर को यात्रियों के लिए किसी भी श्रेणी में सीट खाली नहीं है। दीपावली और छठ के आसपास वेटिंग दो सौ के ऊपर पहुंच चुकी है। दीपावली और छठ पर हमेशा लोग घर आकर परिवार के साथ पर्व मनाना चाहते हैं। मगर उनकी उम्मीदों पर ट्रेनों की फुल सीटें पानी फेर देती हैं। सीटों की सबसे ज्यादा मांग मुम्बई और दिल्ली से बिहार रूट की है। इस रूट पर पांच जोड़ी पूजा स्टेशल ट्रेनें चलाई गई और पूर्व में चल रही ट्रेनों की तारीखों को बढ़ाया गया। इसके बावजूद नियमित व पूजा स्टेशल ट्रेनें फुल होने के बाद साप्ताहिक और त्रिसाप्ताहिक ट्रेनों में वेटिंग सौ के पार पहुंच गई है। नियमित ट्रेनों का और बुरा हाल है। आठ नवम्बर को ग्वालियर से लखनऊ के लिए बरौनी एक्सप्रेस में 253 और नौ नवम्बर को वेटिंग 213 तक पहुंच चुकी है। ऐसे में यात्रियों के पास तत्काल कोटे का सहारा बचा है। जिसमें पांच हजार सीटें मिलती हैं। तत्काल का कोटा यात्रा की तिथि से एक दिन पहले ही खुलता है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक अभी यात्रियों की सुविधा के लिए और भी स्पेशल ट्रेनों को चलाया जा सकता है।